रांची एवं डालटनगंज (मेदिनीनगर) से एक साथ प्रकाशित

₹71,800 10 ग्राम
₹93,000 01 किलो
सेंसेक्स 79,802.79 +759.05
डॉलर 84.607 +0.134

ईश्वर में हमारा विश्वास

# राष्ट्रीय नवीन मेल

सत्यमेव जयते

हर पक्ष की खबर | हर पक्ष पर नजर

मार्गशीर्ष कृष्ण पक्ष 30, संवत 2081 | रांची, रविवार, 01 दिसंबर 2024, वर्ष-25, अंक- 296, पृष्ठ-12 ₹3.00 रजिस्ट्रेशन नं: BIHHIN/1999/155 www.rastriyanaveenmail.com



पेज-10 जय शाह वैश्विक संस्था के प्रमुख...

## पलामू के बालिका गृह में बच्चियों से यौन शोषण

# सुपरिटेंडेंट व महिला काउंसलर हिरासत में

नवीन मेल डेस्क

**पलामू।** बालिका गृह में नाबालिग बच्चियों को रखकर उनका संरक्षण करना है लेकिन पलामू जिले के मेदिनीनगर के सुदना में संचालित संस्थान में यौन शोषण का मामला सामने आया है। वर्तमान में इस बालिका गृह में 28 बच्चियां रह रही हैं। मामले में शिकायत के बाद शनिवार को एएसपी राकेश कुमार की जांच में पुष्टि होने पर एफआईआर दर्ज करने का निर्देश दिया गया है। सुपरिटेंडेंट राम प्रताप गुप्ता (72) और एक महिला काउंसलर को हिरासत में ले लिया गया है। घटना की सूचना मिलते ही एएसपी राकेश कुमार सिंह के नेतृत्व में महिला थाना प्रभारी रूपा बाखला और अन्य महिला अधिकारियों की एक टीम बालिका गृह पहुंची। जांच के दौरान पीड़ित नाबालिग ने महिला पुलिस अधिकारियों के समक्ष घटना के बारे में बयान दिया। एएसपी राकेश सिंह ने घटना की पुष्टि करते हुए बताया कि जांच में बच्चियों से यौन शोषण की बात सही साबित हुई है। इसमें काउंसलर की भी भूमिका सामने आई है। फिलहाल सुपरिटेंडेंट और महिला काउंसलर पर एफआईआर दर्ज कर कार्रवाई की जाएगी। दरअसल, शुक्रवार को मानवाधिकार संगठन की एक टीम अध्यक्ष संध्या सिंह के नेतृत्व में बालिका गृह की व्यवस्था को देखने गयी थी। टीम में सचिव सह वार्ड 33 की प्रथम पार्षद चंचला देवी, सहायक सचिव किरण कुमारी एवं को-ऑर्डिनेटर शिला कुजूर भी थीं। इस क्रम में बच्चियों ने यौन शोषण की बात बताई।

**28** बच्चियां रह रहती हैं बालिका गृह में, दो बच्चियों ने सुपरिटेंडेंट पर लगाया आरोप

एक के साथ सुपरिटेंडेंट ने दीपावली-छठ के बीच दो बार घर ले जाकर बनाया शारीरिक संबंध

बालिका गृह से बाहर निकलने के लिए अधिकारियों को खुश करने की शर्त रखी गई

बालिका गृह की अन्य बच्चियों की तरह दोनों बच्चियां सुपरिटेंडेंट को दादाजी कहती थीं



### सुपरिटेंडेंट पर बच्चियों ने लगाया आरोप

बच्चियों के मुताबिक, आरोपित राम प्रताप गुप्ता का घर बालिका गृह के पास में ही बैंक कॉलोनी में है। एक बच्ची ने कहा कि दीपावली से छठ के बीच दो बार राम प्रताप उसे अपने घर ले गए। इसी दौरान उन्होंने बच्ची के साथ शारीरिक संबंध बनाया। दूसरी बच्ची ने कहा कि उसके साथ भी सुपरिटेंडेंट ने गलत करने का प्रयास किया था। दोनों बच्चियां सुपरिटेंडेंट को दादाजी कहकर बुलाते थे। बालिका गृह में बच्चियों के साथ यौन शोषण का मामला सामने आते ही पुलिस ने इसे गंभीरता से लिया। पूछताछ में पुलिस को लड़कियों ने शनिवार को बताया कि बालिका गृह से बाहर निकलने के लिए उनके सामने अधिकारियों को खुश करने की शर्त रखी गई थी। जांच में यह भी पता लगा है कि बालिका गृह की एक महिला कर्मी ने लड़कियों की कुछ फोटो भी लिए हैं और किसी को भेजे हैं। इस घटना ने प्रशासनिक महकमे में हड़कंप मचा दी है। इस संबंध में पक्ष लेने के लिए समाज कल्याण पदाधिकारी नीता चौहान से संपर्क साधा गया लेकिन उन्होंने इस संबंध में कोई जवाब नहीं दिया। जिले के उपायुक्त भी पत्रकारों को जवाब देने से दूरी बनाए रखे।




# सीएम से लोगों के मिलने का क्रम जारी, मंत्रिमंडल गठन पर अटकलें

## प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष केशव महतो कमलेश ने भी की सीएम से मुलाकात

नवीन मेल डेस्क

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से आम व विशिष्ट लोगों के मुलाकात का सिलसिला शनिवार को भी जारी रहा।



कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष केशव महतो कमलेश, विधायक राधाकृष्ण किशोर, विधायक हफीजुल हसन अंसारी, विधायक राजेश कच्छप व पूर्व विधायक जलेश्वर महतो ने भी मुख्यमंत्री से मुलाकात की। कई अधिकारियों ने भी मुख्यमंत्री आवासीय कार्यालय में उनसे मुलाकात की। इसमें प्रधान सचिव राहुल पुरवार, एडीजी प्रिया दुबे, एडीजी टी कांडासामी, डीआईजी कार्मिक नौशाद आलम और एसपी रामगढ़ अजय कुमार आदि शामिल हैं। कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष केशव महतो कमलेश की मुख्यमंत्री से मुलाकात को खास माना जा रहा है। वैसे औपचारिक रूप से इसकी कोई जानकारी नहीं दी गई है।

शेष पेज 11 पर

## भाकपा माले हेमंत सरकार में नहीं होगी शामिल : दीपांकर

### कहा, अभी हमारे पास पर्याप्त संख्या नहीं, बाहर से देंगे समर्थन

**रांची।** भाकपा माले के राष्ट्रीय महासचिव दीपांकर भट्टाचार्य ने शनिवार को रांची में कहा कि हमारे विधायक हेमंत सरकार में शामिल नहीं होंगे हम सरकार को बाहर से समर्थन देंगे। उन्होंने कहा कि फिलहाल हमारे विधायकों की संख्या इतनी नहीं है कि हम सरकार में शामिल हों। जब 8-10 सीट जीतेंगे, तब सोचेंगे। दीपांकर भट्टाचार्य हाल में संपन्न झारखंड विधानसभा चुनाव के नतीजों की समीक्षा और इंडिया गठबंधन की नई सरकार में शामिल होने या नहीं होने को लेकर पार्टी की स्टैंडिंग कमेटी की बैठक में शामिल होने के बाद पत्रकार वार्ता में बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि भाजपा द्वारा इतना जहरीला चुनाव अभियान कभी नहीं देखा। इसका जवाब झारखंड की जनता ने दिया है। जब उनसे पूछा गया कि सरकार में खुद से शामिल नहीं हो रहे हैं या कोई दबाव है। इसपर उन्होंने शालिनता से कहा




हमारे विधायक जब बढ़ेंगे, तब इस विषय पर सोचेंगे। दीपांकर भट्टाचार्य ने कहा कि पार्टी 26 जनवरी 2025 तक संविधान संकल्प यात्रा निकालेगी और वामपंथी आंदोलन को तेज किया जाएगा। पार्टी अदाणी मामले, संभल और अजमेरशरीफ की घटना का भी विरोध करेगी। उन्होंने कहा कि माले का शिष्टमंडल संभल जाकर वहां की घटना का जायजा लेगी।

शेष पेज 11 पर

### माले दबाव बनाएगी, हर गारंटी को पूरा करे सरकार

जब उनसे पूछा गया कि जनता ने भारी बहुमत से दोबारा झामुमो के नेतृत्व वाली इंडिया गठबंधन की सरकार को मौका दिया है। वहीं, पिछले पांच वर्षों में झारखंड सरकार के कई वादे अधूरे रह गए हैं। इसपर क्या कहेंगे। दीपांकर भट्टाचार्य ने कहा कि जैसे ही सरकार सत्ता में आई, कोरोना बीमारी ने पैर पसार लिया। उसके बाद सरकार को जांच एजेंसियों का कहर झेलना पड़ा। इस कारण सरकार जनता के लिए बहुत कुछ नहीं कर पाई, लेकिन अबकी बार सारे वादे पूरे करेगी। और, सरकार पर माले की ओर से दबाव बनाया जाएगा कि हर गारंटी को पूरा करे।


# जेबीवीएनएल ने दिया बिजली बिल में 30 प्रतिशत वृद्धि का प्रस्ताव

## पहले भी खारिज हो चुका है ऐसा ही प्रस्ताव

- विधानसभा चुनाव के पहले झारखंड सरकार ने राज्य में 200 यूनिट तक की बिजली मुफ्त कर दी थी

नवीन मेल संवाददाता

**रांची ।** झारखंड बिजली वितरण निगम लिमिटेड (जेबीवीएनएल) ने वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए 30 प्रतिशत तक बिजली टैरिफ बढ़ाने का प्रस्ताव दिया है। अगर यह प्रस्ताव पारित हो जाता है तो राज्य में घरेलू बिजली में प्रति यूनिट 2.00 की बढ़ोतरी हो जायेगी। जिस बिजली के लिए झारखंड के शहरी उपभोक्ताओं को अभी 6.85 देने पड़ रहे हैं, टैरिफ में बढ़ोतरी होने के बाद 8.85 देने पड़ेंगे। यानी एक ओर जहां अनेकों बिजली उपभोक्ताओं पर बिजली बिल का कोई बोझ नहीं है, वहीं दूसरी ओर यह बोझ अन्य उपभोक्ताओं पर शिफ्ट होने वाला है। इसके लिए झारखंड राज्य विद्युत नियामक आयोग के पास टैरिफ पिटीशन दाखिल की गयी है। अंतिम रूप से टैरिफ की घोषणा जून 2025 तक होने की संभावना है। ऐसा ही प्रस्ताव जेबीवीएनएल ने पहले भी दिया था लेकिन झारखंड स्टेट इलेक्ट्रिसिटी रेगुलेटरी कमीशन ने बिजली की दरें बढ़ाने से जुड़े प्रस्ताव को खारिज कर दिया था। कमीशन का कहना था कि एक साल में राज्य में बिजली की सप्लाई और इन्फ्रास्ट्रक्चर में कोई उल्लेखनीय सुधार नहीं हुआ है, जिससे कीमतें बढ़ाने का प्रस्ताव उचित नहीं है। बता दें कि विधानसभा चुनाव के पहले झारखंड सरकार ने राज्य में 200 यूनिट तक की बिजली मुफ्त कर दी थी। इसके अलावा इनकम टैक्स के दायरे से बाहर राज्य के 39 लाख 44 हजार 389 उपभोक्ताओं के पुराने बकाया बिजली बिल भी माफ कर दिए थे। इन पर करीब 3,584 करोड़ बिजली बिल बकाया चला आ रहा था।




## केंद्र ने राज्यों लिखा पत्र, कहा-

# राज्य सर्पदंश के मामलों को अधिसूचित बीमारी घोषित करें

एजेंसी

**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार ने सभी राज्यों से आग्रह किया है कि वे सर्पदंश को अधिसूचित बीमारी घोषित करें। इस संबंध में केंद्रीय स्वास्थ्य सचिव पुण्या सलिल श्रीवास्तव ने सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को भेजे गए पत्र में कहा है कि सभी स्वास्थ्य केंद्रों को इस तरह के मामलों और मौतों की जानकारी देना अनिवार्य करें। उन्होंने अपने पत्र में लिखा कि सर्पदंश सार्वजनिक स्वास्थ्य का मुद्दा है और कुछ मामलों में यह मौत, बीमारी या अपंगता के रूप में देखने को मिलती है। राज्यों को चाहिए कि वे अपने सार्वजनिक स्वास्थ्य कानूनों या अन्य लागू कानूनों की संबंधित धाराओं के अंतर्गत सर्पदंश को अधिसूचित बीमारी घोषित करें। इसके साथ सभी सरकारी और निजी स्वास्थ्य केंद्रों व मेडिकल कालेजों के लिए ऐसे किसी भी संदिग्ध मामले या मौत की जानकारी की सूचना को भी अनिवार्य करें।

शेष पेज 11 पर

# चाईबासा में सुरक्षाबलों ने पीएलएफआई के एरिया कमांडर लंबू को किया ढेर

नवीन मेल संवाददाता

**पश्चिमी सिंहभूम।** पश्चिमी सिंहभूम (चाईबासा) में सुरक्षाबलों ने नक्सलियों से मुठभेड़ में पीएलएफआई के एरिया कमांडर लंबू को मार गिराया है। टेबो थाना क्षेत्र अंतर्गत तोमरोंग गांव के जंगल में शनिवार को चाईबासा पुलिस और नक्सलियों के बीच मुठभेड़ हुई। इस मुठभेड़ में पीएलएफआई के एरिया कमांडर लंबू मारा गया है। एसपी आशुतोष शेखर को गुप्त सूचना मिली थी कि पीएलएफआई का दस्ता तोमरोंग गांव के जंगल में आया हुआ है। नक्सली किसी बड़ी घटना को अंजाम देने के फिराक में बैठक कर रहे हैं। इसके बाद सुरक्षाबल के साथ जवान मौके पर पहुंचे और उनकी घेराबंदी शुरू कर दी। इसी दौरान नक्सलियों की नजर जवानों पर पड़ी और उन्होंने फायरिंग शुरू कर दी। जवानों ने भी जवाबी कार्रवाई में फायरिंग की और एरिया कमांडर लंबू को मार गिराया। घटनास्थल से दो पिस्टल बरामद हुए हैं। पूरे इलाके में सर्च अभियान जारी है।



# मनरेगा घोटाला मामले में बर्खास्त राम बिनोद को पांच साल की सजा

नवीन मेल संवाददाता

**रांची।** खूंटी मनरेगा घोटाला मामले में बर्खास्त जूनियर इंजीनियर राम बिनोद सिन्हा को एक मामले में रांची के एसीबी के विशेष कोर्ट ने शनिवार को पांच साल की सजा सुनाई है। साथ ही उसपर पांच लाख रुपये का जुमार्ना भी लगाया है। दरअसल, यह मामला 12 योजनाओं के मद से 88 लाख की अवैध निकासी से जुड़ा है। राम बिनोद सिन्हा के खिलाफ एंटी करप्शन ब्यूरो (एसीबी) ने 17 केस दर्ज की थी। इसमें से तीन मामले में फैसला आ चुका है। बाकी 14 केस पीएमएलए की विशेष कोर्ट में ट्रांसफर हो चुका है। खूंटी जिला परिषद में पदस्थापित रहते हुए करोड़ो की अवैध संपति अर्जित करने का उसपर आरोप है। 18.76 करोड़ से अधिक का फजीर्वाड़ा का उसपर आरोप है। एसीबी की दबिश बढ़ने पर दो साल से राम बिनोद सिन्हा फरार चल रहा था। 18 जून, 2020 को कोलकाता से उसे गिरफ्तार किया गया था। मामले को लेकर एसीबी ने साल 2017 में अनुसंधान शुरू की थी। इसी मामले में निलंबित आईएएस पूजा सिंघल की मुश्किलें भी बढ़ीं हैं।




# नाबालिग से दुष्कर्म के दोषी को 20 वर्ष का सश्रम कारावास

**कोडरमा।** अपर जिला और सत्र न्यायाधीश प्रथम सह स्पेशल पोक्सो के न्यायाधीश गुलाम हैदर की अदालत ने शनिवार को नाबालिग को बहला- फुसलाकर ले जाने और जबरन दुष्कर्म करने के मामले में आरोपित फरमान खान को दोषी पाया और सजा सुनायाहै। अदालत ने दोषी को 20 वर्ष सश्रम कारावास की सजा सुनाई। साथ ही 10 हजार जुमार्ना लगाया। जुमार्ना की राशि नहीं देने पर एक वर्ष अतिरिक्त सजा काटनी होगी। नाबालिग लड़की की मां के लिखित आवेदन पर जयनगर थाना में कांड संख्या 115/2022 दर्ज किया गया था।

इंडिया

# आत्महत्या पलायन है और हमारा मानव जीवन अमूल्य



सुनील बादल
कार्यकारी संपादक

झारखंड की एक मां ने इसलिए अत्महत्या कर ली क्योंकि उन्हें चार बेटियां ही थीं जिसके ताने सुनने से मौत बेहतर लगी। देश के साथ झारखंड में भी आत्महत्या एक बड़ी घटना नहीं रह गई है क्योंकि आज के वैश्विक मीडिया के युग में हर दिन आत्महत्या की खबर कहीं न कहीं की होती है जो चिंताजनक है क्योंकि हर समाचार हमारे अमूल्य मानव संसाधन का नुकसान है । देश अगर आगे बढ़ रहा है झारखंड भी आगे बढ़ा है तो आत्महत्याएँ क्यों हो रहीं हैं ? 2019 में एक वैश्विक रिपोर्ट के अनुसार, 77% से अधिक आत्महत्या की घटनाएँ निम्न और मध्यम आय वाले देशों में हुईं। भारत में, 2014-2021 के दौरान किए गए एक अध्ययन रिपोर्ट के अनुसार, 2014 की तुलना में, अध्ययन के अंत (2021) में आत्महत्या करने वाले अधिकांश लोग वृद्धावस्था के लोग (60 वर्ष से ऊपर; पुरुष 54.7%; महिलाः 33.6%) और उभरती हुई वयस्कता (18-29 वर्ष के बीच; पुरुष 38.8%; महिलाः 6.1%) थे, जहाँ वैवाहिक विवाद या असफलता कारक था । अविवाहित लोगों (पुरुष 51.7%; महिलाः 23.2%) ने वर्तमान में विवाहित लोगों (पुरुष 35.7%; महिला 6.0%) की तुलना में आत्महत्या के अधिक मामले दर्ज किए गए । 2014 और 2021 के बीच पुरुषों (दैनिक वेतन भोगियों) में आत्महत्या से होने वाली मौतों में 170.7% की वृद्धि हुई, जिसके परिणामस्वरूप 2021 में पुरुषों के लिए आत्महत्या मृत्यु दर 34.6 और महिलाओं के लिए 13.1 रही।एनसीआरबी के आंकड़े बताते हैं कि मैट्रिक तक पढ़ाई करनेवाले सबसे अधिक आत्महत्या करते हैं। आत्महत्या करनेवालों में करीब 24 फीसदी इसी श्रेणी के होते हैं। यह समय पढ़ाई और काम के दबाव का होता है। लोगों में पढ़ाई और नौकरी मिलने का दबाव होता है। 2022 में एक अन्य शोध अध्ययन में बताया गया कि सात आत्महत्या रोकथाम कार्यक्रमों ने आत्महत्या की दर को प्रभावी ढंग से कम किया। सबसे अधिक आत्महत्याएँ उतराखंड 82.8% में थीं जबकि झारखंड 30.5% में थीं । इस वर्ष 2024 विश्व आत्महत्या रोकथाम दिवस की थीम " आत्महत्या के कथन में बदलाव " है, जो कि " बातचीत शुरू करें " कार्रवाई के आह्वान के साथ एक त्रिवार्षिक थीम (2024-2026) तक चलेगी । यह थीम आत्महत्या को रोकने के लिए कलंक को कम करने और खुली बातचीत को प्रोत्साहित करने के महत्व के बारे में जागरूकता बढ़ाने पर केंद्रित है। मनोवैज्ञानिक डॉ भूमिका सच्चर का कहना है कि ज्यादातर आत्महत्या का कारण डिप्रेशन होता है। जबकि कोई भी परेशानी कुछ समय या कुछ दिनों के लिए आती है और कोई न कोई रास्ता निकल जाता है। अगर कोई बार-बार नकारात्मक बातें करे, तो उनको के समझाने के साथ मनोचिकित्सक से सलाह लेने में संकोच नहीं करनी चाहिए । छोटे होते परिवारों में व्यस्तता के कारण समझने की फुर्सत किसी को नहीं होती जबकि संयुक्त परिवारों में दादी चाची ये भूमिका निभाती थीं । हताशा के बड़े कारणों की बात करें तो पाएंगे कि कहीं न कहीं दिखावा भरी जिंदगी, स्वयं का सही आकलन नहीं करना और असंभव लक्ष्य की प्राप्ति जैसे कारण संपन्न परिवारों के होते हैं जबकि पारिवारिक उलझनें, प्रेम में धोखा, अवैध संबंध और लगातार असफलता जैसे कारण कॉमन हैं जो सभी में लागू होते हैं जबकि रोज कमाने खाने वाले या निम्न मध्यमवर्गीय परिवारों में शहर कमाने जाने वाले पुरुषों का अपने परिवार का ध्यान न रखना पत्नी को छोड़ देना या पड़ोसी या गाँव वालों की प्रताड़ना जैसे कारण होते हैं जो पंचायत स्तर या थाने के स्तर पर नहीं सुलझाए जाने के कारण आत्महत्या तक पहुंच जाते हैं । सरकारें विकास के जो भी दावे करें पर आत्महत्या उनकी विफलता का प्रतीक है । समाज में आर्थिक भेदभाव का मूल कारण राजनैतिक है । वोट बैंक के लिए समाज के कुछ लोगों को योजनाओं में प्राथमिकता से लेकर उनके कुकृत्य तक की अनदेखी और पुलिस या प्रशासन का भेदभाव भरा रवैया इसके मूल में होता है । आत्महत्या करने वाला कोई भी नागरिक यदि अपने अमूल्य जीवन को व्यर्थ और मृत्यु को ही शांति का मार्ग मान ले तो यह समाज,सरकार और सिस्टम के लिए शर्म और आत्मचिंतन का विषय है । कोई अपना इलाज नहीं करा पा रहा, कोई लाचार महिला अपने बच्चों के साथ कुएं में कूदकर जान दे रही है, कोई युवा नौकरी या असफलता से हताश होकर ट्रेन के आगे कूद रहा है,प्रेम में असफल हो रहा है या महिला पारिवारिक प्रताड़ना से परेशान होकर फांसी लगा रही है या कोई बुजुर्ग जहर खा रहा है तो हम सभी दोषी हैं जो मूक दर्शक बने हुए हैं । इसके मूल में जो कारण हैं उन्हें दूर करना जरूरी है । इसके लिए परामर्श का नंबर 104 भी है जिसपर 24 घंटे बात की जा सकती है । यदि कोई निराश है तो उसे सांत्वना देकर या मनोचिकित्सक से परमर्श दिलाकर हम भी एक जान बचा सकते हैं ।समाज के साथ सरकार की भी ज़िम्मेदारी है कि वह इसके मूल कारण को दूर करे।



# अरविंद केजरीवाल पर युवक ने स्प्रीट फेंका

- सौरभ भारद्वाज ने दावा किया कि उस युवक ने स्प्रिट फेंका था और उसका इरादा आग लगाने का था

एजेंसी

**नई दिल्ली।** आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक और दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल पर शनिवार को पदयात्रा के दौरान एक युवक ने स्प्रिट फेंका। बताया जा रहा है कि स्प्रीट केजरीवाल के कपड़ों पर पड़ा, तब तक उनके साथ चल रहे सुरक्षाकर्मियों ने युवक को पकड़ लिया। इस घटना को लेकर आम आदमी पार्टी के सभी नेताओं ने सोशल मीडिया के जरिए सुरक्षा-व्यवस्था को लेकर केंद्र सरकार पर हल्ला बोल दिया है। जानकारी के मुताबिक, शनिवार को ग्रेटर कैलाश विधानसभा के सावित्री नगर इलाके में अरविंद केजरीवाल पद यात्रा निकाल रहे थे। आसपास भारी भीड़ थी। लोग उनसे हाथ मिलाने का लगातार प्रयास कर रहे थे। इसी दौरान एक युवक ने बिल्कुल करीब आकर उनके कपड़ों पर कुछ फेंका। उसे तुरंत वहां मौजूद सुरक्षाकर्मियों ने पकड़ लिया। केजरीवाल के साथ मौजूद सौरभ भारद्वाज ने बताया, जब उस आदमी ने कुछ फेंका तो मैं उनके साथ मौजूद था। मेरी जैकेट पर भी कुछ गिरा है और जैकेट गीली हुई है। सौरभ भारद्वाज ने दावा किया कि शेष पेज 11 पर



### बैठक में हारे हुए उम्मीदवारों से वन-टू-वन लिया गया फीडबैक

# प्रदेश भाजपा ने की विस चुनाव में हार की समीक्षा

*अंदरूनी कलह और भीतरघात की बातें भी आई सामने*



**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** प्रदेश भाजपा शनिवार से हार के कारणों की समीक्षा में जुट गई है। यह सिलसिला रविवार तक जारी रहेगा। हार के कारणों में अंदरूनी कलह और भीतरघात की बातें सामने आई हैं। भाजपा प्रदेश कार्यालय में समीक्षा के दौरान राष्ट्रीय महासचिव (संगठन) बीएल संतोष, प्रदेश प्रभारी लक्ष्मीकांत वाजपेयी, क्षेत्रीय संगठन महामंत्री नागेंद्र त्रिपाठी, प्रदेश संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह, प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी, कार्यकारी अध्यक्ष रवींद्र राय के अलावा भाजपा के सभी प्रत्याशी एवं सभी जिला अध्यक्ष मौजूद थे। जानकारी के अनुसार, समीक्षा बैठक में भाजपा उम्मीदवारों ने हार की वजह बताई। कई उम्मीदवारों ने कहा कि मंईयां योजना के प्रति जनता का आकर्षण रहा। अंतिम समय में मंईयां योजना के तहत राशि बांटी गई। कई उम्मीदवारों ने चुनाव के दौरान हुई खामियों पर भी जमकर भड़ास निकाली। अंदरूनी कलह को प्रमुख कारण बताया गया। कई उम्मीदवारों ने कहा कि हमें फिर से संगठन के कार्यों में लगे रहना है। हारे हुए उम्मीदवारों से वन टू वन फीडबैक भी लिया गया, जिससे पार्टी यह भी पता करेगी कि कहां चूक हुई। कहां मिस मैनेजमेंट हुआ। सांगठनिक स्तर पर भी चूक के कारणों का पता लगाया जाएगा। समीक्षा बैठक पूरी होने के बाद जो बातें सामने निकल कर आएंगे, उसे आलाकमान को अवगत कराया जाएगा। इसकी रिपोर्ट सौंपी जाएगी। जानकारी के अनुसार, झारखंड में दो दिन की बैठक के बाद तीन दिसंबर को दिल्ली में बैठक होगी। यह बैठक कई मायनों में अहम होगा। इसी बैठक में हार के कारणों की रिपोर्ट सौंपी जाएगी। इसके आधार पर संगठन के आगे की रूप-रेखा तय की जाएगी।



*सीएम हेमंत सोरेन से शनिवार को कांके रोड रांची स्थित मुख्यमंत्री आवासीय कार्यालय में प्रधान सचिव राहुल पुरवार, एडीजी प्रिया दुबे, एडीजी टी कांडासामी, डीआईजी कार्मिक नौशाद आलम व एसपी रामगढ़ अजय कुमार ने शिष्टाचार मुलाकात की।*

## युवती को शादी की नीयत से भगाने का आरोपी बरी

**रांची।** सिविल कोर्ट रांची के प्रधान न्यायायुक्त दिवाकर पांडेय की अदालत ने शनिवार को युवती को बहला-फुलसाकर शादी करने की नीयत से भगा लेने के मामले में ट्रायल फेस कर रहे आरोपित श्याम महली को साक्ष्य के अभाव में बरी कर दिया है। घटना को लेकर युवती के पिता ने 27 जनवरी, 2023 को पिठोरिया थाने में आरोपित के खिलाफ नामजद प्राथमिकी दर्ज कराई थी। इसमें कहा गया था कि 27 जनवरी, 2023 को शाम करीब सात बजे घर लौटा, तो उसने पाया कि घर पर ताला लगा हुआ है। जब उसने आसपास पूछताछ की तो पता चला कि उसकी बेटी को श्याम महली बहला-फुलसा कर ले भागा है।

## बाबूलाल ने सीएम से आलू ट्रकों को रोकने के मामले को सुलझाने का किया आग्रह

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** पश्चिम बंगाल सरकार द्वारा आलू के ट्रक झारखंड आने से रोकने पर भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से आग्रह किया है कि तत्काल पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी से बातकर इस मामले को सुलझाएं।

मरांडी ने सोशल मीडिया हैंडल 'एक्स' पर कहा कि पश्चिम बंगाल सरकार द्वारा आलू के ट्रक को झारखंड आने से रोकने के निर्णय ने रोजमर्रा की जिंदगी में महंगाई की चिंता बढ़ा दी है। बंगाल से आलू लेकर झारखंड आ रहे सैकड़ों ट्रकों को वापस लौटाया जा रहा है। सब्जी मंडियों में भी महज कुछ दिनों का ही स्टॉक बचा हुआ है। आवक कम होने के कारण आलू की कीमतें आसमान छूती जा रही हैं और आमजनों के रसोई से आलू गायब होती जा रही है। हेमंत सोरेन ममता बनर्जी से वार्ता कर इस समस्या का निदान करें और झारखंड में आलू की पर्याप्त आपूर्ति सुनिश्चित करें, ताकि राज्यवासियों को बढ़ती महंगाई से राहत मिल सके।



*बंगाल से आलू लेकर झारखंड आ रहे सैकड़ों ट्रकों को वापस लौटाया जा रहा है*

### मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से मिले प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष, दी बधाई

# घोषणापत्र की सातों गारंटी को पूरा करेगी सरकार : केशव महतो

**कमलेश ने कहा**

- जनता के भरोसे पर हम खरा उतरेंगे
- अगले 5 वर्षों में बदलेंगे विकास के मायने

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** झारखंड में आईएनडीआईए को प्रचंड जनादेश प्राप्त होने के बाद राज्य के 14वें मुख्यमंत्री के रूप में हेमंत सोरेन ने विगत गुरुवार को शपथ ली। शनिवार को प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष केशव महतो कमलेश मुख्यमंत्री आवास पर हेमंत सोरेन से मिले और उन्हें बधाई दी। इस अवसर पर प्रेस को संबोधित करते हुए केशव महतो कमलेश ने कहा कि गठबंधन को अपना अपार समर्थन देकर जनता ने सरकार के विकास कार्यों पर मुहर लगा दी है। झारखंड की जनता ने साफ कर दिया है कि यहां बांटने की राजनीति नहीं चलेगी, बल्कि विकास झारखंड की प्राथमिकता है। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष केशव महतो कमलेश ने प्रचंड बहुमत देने के लिए जनता का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि झारखंड ने अपने सम्मान की रक्षा की। जनता ने लगातार दूसरी बार महागठबंधन पर अपना भरोसा जताया है और इस भरोसे पर हम खरा उतरेंगे। हमारे द्वारा शुरू किए गए जनकल्याणकारी कार्यों को गति प्रदान की जाएगी। घोषणा पत्र में शामिल सात गारंटियों को पूरा किया जाएगा। अगले पांच वर्षों में विकास के मायने बदलेंगे, विकास की एक लंबी लकीर झारखंड में खींची जाएगी। इस चुनाव में धन बल पर जनबल की जीत हुई है। मौके पर रवींद्र सिंह, जलेश्वर महतो, रियाज अहमद भी मौजूद थे।



## न्यूज | बॉक्स

### मारपीट कर गंभीर रूप से जख्मी करने के एक ही परिवार के आठ आरोपी बरी

**रांची।** सिविल कोर्ट रांची की न्यायिक दंडाधिकारी इला कंडपाल की अदालत ने शनिवार को आयरन रॉड से मारकर गंभीर रूप से जख्मी कर देने के मामले में एक ही परिवार के आठ आरोपितों को साक्ष्य के अभाव में बरी कर दिया है। अदालत ने डोरंडा थाना क्षेत्र के गांधी नगर हिनू निवासी स्व. राज कुमार साव के एक बेटा राहुल कुमार एवं छह बेटियां सरिका कुमारी, बबीता कुमारी, सुनिता कुमारी, अनिता कुमारी, तनु कुमारी उर्फ जानवी कुमारी, खुशी कुमारी एवं उनकी पत्नी प्रमिला देवी को बरी किया। इन सभी के खिलाफ डोरंडा के बिरसा चौक निवासी प्रीति देवी ने मारपीट का आरोप लगाते हुए चार सितंबर, 2021 को प्राथमिकी दर्ज कराई थी। इसमें कहा गया था कि सभी आरोपितों ने घर में घुस कर मेरे पति को आयरन रॉड से मार कर जख्मी कर दिया था। लेकिन, अदालत में गवाही के दौरान एक भी गवाह केस साबित करने के लिए नहीं पहुंचा।

### जैक मैट्रिक परीक्षा के लिए आवेदन शुरू




**रांची।** झारखंड में जैक की मैट्रिक की परीक्षा का आयोजन फरवरी माह में होता है। इस बार भी यह परीक्षा इसी माह के अंतिम सप्ताह में आयोजित होगी। इसके लिए शनिवार (30 नवंबर) से मैट्रिक का फॉर्म जमा होना शुरू हो गया। यह प्रक्रिया 14 दिसंबर तक चलेगी। परीक्षार्थी अपना आवेदन बगैर किसी विलंब शुल्क के इस अवधि के दौरान जमा कर सकते हैं। झारखंड एकेडिमिक काउंसिल (जैक) ने इस संबंध में पत्र जारी कर दिया है। जारी पत्र के अनुसार परीक्षार्थी अपना आवेदन विलंब शुल्क के साथ 15 से 21 दिसंबर के बीच जमा कर सकते हैं। जैक द्वारा जारी पत्र के अनुसार बिना विलंब शुल्क के जमा आवेदन को जिला शिक्षा पदाधिकारी (डीईओ) 17 दिसंबर तक सत्यापित करेंगे। वहीं, विलंब शुल्क के साथ आए आवेदन का सत्यापन 23 दिसंबर तक होगा। वहीं, वर्ष 2024 के इंप्रूवमेंट परीक्षा के लिए भी आवेदन शनिवार से ही जमा होना शुरू हुआ है। परीक्षार्थी अपना आवेदन आयोग की आधिकारिक वेबसाइट डब्ल्यूडब्ल्यूडब्ल्यू. जेएसी. जेएचएआरकेएचएएनडी. जीओवी. आईएन के माध्यम से जमा कर सकते हैं। झारखंड में बोर्ड परीक्षा का आयोजन हर साल फरवरी माह में होता है, जो कि मार्च के अंतिम सप्ताह तक चलता है। इस बार भी परीक्षा का आयोजन इसी माह में होगा। पहली शिफ्ट में 10वीं की परीक्षा होगी, वहीं दूसरी शिफ्ट में 12वीं की परीक्षा होगी। छात्र 14 दिसंबर तक बिना विलंब शुल्क के रजिस्ट्रेशन करा सकते हैं।

### सीसीएल में सेवानिवृत्त कर्मियों को दी गई भावभीनी विदाई




**रांची।** सेंट्रल कोलफील्ड्स लिमिटेड (सीसीएल) मुख्यालय, रांची के विभिन्न विभागों में कार्यरत कुल 6 कर्मियों को सीसीएल परिवार की ओर से शनिवार को सम्मान समारोह का आयोजन कर उनके सेवानिवृत्ति पर उन्हें भावभीनी विदाई दी गई। ज्ञात हो कि नवंबर माह, 2024 में मुख्यालय सहित पूरे सीसीएल से 96 कर्मी सेवानिवृत्त हुए हैं। आज जिन्हें विदाई दी गई, उनमें श्याम नारायण महतो, महाप्रबंधक (एमएम), एमएम विभाग, रमाकांत पांडेय, महाप्रबंधक (एचआरडी), मानव संसाधन विभाग, प्रफुल्ल नारायण राय, मुख्य प्रबंधक (ई एंड एम), जेएसएसपीएस, राकेश कुमार दराद, मुख्य प्रबंधक (खनन), खनन विभाग, महादेव राम, सब. इंजीनियर (ईएंडएम), गणेश कुमार तिवारी, वरीय भंडारपाल, टीए विभाग, पुष्पा लकरा, ओएस ए-1, पीएंडआईआर विभाग, राजदेव सिंह, मुख्य फार्मासिस्ट ए-1, गांधीनगर अस्पताल, चंदेश्वर सिंह, ओएस ए-1 एवं जगेश्वर बेदिया, सहायक रिगमैन, लपंगा ड्रिलिंग कैंप शामिल हैं। अवसर विशेष पर सीएमडी, सीसीएल निलेंदु कुमार सिंह, निदेशक (कार्मिक), हर्ष नाथ मिश्र, निदेशक (तकनीकी/संचालन), हरीश दुहान, निदेशक (तकनीकी/योजना एवं परियोजना), सतीश कुमार झा सहित अन्य विभागों के महाप्रबन्धक/विभागाध्यक्षगण, अधिकारीगण, कर्मचारीगण एवं सेवानिवृत्त होने वाले कर्मियों के परिवारजन उपस्थित थे। इस अवसर पर सेवानिवृत्त कर्मियों के कायार्नुभवों पर एक शॉर्ट फिल्म (वीडियो क्लिप) सम्मान समारोह के दौरान प्रदर्शित किया गया। इस फिल्म में सभी सेवानिवृत्त कर्मियों ने कंपनी के प्रति आभार प्रकट करते हुए कहा कि कंपनी निरंतर नई ऊंचाइयों को छू रही है और हम इसके उत्तरोत्तर विकास की कामना करते हैं।



### एफजेसीसीआई की रेलवे उप समिति की हुई बैठक

# हावड़ा-मुंबई दुरंतो और हावड़ा-पुणे दुरंतो का राउरकेला में हो ठहराव

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** फेडरेशन ऑफ झारखंड चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज (एफजेसीसीआई) की रेलवे उप समिति की बैठक शनिवार को चैंबर भवन में हुई। बैठक में हावड़ा-मुंबई दुरंतो और हावड़ा-पुणे दुरंतो का ठहराव राउरकेला में करने की आवश्यकता बताते हुए कहा गया कि रेल मंत्रालय को इस दिशा में पहल करनी चाहिए। रेलवे उप समिति के चेयरमैन संजय अखौरी ने कहा कि दोनों ही दुरंतो ट्रेन समय-समय पर कम यात्री भार से परिचालित हो रही हैं। इनका ठहराव राउरकेला में होने से भारतीय रेल की आय में वृद्धि संभव है। इन ट्रेनों का ठहराव राउरकेला में होने से झारखंड के साथ ही ओडिशा के यात्रियों को भी इन ट्रेनों से मुंबई और पुणे आवागमन करने में सुविधा होगी। चैंबर अध्यक्ष परेश गट्टानी ने कहा कि पूर्व में इन ट्रेनों का ठहराव केवल छत्तीसगढ़ के बिलासपुर में था, कुछ दिन पूर्व इसका ठहराव रायपुर में भी किया गया है। इस ट्रेन का ठहराव राउरकेला में होने से झारखंड और ओडिशा की एक बहुत बड़ी आबादी को इसका लाभ मिलेगा।

अनंतपुर के एप्रोच रोड के निर्माण कार्य में विलंब होने पर चिंता जताते हुए सदस्यों ने कहा कि काम में तेजी जरूरी है। सदस्यों ने रांची और हटिया रेलवे स्टेशन पर कुलियों की कमियों से हो रही समस्या पर भी चर्चा की और आग्रह किया कि रांची रेलमंडल को इस दिशा में पहल करनी चाहिए। मौके पर चैंबर अध्यक्ष परेश गट्टानी, महासचिव आदित्य मल्होत्रा, सह सचिव नवजोत अलंग, चैंबर के डीआरयूसीसी प्रतिनिधि एवं रेलवे उप समिति के चेयरमैन संजय अखौरी, सदस्य अरुण जोशी, महेंद्र जैन, रमेश साहू उपस्थित थे।

## खिलाड़ियों के शैक्षिणक और खेल प्रदर्शन पर प्रस्तुत की गई विवरणी



**रांची।** जेएसएसपीएस ने शनिवार को खेलगांव के टानाभगत हॉल में अकादमी में रह रहे खिलाड़ियों के अभिभावकों, प्रशिक्षकों एवं स्कूल शिक्षकों के साथ बैठक की। इसमें खिलाड़ियों के शैक्षणिक एवं खेल से संबंधित विषयों एवं उनके प्रदर्शन के ऊपर विवरणी प्रस्तुत की गई। इसके साथ ही खिलाड़ियों के खेल प्रदर्शन, हॉस्टल एवं अन्य सुविधाओं एवं आगे की बेहतर प्रदर्शन के साथ साथ स्कूल के प्रदर्शन को लेकर विस्तृत चर्चा की गई। इस बीचजेएसएसपीएस के मुख्य कार्यकारी अधिकारी गिरीश कुमार राठौर ने अकादमी के सभी विषयों पर प्रकाश डालते हुए खिलाड़ियों के अनुशासन के ऊपर अपनी बात रखी। इस बैठक में खिलाड़ियों के अविभावकों ने काफी बढ़-चढ़ कर हिस्सा लिया एवं काफी उत्साहित नजर आए। बैठक में जेएसएसपीएस के अन्य अधिकारियों द्वारा भी अविभावकों को संबोधित किया गया। अकादमी के सभी दिशा निर्देशों के बारे में बताया गया एवं आगे की कार्ययोजना के बारे में अवगत कराया गया। बैठक की समाप्ति पर अकादमी के सुविधाओं के ऊपर अविभावकों से भी विचार लिया गया तथा अकादमी में सुधार के लिए सुझाव लिए गए।

### संविधान संगोष्ठी में रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने कहा

# हमारा स्वाभिमान है हमारा संविधान



*बोले सांसद, संविधान बड़े सपने देखने और उन्हें साकार करने की स्वतंत्रता देता है*

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** संविधान दिवस के 75वें वर्ष पर शनिवार को सांसद कार्यालय में संविधान संगोष्ठी का आयोजन किया गया। इस अवसर पर रांची के सांसद एवं देश के रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने कहा, संविधान हमें बड़े सपने देखने और उन्हें साकार करने की स्वतंत्रता देता है। संविधान हमें लोकतांत्रिक आदर्श नागरिक अधिकार और कर्तव्यों के प्रति जागरूक करने का काम करता है। लेकिन, आज कुछ राजनीतिक पार्टियों हाथ में डायरी लेकर चमकाते हैं, जो ठीक नहीं है। संजय सेठ ने कहा कि हम आज संविधान की बदौलत हर क्षेत्र में आगे बढ़ रहे हैं। संविधान की दुहाई देने वाली तथाकथित कुछ पार्टियां आज संविधान की धज्जियां उड़ा रही हैं। अपने वोट बैंक के खातिर अपने हिसाब से संविधान को बदला, जिसका जीता जागता उदाहरण देश में लगाया गया आपातकाल है। वही आज संविधान की दुहाई दे रहे हैं। भारत इस संविधान के ग्रंथ के माध्यम से आज आगे बढ़ रहा है। उन्होंने कहा, संविधान हमें हमारे अधिकार और कर्तव्यों के बीच संतुलन बनाए रखने और सभी नागरिकों के लिए समानता और न्याय सुनिश्चित करने की प्रेरणा देता है। हमारा संविधान हमारा स्वाभिमान है।

बैजनाथ मिश्र ने कहा, हमारा संविधान संवैधानिक मूल्यों और कर्तव्य के प्रति जागरूकता बढ़ाने का काम करता है। भारत की प्रगति, प्रगतिशीलता और समावेशी समाज बनाने की प्रतिबद्धता की याद दिलाता है। राष्ट्रीय एकता को बढ़ावा देने और विविधता में एकता के विचार को मजबूत करता है। मौके पर रांची के विधायक सीपी सिंह ने आए सभी लोगों को शपथ दिलाई। इस अवसर पर राज्यसभा के पूर्व सदस्य अजय मारू, रांची के विधायक सीपी सिंह, हटिया के विधायक नवीन जायसवाल, रांची के पूर्व डिप्टी मेयर संजीव विजयवर्गीय, कांके के पूर्व विधायक डॉ जीतू चरण राम, मांडर के भाजपा के प्रत्याशी रहे सनी टोप्पो, महानगर के महामंत्री बलराम सिंह सहित सैकड़ो की संख्या में लोग उपस्थित थे।

## कब से जेल में हैं पूजा सिंघल, 3 दिसंबर तक दें जानकारी : कोर्ट

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** नए कानून के तहत जेल से रिहा करने के लिए निलंबित आईएएस अधिकारी पूजा सिंघल की ओर से दायर याचिका पर शनिवार को रांची के पीएमएलए (प्रीवेंशन ऑफ मनी लांड्रिंग एक्ट) कोर्ट के विशेष न्यायाधीश पीके शर्मा की कोर्ट में सुनवाई हुई। पूजा सिंघल की ओर से बहस सुनने के बाद कोर्ट ने बिरसा मुंडा केंद्रीय कारागार के अधीक्षक को यह बताने का निर्देश दिया कि पूजा सिंघल कब से जेल में हैं और उनकी न्यायिक हिरासत की अवधि कितनी हुई है। पूजा सिंघल की ओर से अधिवक्ता विक्रांत सिन्हा और स्नेह सिन्हा ने बहस की। कोर्ट ने जेल अधीक्षक को मंगलवार (03 दिसंबर) तक जानकारी देने का निर्देश दिया। पूजा सिंघल के अधिवक्ता के अनुसार नए कानून के अनुसार किसी मामले में लंबे समय से जेल में बंद आरोपित की न्यायिक हिरासत की अवधि इस मामले में दी जाने वाली सजा की एक तिहाई हो गई है, तो उसे जमानत दी जा सकती है।

उल्लेखनीय है कि प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने 05 मई, 2022 को पूजा सिंघल के 25 ठिकानों पर छापेमारी की थी। इस दौरान सीए सुमन सिंह के आवास और कार्यालय से 19.31 करोड़ रुपये कैश बरामद हुए थे। इसके बाद ईडी ने पूजा सिंघल और सीए सुमन सिंह को गिरफ्तार कर लिया था। दोनों से हुई पूछताछ में ईडी को बेहिसाब पैसे और अन्य जगहों पर इन्वेस्टमेंट के बारे में महत्वपूर्ण जानकारी मिली थी।



*पीएमएलए कोर्ट ने बिरसा मुंडा केंद्रीय कारागार के अधीक्षक से मांगी जानकारी*

### 'मध्य-पूर्वी भारत में लैंगिकता व सीमांतीकरण : झारखंड, छत्तीसगढ़ व बिहार के अनुभव' विषय पर सम्मेलन आयोजित

# सर्वांगीण व समावेशी विकास पर बल देने वाली नीति बनाएं : डॉ शांडिल्य

*विकास का जो मॉडल स्थानीय समुदायों को विस्थापित करे, स्थायी नहीं हो सकता*

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** 'मध्य-पूर्वी भारत में लैंगिकता एवं सीमांतीकरण : झारखंड, छत्तीसगढ़ एवं बिहार के अनुभव' विषयक द्विदिवसीय मध्य-पूर्वी क्षेत्रीय सम्मेलन का समापन शनिवार को डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी विश्वविद्यालय (डीएसपीएमयू) के सभागार में हुआ। इस सम्मेलन का आयोजन डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी विश्वविद्यालय, रांची, भारतीय महिला अध्ययन संघ (आईएडब्ल्यूएस) और गुरु नानक कालेज, धनबाद के संयुक्त तत्वावधान में हुआ। सम्मेलन में देश-विदेश से शोधार्थी, विद्वान, शिक्षाविद एवं समाजसेवी सम्मिलित हुए।

समापन समारोह की अध्यक्षता करते हुए डीएसपीएमयू के कुलपति प्रो (डॉ) तपन कुमार शांडिल्य ने कहा कि औद्योगिकीकरण और शहरीकरण ने विकास को नई दिशा दी है, परंतु इसके कारण विस्थापन और हाशियाकरण की समस्याएं भी उभरकर आई हैं। उन्होंने कहा, हमें इस पक्ष पर विचार करते हुए ऐसी नीतियों पर जोर देना होगा, जो सर्वांगीण और समावेशी विकास पर बल दे।

डॉ शांडिल्य ने कहा कि विकास की प्रक्रिया में स्थानीय समुदायों की संस्कृति और पर्यावरण का संरक्षण अनिवार्य है। उन्होंने आगे कहा कि आदिवासी समुदाय केवल विस्थापन का दंश नहीं झेलते, बल्कि उनकी सांस्कृतिक जड़ों पर भी गहरा आघात होता है। लैंगिक और जनजातीय असमानताओं को दूर करने के लिए एक समग्र दृष्टिकोण अपनाना आवश्यक है, जिसमें उनकी पारंपरिक भूमिका और आधुनिक जरूरतों का संतुलन हो।

मौके पर आईएडब्ल्यूएस की अध्यक्ष डॉ कल्पना करुणाकरण ने लैंगिकता और जनजातीयता के अंतरसंबंधों पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि लैंगिक और जनजातीय पहचान को समझने और उन्हें सशक्त बनाने के लिए समग्र दृष्टिकोण अपनाना आवश्यक है। उन्होंने कहा कि इन असमानताओं को दूर करने के लिए सरकार और समाज दोनों को सक्रिय भूमिका निभानी होगी।

आईएडब्ल्यूएस की महासचिव डॉ माया जॉन ने सम्मेलन में प्रस्तुत शोध पत्रों की गुणवत्ता और उनके विषयगत योगदान की सराहना की। उन्होंने कहा कि शोध कार्य समाज में व्याप्त समस्याओं को उजागर करने और उनके समाधान के उपाय सुझाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

समारोह का मंच संचालन डॉ. शुचि संतोष बरवार ने किया। धन्यवाद ज्ञापन सम्मेलन की क्षेत्रीय समन्वयक शमा सोनाली ने किया। यह सम्मेलन मध्य-पूर्वी भारत के झारखंड, छत्तीसगढ़ और बिहार जैसे राज्यों में व्याप्त लैंगिक असमानताओं और सीमांतीकरण की समस्याओं को उजागर करने का एक महत्वपूर्ण प्रयास था। सम्मेलन में 50 से अधिक शोध पत्रों का वाचन हुआ, जो विभिन्न विषयों पर केंद्रित थे। इन शोध पत्रों ने न केवल अकादमिक दृष्टिकोण प्रस्तुत किया, बल्कि समस्याओं के व्यावहारिक समाधान भी सुझाए।



### समस्याओं को समझे बिना समाधान संभव नहीं : डॉ बिमल

दुमका के सिदो-कान्हू विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ बिमल प्रसाद सिंह ने कहा कि आदिवासी और ग्रामीण समुदायों की समस्याओं को समझे बिना उनका उचित समाधान संभव नहीं है। उन्होंने कहा कि विस्थापन या प्रवासन का बालकों के विकास पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है। उनके स्वास्थ्य पर समुचित ध्यान नहीं दिए जाने से अनेक सामाजिक और आर्थिक समस्याएं उत्पन्न होती है। उन्होंने कहा कि हाशिए पर स्थित समुदायों के प्रति प्रणालीगत हिंसा और भेदभाव को समाप्त करने के लिए प्रशासनिक और सामाजिक स्तर पर जागरूकता अभियान चलाए जाने चाहिए।

### संस्कृति और पर्यावरण के संरक्षण की आवश्यकता : डॉ नमिता

डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी विश्वविद्यालय की कुलसचिव डॉ नमिता सिंह ने सम्मेलन के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि यह आयोजन लैंगिक असमानता और सीमांतीकरण जैसी समस्याओं के समाधान की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। उन्होंने कहा कि औद्योगिकीकरण और शहरीकरण के वर्तमान परिदृश्य में हाशिये पर स्थित समुदायों के अधिकारों और उनके जीवन स्तर में सुधार लाना हमारी प्राथमिकता होनी चाहिए। डॉ सिंह ने स्थानीय समुदायों की संस्कृति और पर्यावरण के संरक्षण की आवश्यकता पर जोर देते हुए कहा कि विकास के लिए ऐसी नीतियां अपनानी होंगी जो समावेशी और सतत हों।

## उपायुक्त मंजूनाथ भजंत्री ने कार्यालय प्रकोष्ठ में की बैठक

# समय पर ऑफिस पहुंचने की होगी मॉनीटरिंग, नोडल पदाधिकारी नामित

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

उपायुक्त मंजूनाथ भजंत्री ने शनिवार को अपने कार्यालय प्रकोष्ठ में बैठक की और रांची समाहरणालय परिसर की साफ-सफाई के संदर्भ में निर्देश दिए। समाहरणालय परिसर की साफ-सफाई एवं रख-रखाव को और बेहतर बनाने के लिए उपायुक्त ने नोडल पदाधिकारी को भी नामित किया। जिला स्तर पर प्रत्येक कार्यालय में कर्मी समय पर अपने कार्यालय पहुंचें, इसके लिए प्रतिदिन की मॉनीटरिंग करने के लिए भी उपायुक्त ने नोडल पदाधिकारी को प्रतिनियुक्त किया। उपायुक्त ने समाहरणालय के पदाधिकारियों एवं कर्मियों के आईडी कार्ड बनाने तथा आमजनों की शिकायतों के निस्तारण के लिए व्हाट्सएप नंबर पर सतत फॉलो अप बनाए रखने के लिए प्रतिनियुक्ति संबंधित कार्य में हुई प्रगति की भी जानकारी ली। उल्लेखनीय है कि जिला प्रशासन द्वारा रांची जिला स्तर पर एक व्हाट्सएप नंबर जारी किया जाएगा, जिसमें आमजन अपनी शिकायतें दर्ज कर सकेंगे। आम लोगों की समस्याओं को त्वरित संज्ञान में लेकर संबंधित विभाग द्वारा उसका समाधान किया जाए, इसके लिए तीन पारियों में दो-दो कर्मियों एवं पदाधिकारी की प्रतिनियुक्ति की गई है।


बेहतर साफ-सफाई के लिए भी नोडल पदाधिकारी को नामित किया

## कार्य स्थल पर संवेदनशीलता के साथ उपस्थित रहने का निर्देश



**रांची।** उपायुक्त मंजूनाथ भजंत्री के निर्देश पर शनिवार को जिला स्तर पर विभिन्न विभागों के कार्यालय प्रधान द्वारा अपने अधीनस्थ पदाधिकारी एवं कर्मियों के साथ बैठक आहूत की गई। सभी को समय पर कार्यालय में आने और कार्य स्थल पर संवेदनशीलता के साथ उपस्थित रहने का निर्देश दिया गया। रांची जिले में सभी प्रखंड तथा अंचल कार्यालय में भी पदाधिकारियों द्वारा प्रखंड एवं अंचल स्तर पर बैठक कर सभी संबंधित पदाधिकारी और कर्मचारियों को समय पर कार्यालय में उपस्थित रहने का निर्देश दिया गया। कहा गया कि यह आवश्यक है कि सभी पदाधिकारी एवं कर्मी अपने कार्यस्थल पर समय से आएं। कार्य अवधि में कार्यालय में उपस्थित रहें और बिना अधिकृत छुट्टी के अवकाश पर ना जाएं। साथ ही, सभी को आम जनता के साथ संवेदनशील बने रहने का निर्देश दिया गया। कहा गया कि आम जनता को अपनी समस्याओं के समाधान के लिए कार्यालय का चक्कर काटने की जरूरत ना पड़े। प्राथमिकता से उनकी समस्याओं का समाधान करें।

## धुर्वा मोड़ ओवरब्रिज पर हादसे में युवक की मौत

**रांची।** रांची के बुंडू थाना क्षेत्र अंतर्गत धुर्वा मोड़ ओवरब्रिज के ऊपर शनिवार को सड़क दुर्घटना में एक युवक की मौत हो गई। युवक की शिनाख्त वीरेंद्र मुंडा (28) के रूप में की गई है। वह बुंडू थाना क्षेत्र के टांगर टोली का रहने वाला है। मिली जानकारी के अनुसार, अज्ञात वाहन के चपेट में आने से वीरेंद्र की मौत हो गई। दुर्घटना के बाद आसपास के लोग जमा हो गए। भीड़ ने सड़क जाम कर दिया। लोग मुआवजे की मांग करने लगे। घटना की सूचना मिलने पर नवनिर्वाचित विधायक विकास कुमार मुंडा ने अपने प्रतिनिधियों और बुंडू प्रशासन को घटनास्थल पर भेजा। परिजनों को तत्काल सहायता राशि देकर शव को उठा लिया गया है। शव को पोस्टमार्टम के लिए रिम्स भेज दिया गया है। एसडीपीओ बुंडू ने बताया कि सड़क दुर्घटना में एक युवक की मौत हुई है। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। पूरे मामले की जांच की जा रही है।

## न्यूज बॉक्स

### जोनल इंटर यूनिवर्सिटी कराटे चैंपियनशिप में भाग लेने को रांची विवि की टीम रवाना



**रांची।** रांची यूनिवर्सिटी की कराटे टीम आगामी 1 दिसंबर से 5 दिसंबर तक चंडीगढ़ में होने वाली नॉर्थ ईस्ट जोन इंटर यूनिवर्सिटी कराटे चैंपियनशिप, 2024 के लिए रांची स्टेशन से रवाना हो गई है। इस टीम में परीक्षित पाठक, सुभाष कुमार बारह, अमर उरांव, जितेश मुंडा, शिव प्रकाश पांडे, अवनीश सुमन सांगा, जय गोविंद सिंह, सुदेश कुमार महतो, रमन कुमारी, पूनम कुमारी, रितिका तिग्गा शामिल हैं। टीम के मैनेजर मो. कैफी हैं। टीम के कोच संजय कुमार मिश्रा हैं। सभी कराटे खिलाड़ियों को रांची यूनिवर्सिटी द्वारा ट्रैक शूट, जूता, मौजा, टी शर्ट प्रदान किया गया है। चंडीगढ़ जाने वाली टीम को रांची यूनिवर्सिटी के कोऑर्डिनेटर राजेश गुप्ता, चंचल भट्टाचार्य, अनिल कुमार ने शुभकामनाएं दी हैं। राष्ट्रीय कोच शिहान रंजीत मेहता द्वारा कराटे प्लेयर्स को मैच खेलने से संबंधित जानकारी दी गई है। रांची यूनिवर्सिटी की कराटे टीम के सदस्य होने पर खिलाड़ी उत्साहित दिखे। शिहान रंजीत मेहता ने कहा, हम सभी को पूरी उम्मीद है कि सभी कराटे प्लेयर्स अपना अच्छा प्रदर्शन करेंगे एवं मेडल प्राप्त करने से सफल होंगे।

## टीबी मुक्त पंचायत बनाने को सदर अस्पताल संकल्पित

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**



सिविल सर्जन कार्यालय के सभागार में शनिवार को बैठक आयोजित की गई। इस बैठक की अध्यक्षता सिविल सर्जन प्रभात कुमार ने की। रांची जिला अंतर्गत सभी प्रखंड के टीबी सुपरवाइजर एवं ब्लॉक प्रोग्राम ब्रांच के लोग उपस्थित थे। सभी प्रखंड के कर्मचारियों को टीबी मुक्त पंचायत के विषय में बताया गया, जिसमें सभी प्रखंडों को कम से कम पांच पंचायत को टीबी मुक्त करने का टारगेट दिया गया। इस टीबी मुक्त पंचायत के टारगेट को प्राप्त करने के लिए सभी तरह के इंडिकेटर पर विस्तार से विचार विमर्श किया गया। सभी को आदेश दिया गया कि इस वर्ष के अंत तक हर प्रखंड को कम से कम अपने एरिया के पांच पंचायत को टीबी मुक्त करना है, इसके लिए सदर अस्पताल संकल्पित है। मौके पर सिविल सर्जन रांची और जिला यक्ष्मा कार्यालय के सभी कर्मचारी उपस्थित थे।

## झारखंड राज्य में 15 दिसंबर से होगी किसानों से धान की खरीद

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**



**इस बार सामान्य के लिए 2400 और ग्रेड-ए के लिए मिलेंगे 2420 रुपये**

**किसानों को उम्मीद, कैबिनेट में 3200 रुपये एमएसपी को मिलेगी मंजूरी**

झारखंड में खरीफ विपणन वर्ष 2024-25 के लिए धान खरीदारी की शुरुआत आगामी 15 दिसंबर से होगी। इस विपणन वर्ष में धान खरीद के लिए 6 लाख मीट्रिक टन (एमटी) का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। इसमें से झारखंड राज्य खाद्य सुरक्षा योजना के लिए लक्ष्य 2.3 लाख एमटी और सेंट्रल पुल के लिए 3.7 लाख एमटी निर्धारित है।
किसानों को सामान्य धान के 2400 रुपये, तो ग्रेड-ए के लिए 2420 रुपये मिलेंगे। आधिकारिक सूत्रों के अनुसार, सरकार वित्त वर्ष 2024-25 के लिए सामान्य किस्म के धान के लिए 2300 रुपये प्रति क्विंटल और ग्रेड-ए किस्म के धान की फसल के लिए 2320 रुपये पर ही धान खरीद करेगी। ऐसे में फिलहाल पूर्व की घोषणा के अनुसार झारखंड सरकार 100 रुपये प्रति क्विंटल की दर से बोनस भुगतान करेगी। इससे सामान्य धान के लिए 2400 रुपये और ग्रेड ए किस्म के धान के लिए 2420 रुपये प्रति क्विंटल दिए जाएंगे। धान क्रय के लिए 32 लैम्पस चयनित किए गए हैं। बताते चलें कि झामुमोनीत आईएनडीआईए गठबंधन ने चुनाव प्रचार के दौरान 3200 रुपये प्रति क्विंटल धान खरीद पर एमएसपी देने की बात कही थी। शपथ ग्रहण के बाद सरकार ने विधानसभा का पहला सत्र 9 से 12 दिसंबर को बुलाया है। इसमें विश्वास मत प्राप्त करने के बाद सरकार संभवतः कैबिनेट विस्तार करे और किसानों से किया अपना वादा निभाए। किसानों को भी पूरा विश्वास है कि धान एमएसपी पर सरकार शीघ्र ही अपना वादा पूरा करेगी। किसानों को आस है कि राज्य कैबिनेट की बैठक में 3200 रुपये प्रति क्विंटल एमएसपी को मंजूरी मिल जाएगी।

## रेलवे स्टेशन और बस स्टैंड पर लगेगा चाइल्ड हेल्प डेस्क

**रांची।** उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी के अधीन समाज कल्याण शाखा की जिला बाल संरक्षण इकाई ने नगर आयुक्त रांची, मंडल रेल प्रबंधक, रांची, मंडल रेल प्रबंधन हटिया रेलवे स्टेशन रांची में चाइल्ड हेल्प डेस्क प्रतिष्ठापित करने का निर्देश दिया है। ज्ञात हो कि राज्य में बच्चे मानव तस्करी के शिकार होते हैं। इन्हें बहला-फुसलाकर महानगरों का सब्जबाग दिखाकर ले जाया जाता है और महानगरों में ऊंची कीमत पर बेच दिया जाता है। वहां उनका शोषण होता है और कभी-कभी हत्या भी कर दी जाती है। मिशन वात्सल्य योजना अंतर्गत बच्चों को मानव तस्करी से बचाने के लिए रेलवे स्टेशन, बस स्टैंडों में चाइल्ड हेल्प डेस्क प्रतिष्ठापित किया जा रहा है। इसके लिए बस स्टैंड के संवेदकों को चाइल्ड हेल्प डेस्क लगाने के लिए स्थान देने का भी निर्देश दिया गया है।

## खादगढ़ा बस स्टैंड बना पुरानी व खराब गाड़ियों का गोदाम






संदीप कुमार, प्रशासक रांची नगर निगम

**मनोज मिश्रा**

**रांची।** बस स्टैंड का साफ, स्वच्छ एवं सुंदर होना किसी जिले की प्रतिष्ठा की बात होती है। किसी दूसरे जिले या राज्य से कोई आता है, तो पहले बस स्टैंड को ही देखता है। यहीं से पूरे जिले की सफाई की झलक मिल जाती है। वहीं, बस स्टैंड अगर गंदा हो, कई दिनों से कचरे पड़े हों, तो हरेक को व्यवस्था पर रोना आता है। ऐसा ही बस स्टैंड खादगढ़ा का बना दिया गया है। कई-कई दिनों से कचरे पड़े रहते हैं। गाड़ियों के कबाड़ से बस स्टैंड को भर दिया गया है। निगम की लापरवाही से यहां कई पुरानी, खराब, जली गाड़ियां, यहां तक की निगम की भी पुरानी खराब गाड़ियां पड़ी हुई हैं। बस स्टैंड की शोभा तो खराब कर ही रही है, जगह भी घेर रही हैं। इन स्थानों पर दूसरी गाड़ियों को खड़ा किया जा सकता था। इस संबंध में राष्ट्रीय नवीन मेल के संवाददाता ने खादगढ़ा बस स्टैंड के संवेदक प्रतिनिधि राजू खान से बात की। उन्होंने बताया कि बस स्टैंड का हाल बेहाल है। खराब पड़ी गाड़ियां अनावश्यक स्थान घेर रही हैं। इन गाड़यों के हटाने पर पार्किंग स्थल बड़ा हो जाएगा और बस स्टैंड की शोभा खराब नहीं होगी। जब नगर निगम के प्रशासक संदीप कुमार से बात की गई, तो उन्होंने कहा कि सभी खराब गाड़ियों को जल्द हटा दिया जाएगा।

## परम ज्ञान सत्संग मंडल रांची शाखा 40वर्षों से मना रहा है सत्संग महोत्सव




**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

परमज्ञान सत्संग वार्षिक समारोह में शनिवार को परमधाम निजी दातव्य न्यास की अध्यक्ष महामंडलेश्वर माता निर्भयानंद पुरी जी (निर्मल बहन जी) ने कहा कि ये दीपोत्सव वार्षिक सत्संग महोत्सव समारोह परम ज्ञान सत्संग मंडल रांची शाखा द्वारा विगत 40 वर्षों से मनाया जा रहा है। परम ज्ञान सत्संग मंडल रांची शाखा अपने गुरु परम ज्ञानानंद जी के दिए गए वचनों का पालन करते आ रहा है, जो गुरु भक्ति की दिशा में एक बड़ी उपलब्धि है।

## जेवीएम श्यामली में कला एकीकरण विषय पर कार्यशाला आयोजित

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**



सीबीएसई, सीओई, पटना के तत्वावधान में कैपिसिटी बिल्डिंग प्रोग्राम के अंतर्गत शिक्षकों के लिए जवाहर विद्या मंदिर, श्यामली के दयानंद प्रेक्षागृह में शनिवार को कला एकीकरण (आर्ट इंटीग्रेशन) विषय पर एकदिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यशाला में मैक्लुस्कीगंज, लातेहार और रांची प्रक्षेत्र के विभिन्न सीबीएसई विद्यालयों के लगभग 65 शिक्षकों ने हिस्सा लिया। इस कार्यशाला में ग्रीनलैंड पब्लिक स्कूल, हटिया की प्राचार्य पल्लवी सिंह और ऑक्सफोर्ड पब्लिक स्कूल के उप प्राचार्य खुशी राम झा ने रिसोर्स पर्सन के रूप में पीपीटी, ऑडियो-वीडियो तथा अन्य क्रियाकलाप द्वारा प्रदत्त विषय को विस्तार से समझाया। उन्होंने चार सत्र के अंतर्गत शिक्षा के क्षेत्र में कला एकीकरण से परिचय व संबंध, पाठ्यक्रम में कला एकीकरण का योजनाबद्ध प्रवेश, प्रायोगिक शिक्षा के माध्यम से कला एकीकरण का विकास तथा कला एकीकरण पर सीबीएसई हैंडबुक की जांच जैसे विषय पर गहनतम प्रकाश डाला। रिसोर्स पर्सन ने बताया कि कला एकीकरण, सीखने-सिखाने का एक मॉडल है। इसमें कला को निर्देश को बढ़ाने के लिए दूसरे विषयों के साथ जोड़ा जाता है। छात्रों को कला के प्रवेश बिंदु के तौर पर विषय वस्तु सीखने का मौका मिलता है, जिससे बच्चों में आलोचनात्मक सोच, समस्या-समाधान और धैर्य-दृढ़ता जैसे कौशल विकसित होते हैं। यह विद्यालय में सहयोग, सहकारिता और आत्मविश्वास का माहौल बनाने के साथ दीर्घकालिक अवधारणा में भी सुधार होता है।

## सरकारी स्कूलों में कक्षा एक से सात तक की अर्द्धवार्षिक परीक्षा 16 से

**रांची।** राज्य के सरकारी स्कूलों में कक्षा एक से सात तक की अर्द्धवार्षिक परीक्षा 16 दिसंबर से शुरू होगी। यह परीक्षा दो पालियों में 18 दिसंबर तक चलेगी। कक्षा एक और दो की परीक्षा मौखिक होगी,, जबकि कक्षा तीन से सात तक की परीक्षा में सभी प्रश्न ऑब्जेक्टिव होंगे। झारखंड शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद के निदेशक शशि रंजन ने शनिवार को इस संबंध में सभी क्षेत्रीय शिक्षा संयुक्त निदेशक, जिला शिक्षा पदाधिकारी और जिला शिक्षा अधीक्षकों को पत्र भेजा है।



## राष्ट्रीय सुरक्षा गार्ड ने रांची में किया नक्सल विरोधी जंगल अभ्यास


# संकट के समय त्वरित निर्णय लेने में सक्षम बनाते हैं ये अभ्यास : एनएसजी

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

राष्ट्रीय सुरक्षा गार्ड (एनएसजी) ने रांची में 27 से 30 नवंबर 2024 तक नक्सल विरोधी जंगल अभ्यास 'अभ्यास- थंडरबोल्ट', आयोजित किया। यह अभ्यास रांची सहित इसके बाहरी इलाकों में विभिन्न नक्सल प्रभावित संवेदनशील क्षेत्रों में आयोजित किया गया था। अभ्यास में नक्सलियों द्वारा अपनाई जा रही नवीनतम कार्यप्रणाली को शामिल करते हुए विभिन्न परिदृश्यों का अनुकरण किया गया, जिसका उद्देश्य प्रतिक्रियाकर्ताओं को यथार्थवादी अनुभव प्रदान करना था। पुलिस मुख्यालय द्वारा जारी प्रेस विज्ञप्ति में कहा गया है कि इस अभ्यास का मुख्य उद्देश्य संभावित नक्सली खतरों का पूवार्नुमान लगाना था। साथ ही, मुख्य नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में एकीकृत मजबूत सुरक्षा ग्रिड को सक्रिय करने के लिए आवश्यक प्रक्रियाओं का पूर्वाभ्यास करना था। इस अभ्यास में झारखंड पुलिस के नक्सल विरोधी विशेष बल झारखंड जगुआर, आतंकवाद विरोधी दस्ता तथा केंद्रीय सुरक्षा बल प्रथम प्रतिक्रियाकर्ता के रूप में शामिल थे, जबकि एनएसजी ने अंतिम प्रतिक्रिया बल के रूप में कार्य किया। इस अभ्यास में त्वरित आपातकालीन प्रतिक्रियाओं के लिए विभिन्न एजेंसियों के बीच नक्सल विरोधी अभियानों में अंतर-संचालन के महत्व को रेखांकित किया गया। यह अभ्यास नक्सल विरोधी अभियान, बंधकों को छुड़ाना, आईईडी (इंप्रोवाइज्ड एक्सप्लोसिव डिवाइस) का पता लगाना और जंगल विशेष योजना और ऑपरेशनों के क्रियान्वयन पर आधारित था।
एनएसजी ने इस बात पर जोर दिया कि ये अभ्यास न केवल तैयारी को बढ़ाते हैं, बल्कि संकट के दौरान प्रतिक्रियाकर्ताओं को त्वरित और अधिक सूचित निर्णय लेने में सक्षम बनाते हैं। अभ्यास से पहले, एसपी (एटीएस) कार्यालय में एनएसजी द्वारा नक्सल विरोधी जंगल अभियानों के संचालन में प्रयुक्त हथियारों और उपकरणों का प्रदर्शन भी किया गया। इस अभ्यास ने एनएसजी, झारखंड जगुआर और आतंकवाद विरोधी दस्ता द्वारा अपनाई जा रही विभिन्न सर्वोत्तम उपायों को साझा करने और उनका अभ्यास करने का एक अनूठा अवसर प्रदान किया। इस अभ्यास से नक्सलियों द्वारा शुरू की गई आपात स्थितियों का अधिक प्रभावी ढंग से जवाब देने और संकट के समय जनता की रक्षा करने के लिए एनएसजी और स्थानीय प्रशासन की क्षमता में वृद्धि होने की उम्मीद है।


संभावित नक्सली खतरों का पूर्वानुमान लगाना था अभ्यास का मुख्य उद्देश्य

## आज / कल






सीआईआई यंग इंडियन का वार्षिक कार्यक्रम संपन्न

# टेक्नोलॉजी निर्धारित करेगा हमारा भविष्य : डॉ मयंक मुरारी

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

किसी देश का मूल्य उसके पास मौजूदा धन या संपति से नहीं, बल्कि उसके लोगों से आंका जाता है। ह्यूमन रिसोर्स को जबतक ह्यूमन कैपिटल में नहीं बदला जाएगा, तबतक विकास संभव नहीं है। पूरे दुनिया में यही हो रहा है। ये बातें झारखंड के चिंतक और उषा मार्टिन के सीएसआर हेड डॉ मयंक मुरारी ने कही। वे आज सीआईआई के तत्वावधान में आयोजित यंग इंडियन रांची चैप्टर के वार्षिक समारोह में बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि पिछले 150 सालों का इतिहास विचारों के इर्द-गिर्द चला, अब आनेवाला समय तकनीक के साथ चलेगा। इस अवसर पर दिव्य तनेजा ने कहा कि यंग इंडियन के माध्यम से समाज को जागरूक करने एवं युवाओं को इनोवेशन एवं तकनीकी दक्षता से जोड़ने का अभियान चलाया जा रहा है। सालोंभर चलने वाले कार्यक्रम में युवाओं की भागीदारी हो, यह प्रयास रहता है। रांची चैप्टर के को-चेयर राहुल मारू ने कहा कि वैज्ञानिक सोच को स्कूल एवं कॉलेज के युवाओं के बीच ले जाना होगा। समाज के विकास के साथ आधुनिक तकनीक को जोड़कर जीवन को सरल बनाया जा सकता है। निखिल अग्रवाल ने इस अवसर पर वर्ष 2024 के दौरान किए जाने वाले कार्यों का उल्लेख किया। इस अवसर पर रितेश गुप्ता ने नए को-चेयर और चेयर की घोषणा की। राहुल मारू एवं आदित्य को चेयर और को-चेयर बनाया गया है। कार्यक्रम का संचालन सीआईआई की सिमरन कुमारी ने किया। इस अवसर पर रांची के युवा व्यवसायी एवं अन्य लोग उपस्थित थे।

## एक नजर

### मुरी टुंगरी जलापूर्ति योजना तीन महीने से बंद, ग्रामीण परेशान

**सिल्ली ।** मुरी टुंगरी जलापूर्ति योजना तीन महीने से बंद पड़ी हुई हैं। वहीं सिंगपुर, काटांडीह, महुवाडीह एवं कलुवाडीह में जलापूर्ति योजना तीन महीने से बंद पड़ी हुई है। ग्रामीणों को पानी लाने के लिये इधर उधर भटकना पड़ता है। ठंड के मौसम होने कारण ग्रामीण पानी कम खर्च कर ही अपना जीवन यापन कर रहे हैं। जल नल योजना के तहत ठेकेदार को गांव गांव में पाइप लाइन बीछाकर एवं कनेक्शन करके पानी सप्लाई घर तक पहुंचाना है मगर ठेकेदार के घोर लापरवाही के चलते घरों तक पानी नहीं पहुंच पाता है। घरों में एक बार कनेक्शन कर देने के पश्चात देखने वाला कोई आदमी ठेकेदार का क्षेत्र में नजर नहीं आते हैं। ग्रामीणों का कहना है कि ठेकेदार मनमानी करते हुए जहां तहां कनेक्शन देता है किसी किसी गांवो में कनेक्शन ही नहीं दिया गया है।

### सड़क हादसा में महिला गंभीर रूप से घायल

**बेड़ो।** बेड़ो थाना जरिया गांव के समीप रांची गुमला मुख्य मार्ग पर शनिवार की शाम लगभग साढ़े पांच बजे सड़क पार कर रही गीता देवी 60 वर्ष पति शंकर महतो अज्ञात चार पहिया वाहन के धक्के से गंभीर रूप से घायल हो गई। जिसे पीसीआर के जमादार एमानुएल हांसदा, हवलदार गणेश गोप व चालक सीताराम बड़ाईक ने उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बेड़ो पहुंचाया। जहां चिकित्सक डॉ मेघा भगत ने गंभीरावस्था में उसे प्राथमिक उपचार के बाद घायल गीता देवी बेहतर इलाज के लिए रिम्स रेफर कर दिया। घायल के परिजन बताया कि घायल गीता देवी सड़क पार कर रही थी तभी अज्ञात वाहन की चपेट में आकर गंभीर रूप से घायल हो गई। जहां उसके सिर पर गंभीर चोटें आई है। जिसे एम्बुलेंस से रिम्स ले जाया गया।

### रांची डीएसई ने उमेडंडा में स्कूल का किया अचौक निरीक्षण

**ठाकुरगांव।** रांची डीएसई बादल राज व एलआरडीसी मुकेश कुमार ने शनिवार को संयुक्त रूप से बुढ़मू प्रखंड क्षेत्र के उमेडंडा गांव में स्थित राजकीय माध्यमिक विद्यालय का अचौक निरीक्षण किया। इस दौरान बच्चों द्वारा मध्यान भोजन के समय जमीन पर बैठ कर भोजन किया जा रहा था, जबकि उन्हें दरी पर बैठाने का प्रावधान है। इसको लेकर प्रधानाध्यापक को कड़ी फटकार लगाई। वहीं, विद्यालय में लगे शिलापट्ट पर डीएसई का फोन नंबर अंकित नहीं किए जाने पर भी उन्हें फटकार लगाते हुए आवश्यक दिशा निर्देश दिया। साथ ही, सभी शिक्षकों को 8वीं बोर्ड में शत-प्रतिशत रिजल्ट देने का आदेश देते हुए शिक्षा में गुणात्मक सुधार लाने की बात कही। वापसी के क्रम में कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय बुढ़मू का भी निरीक्षण किया गया व 8वीं बोर्ड व 12वीं बोर्ड परीक्षा में सभी छात्राओं का रिजल्ट शत-प्रतिशत कराने का आदेश दिया।

### मासिक लोक अदालत में 18 मामलों का निष्पादन, 86 हजार रुपये का सेटलमेंट

**खूंटी।** प्रभारी प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह डालसा अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकार खूंटी संजय कुमार की अध्यक्षता में शनिवार को व्यवहार न्यायालय खूंटी में मासिक लोक अदालत का आयोजन किया गया। मासिक लोक अदालत में विभिन्न मामलों के निष्पादन के लिए कुल चार बैंचों का गठन न्यायालय में लंबित मामलों तथा प्री-लिटिगेशन से संबंधित मामलों का निस्तारण किया गया। डालसा सचिव मनोरंजन कुमार के मुताबिक, लोक अदालत में दीवानी एवं फौजदारी न्यायालय के सुलहनीय प्रकृति के मामले, एनआइ एक्ट के मामले, बिजली संबंधित मामले प्रस्तुत किए गए। लोक अदालत में चार बेंचों के माध्यम से न्यायालय में लंबित 18 मामलों का निष्पादन किया गया तथा 86260 रुपये राशि का सेटलमेंट किया गया। इस अवसर पर प्रथम बैंच में जिला जज प्रथम संजय कुमार, जिला जज द्वितीय राकेश कुमार मिश्रा, जिला जज प्राची मिश्रा, द्वितीय बैंच में मुख्य न्यायाधीश दंडाधिकारी मनोरंजन कुमार, तृतीय बैंच में अनुमंडल सह न्यायिक दंडाधिकारी विद्यावती कुमारी आदि उपस्थित थे।

#### स्कूल में विज्ञान एवं कला प्रदर्शनी का किया गया आयोजन

# विज्ञान प्रदर्शनी के आयोजन से छात्र-छात्राओं की झिझक दूर होती है : प्रो. प्रदीप अधिकारी



> *कई महत्वपूर्ण विषयों पर छात्र-छात्राओं ने मॉडल बनाए और प्रदर्शनी का आयोजन किया*

**नवीन मेल संवाददाता। बेड़ो**

विज्ञान प्रदर्शनी से बच्चों में विज्ञान के प्रति जिज्ञासा बढ़ती है और बच्चों में विज्ञान के प्रति झिझक दूर होती है। उक्त बातें विनय बगीचा स्थित डीएवी विवेकानंद पब्लिक स्कूल के परिसर में शनिवार को विज्ञान सह हस्तकला प्रदर्शनी का उद्घाटन करने के बाद बतौर मुख्य अतिथि करमचंद भगत महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो प्रदीप कुमार अधिकारी ने कही। उन्होंने कहा कि विद्यालय में इस तरह के आयोजन होने से विद्यार्थियों की प्रतिभा में निखार आता है।आज विज्ञान का युग है और विद्यार्थियों की इसमें रुचि के साथ आगे बढ़ने में सहायक साबित होगा। इस क्षेत्र के लिए यह स्कूल बहुत ही सराहनीय कार्य कर रही है और बच्चों में वैज्ञानिक प्रतिभा विकसित कर रहे है। इस दौरान विद्यार्थियों ने बेकार वस्तुओं का पुनः उपयोग कर विज्ञान व हस्तकला के मॉडल तैयार किया। विद्यार्थियों ने ड्रोन, जेट फाइटर, रोबोट, कार्बन प्यूरीफायर, हाइड्रो इलेक्ट्रिक डेम, स्मार्ट डस्टबिन, लेजर सिक्यूरिटी , ब्लड टेस्ट, डालेशिश मशीन, विंड मिल,कृषि एवं खाद्य सुरक्षा,पानी बचाओ, आपदा प्रबंधन, प्राकृतिक संसाधन, एसिड रैन, वर्किंग मॉडल ऑफ हार्ट, इलेक्ट्रो मैग्नेट, टेरिस फार्मिंग, चंद्रयान 3, पॉल्यूशन, सस्टनेबल एनर्जी,और प्रबंधन समेत हस्तकला एवं सभी राज्यों के वेशभूषा, मधुबनी आर्ट, सूप आर्ट, के विषयों पर अपने मॉडल तैयार किया था ।इसके पूर्व उदघाटन मुख्य अतिथि करमचंद भगत महाविद्यालय के प्राचार्य प्रोफेसर प्रदीप कुमार अधिकारी व विद्यालय के निदेशक कैलाश कुमार ने संयुक्त रूप से फीता काटकर एवं दीप प्रज्वलित कर की। विज्ञान प्रदर्शनी का अवलोकन मुख्य अतिथि प्रो प्रदीप कुमार अधिकारी व बच्चों के अभिभावकों ने किया और विद्यार्थियों द्वारा बनाये गए मॉडलों की सराहना किया और प्रदर्शनी में बच्चों से जानकारी भी ली और बच्चों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

### कोडरमा में एचआईवी एड्स से पीड़ित 473 मरीजों को मिल रहा पेंशन

**कोडरमा।** एचआईवी एड्स पीड़ित व्यक्तियों को सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजना का लाभ दिया जा रहा है। उपायुक्त मेघा भारद्वाज के निदेशानुसार सामाजिक सुरक्षा कार्यालय एवं स्वास्थ्य विभाग द्वारा समन्वय बनाकर एचआईवी एड्स पीड़ित व्यक्तियों को पेंशन योजना का लाभ प्रदान किया जा रहा है। सहायक निदेशक, सामाजिक सुरक्षा कोषांग नीतीश कुमार निशांत ने बताया कि जिले में 473 एचआईवी एड्स पीड़ित व्यक्तियों को प्रतिमाह एक हजार रुपये पेंशन राशि का भुगतान किया जा रहा है। पिछले एक वर्ष में 101 नये एचआईवी एड्स पीड़ित व्यक्तियों को इस योजना से आच्छादित किया गया है। पेंशन राशि लाभुकों के बैंक खाते में डीबीटी के माध्यम से भेजी जाती है। विशेष बात यह कि लाभुकों की पहचान उजागर नहीं की जाती है एवं गोपनीयता का पूर्ण ध्यान रखा जाता है। वर्तमान में कोडरमा प्रखण्ड के 80 पीड़ितों को पेंशन दिया जा रहा है। इसी प्रकार चन्दवारा प्रखण्ड में 65, डोमचांच प्रखण्ड में 38, नगर पंचायत डोमचांच में 08, जयनगर प्रखण्ड में 134, मरकच्चो प्रखण्ड में 79, सतगावाँ प्रखण्ड में 27, नगर पंचायत कोडरमा में 20 एवं नगर परिषद झुमरी तिलैया में 22 पीड़ितों को पेंशन का भुगतान किया जा रहा है।

## न्यूज | बॉक्स

### राहे प्रखंड कार्यकर्ताओं के साथ देवेंद्रनाथ महतो का चुनावी समीक्षा बैठक



**राहे।** झारखंड लोकतांत्रिक क्रांतिकारी मोर्चा ने सिल्ली विधानसभा चुनाव का समीक्षा बैठक किया। सिल्ली विधानसभा प्रत्याशी देवेंद्र नाथ महतो ने यह समिक्षा बेठक शनिवार को ग्रास कोर्ट मैदान डोकाद में किया। संगठन के पदाधिकारी,कार्यकर्ता एवं बुथ प्रभारी मोजूद रहे। राहे प्रखंड की विभिन्न पोलिंग स्टेशनों में पड़े मतदान एवं संगठन के त्रुटि पर चर्चा परिचर्चा किया गया। बैठक के दौरान प्रत्याशी श्री महतो ने कहा कि संगठन को मजबूती करते हुए क्षेत्र का सेवा किया जाएगा। झारखंड लोकतांत्रिक क्रांतिकारी मोर्चा के विचारधारा को जन-जन तक प्रसारित किया जाएगा। साथ ही बताते चले की संगठन की ओर से कल रविवार को सिल्ली प्रखंड के कार्यकताओं के साथ बैठक किया जाएगा और जोश का संचार किया जाएगा।

### डेढ़ घंटे तक रहा एनएच जाम



**मांडर।** राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या 75 को शनिवार को ग्रामीणों ने लगभग डेढ़ घंटे तक जाम रखा। शुक्रवार को सुबह विसाहाखटंगा निवासी 56 वर्षीय एरेनियुस टोप्पो की हत्या उनके घरबारी के सामने ही अज्ञात अपराधियों ने कर दिया था। हत्यारों को जल्द से जल्द गिरफ्तार कर पीड़ित परिवार को न्याय दिलाने को लेकर के सड़क जाम किया गया था। विसाहाखटंगा के मुखिया स्नेहा एक्का के नेतृत्व में ग्रामीणों ने सड़क को जाम रखा था। प्रशासन और ग्रामीणों के बीच वार्ता के बाद लगभग डेढ़ घंटे बंद रहने के बाद सड़क को खोल दिया गया। ग्रामीणों ने मांग की कि मृतक के आश्रित परिवार को नौकरी और 50 लख रुपए की मुआवजा दी जाए। साथ ही परिवार समेत ग्रामीण को सुरक्षा व्यवस्था की जाए। मृतक राँची जिला के बेड़ो प्रखण्ड में वी एल डब्लू के पद पर पदस्थापित थे। इस पर मांडर पुलिस ने अपराधियों के जल्द ही पकड़ने का आश्वासन दिया।

# उपायुक्त से मिला लायंस क्लब ऑफ रांची ग्लोबल का प्रतिनिधिमंडल



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

लायंस क्लब ऑफ रांची ग्लोबल के पदाधिकारियों ने शनिवार को रांची के उपायुक्त मंजूनाथ भजंत्री के साथ औपचारिक मुलाकात की। क्लब के पदाधिकारियों ने रांची उपायुक्त का पदभार ग्रहण करने पर उपायुक्त को बधाई देते हुए फूड फॉर हंगर कार्यक्रम के तहत प्रत्येक शनिवार को खिचड़ी वितरण और क्लब द्वारा संचालित अन्य गतिविधियों में क्लब के संलग्नता की जानकारी दी। क्लब के अध्यक्ष अमित शर्मा ने क्लब द्वारा सरवाइकल कैंसर पर जागरूकता कार्यक्रम और मैराथन दौड़ का आयोजन करने की भी इच्छा जताई। यह भी कहा कि जिला प्रशासन द्वारा यदि इसपर कुछ प्रयास की योजना है, तब हम रोल आउट के लिए प्रशासन का सपोर्ट करना चाहते हैं।

उपायुक्त, रांची ने समाज कल्याण की दिशा में लायंस क्लब ऑफ रांची ग्लोबल द्वारा किए जा रहे प्रयासों की प्रशंसा की। साथ ही, प्रत्येक शनिवार को जरूरतमंदों के बीच खिचड़ी वितरण के प्रयास के लिए क्लब के सदस्यों को शुभकामनाएं दी। प्रतिनिधिमंडल में क्लब के अध्यक्ष अमित शर्मा, पूर्व अध्यक्ष शैलेश अग्रवाल, मोनिका गोयंका, पीयूष कुमार शामिल थे।

# विश्व एड्स दिवस पर निकली जगरूकता रैली




**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

विश्व एड्स दिवस की पूर्व संध्या पर रांची सदर अस्पताल परिसर से कैंडल मार्च जागरूकता रैली निकाली गई। इस जागरूकता रैली में सिविल सर्जन डॉ प्रभात कुमार, राज्य स्तर से असिस्टेंट प्रोजेक्ट डायरेक्टर डॉ एसएस पासवान, सत्य प्रकाश एवं रवि प्रकाश, रांची जिला के डीपीएम प्रवीण कुमार समेत स्वास्थ्य कर्मी एवं एएनएम स्कूल आफ नर्सिंग की छात्राएं और रेड रिबन क्लब के सदस्य शामिल हुए। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य एड्स से बचाव को लेकर जागरूकता फैलाना है। इस वर्ष विश्व एड्स दिवस का थीम है सही रास्ता अपनाएं : मेरा स्वास्थ्य, मेरा अधिकार।

ज्ञात हो कि एड्स एक गंभीर और संक्रामक बीमारी है। इसके मामले दुनिया भर में तेजी से बढ़ते जा रहे हैं। इस बीमारी का इलाज अभी तक संभव नहीं हो पाया है, जिसके चलते हर साल लाखों लोगों की मौत होती है। लोगों को इस बीमारी के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से हर साल 1 दिसंबर को वर्ल्ड एड्स डे मनाया जाता है।

### करांजी जराटोली आंगनबाड़ी केन्द्रों के बच्चों के बीच गर्म स्वेटर का किया गया वितरण



**बेड़ो।** बेड़ो प्रखंड अंतर्गत करांजी जराटोली गांव में आंगनबाड़ी केन्द्र संख्या 225 और आंगनबाड़ी केन्द्र जराटोली संख्या 151 में सभी बच्चों के बीच ठंढ से बचने के लिए गर्म स्वेटर का पंचायत की मुखिया फ्रांसिस्का मिंज ने वितरण किया। गरम स्वेटर का वितरण कराँजी मुखिया फ्रांसिसका मिंज के द्वारा किया गया। जहां दोनों आंगनबाड़ी केन्द्र में कुल 70 बच्चों के बीच स्वेटर का वितरण किया गया। मुखिया फ्रांसिसका मिंज ने वितरण के पश्चात कहा कि आंगनबाड़ी केंद्र में बच्चों के बीच स्वेटर का वितरण एक महत्वपूर्ण कार्यक्रम है, जिसका उद्देश्य बच्चों को सर्दियों के मौसम में गर्म रखना है। मौके पर मुखिया प्रतिनिधि बबलु खान, रुस्तम अंसारी, पूर्व पंचायत समिति सदस्य अमिन अंसारी, वार्ड सदस्य इलियास अन्सारी, समाजसेवी जमील अन्सारी और ग्रामिण उपस्थित थे।

### शहर के यात्री पड़ाव में विक्षिप्त डाले हैं डेरा आसपास के लोगों में खौफ व्याप्त



**रांची।** यात्रियों की सुविधा के लिए यात्री पड़ाव बनाया गया है। लोग धूप, बारिश से बचने के इसका उपयोग करते हैं। पड़ाव में बच्चे, बुजुर्ग, महिलाएं सभी आते हैं। कोई कुछ देर पड़ाव पर बने शेड में सुस्ता लेता है, तो कोई बस पकड़ने के लिए रुकता हैं। ऐसी महिलाएं भी रुकती हैं, जिन्हें अपने बच्चों को बस से रिसीव करना होता है। ऐसा ही एक पड़ाव शहीद हरमू मुक्तिधाम के पीछे नागेश्वर महतो चौक के पास है। यहां के यात्री पड़ाव में कुछ दिनों से विक्षिप्त डेरा डाले हुए हैं, टायर जलाते हैं, अजीबोगरीब हरकतें करते रहते हैं। रात में इसी पड़ाव के पास ये सोते हैं। यह पड़ाव किसी के लिए सुरक्षित नहीं है, आसपास के लोग भी परेशान हैं। ठेले वाले डोमन साहू बताते हैं कि आसपास के लोगों में खौफ का माहौल है कि कहीं विक्षिप्त किसी को नुकसान न पहुंचा दें।

### वुशु प्रतियोगिता में पदक विजेता छात्रों को किया गया सम्मानित



**मांडर।** ऑक्सब्रिज स्कूल में शनिवार को 20वां राज्य स्तरीय वुशु प्रतियोगिता में पदक विजेता विद्यार्थियों को मिस इवोन एंवेजलिन एक्का एवं कराटे प्रशिक्षक के द्वारा को सम्मानित किया गया। यह प्रतियोगिता 23 एवं 24 नवम्बर 2024 को सिल्ली ( रांची ) में रांची वुशु संगठन द्वारा आयोजित किया गया था। जिसमें ऑक्सब्रिज स्कूल मांडर के विद्यार्थी कोमल सिंह ने सिल्वर और अनिशा तिग्गा ब्रोंज पदक प्राप्त किए । मौके पर उपासना उरांव, निशु रानी तिर्की को भी सम्मान प्रमाण पत्र प्रदान किया।

#### सरला बिरला पब्लिक स्कूल में शतरंज चैंपियनशिप का आयोजन

# अक्षर कुमार मिश्रा ने पहला व तेजस राज ने दूसरा स्थान पाया



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

सरला बिरला पब्लिक स्कूल, रांची ने 29 और 30 नवंबर, 2024 को विद्यालय परिसर में इंटर-स्कूल शतरंज चैंपियनशिप 2024-25 की मेजबानी की। यह चैंपियनशिप रांची सहोदय स्कूल कंप्लेक्स द्वारा आयोजित की गई। इस कार्यक्रम में अंतर्राष्ट्रीय और ऑल झारखंड शतरंज एसोसिएशन के संयुक्त सचिव श्री दीपक कुमार उपस्थित थे। प्रतियोगिता का प्रारंभ अतिथियों के स्वागत और दीप प्रज्वलित के साथ हुआ। अतिथियों और प्रतिभागियों के स्वागत में विद्यालय के बच्चों ने मनमोहक ओडिसी नृत्य प्रस्तुत किया। प्राचार्या परमजीत कौर ने उपस्थित प्रतियोगियों एवं अतिथियों को संबोधित किया। साथ ही खेलों के नियमों की घोषणा की। प्रतियोगिता में रांची के 18 स्कूलों के 183 छात्रों ने भाग लिया। प्रतियोगिता चार श्रेणियों- अंडर 11, अंडर 14, अंडर 17 और अंडर 19 में आयोजित की गई थी। परिणामों की घोषणा के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ। अंडर-11 (बॉय) वर्ग में ब्रिजफोर्ड स्कूल तुपुदाना के उजन मंडल ने पहला स्थान, कैराली स्कूल रांची के श्रेयांश राज ने दूसरा स्थान और कैराली स्कूल रांची के विवान वैदिक ने तीसरा स्थान हासिल किया। अंडर-14 (बॉय) वर्ग में लोयोला कॉन्वेंट स्कूल के जाकी शाद ने पहला स्थान, शारदा ग्लोबल स्कूल के शान जरांग बोरो ने दूसरा स्थान और डीएवी पब्लिक स्कूल गांधी नगर के अपूर्व सिंह ने तीसरा स्थान हासिल किया। अंडर-17 (बॉय) वर्ग में शारदा ग्लोबल स्कूल के अक्षर कुमार मिश्रा ने पहला स्थान, जवाहर विद्या मंदिर श्यामली के तेजस राज ने दूसरा स्थान और जवाहर विद्या मंदिर श्यामली के आदित्य कुमार झा ने तीसरा स्थान हासिल किया।

### अन्नपूर्णा सेवा में 410 लोगों ने किया भोजन



**रांची।** रांची जिला मारवाड़ी सम्मेलन द्वारा संचालित पहाड़ी मंदिर रोड स्थित श्री लक्ष्मी वेंकटेश्वर अन्नपूर्णा सेवा में शनिवार को 225 लोगों ने भोजन प्राप्त किया। आज की यह अन्नपूर्णा सेवा स्व. गीता देवी की पुण्यतिथि में उनकी पुत्री पुष्पा देवी, दामाद बजरंग केडिया, पुत्र महेश अग्रवाल एवं उनके परिवार द्वारा प्रायोजित थी। रांची जिला मारवाड़ी सम्मेलन द्वारा संचालित पुरुलिया रोड स्थित स्वर्णभूमि अन्नपूर्णा सेवा केंद्र में 185 लाभुकों ने भोजन प्राप्त किया। दोनों अन्नपूर्णा सेवा में 410 लोगों ने भोजन किया। इस अवसर पर अन्नपूर्णा सेवा के संयोजक सुरेश चंद्र अग्रवाल ने कहा कि माता अन्नपूर्णा लोगों को इसी प्रकार सेवा करने की प्रेरणा प्रदान करें और प्रभु की कृपा सदैव सबों के परिवार पर बनी रहे। उन्होंने कहा कि आर्थिक रूप से कमजोर लोगों के लिए अन्नपूर्णा सेवा निरंतर चलती रहेगी। दोनों अन्नपूर्णा सेवा विगत ढाई वर्षों से प्रतिदिन निरंतर सफलतापूर्वक चलाया जा रहा है। इस अवसर पर मारवाड़ी सम्मेलन के जिला अध्यक्ष ललित कुमार पोद्दार, महामंत्री विनोद कुमार जैन, प्रमोद अग्रवाल, पुरुषोत्तम विजयवर्गीय, प्रदीप नारसरिया,मनोज रुइया, द्वारका प्रसाद अग्रवाल, निर्भय शंकर हरित, सांवरमल बुधिया, संजय सर्राफ,रमेश बंका, सहित कई सदस्य उपस्थित थे। रांची जिला मारवाड़ी सम्मेलन के संयुक्त महामंत्री सह प्रवक्ता संजय सर्राफ ने कहा कि दोनों अन्नपूर्णा सेवा स्व. सत्यनारायण नारसरिया एवं स्व. शारदा देवी नारसरिया की स्मृति में एवं रांची जिला मारवाड़ी सम्मेलन द्वारा संचालित है।

# श्रीश्याम मंदिर में श्रीश्याम भंडारा का हुआ भव्य आयोजन



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

शनिवार को श्रीश्याम भण्डारा का आयोजन किया गया। भंडारे में छोला,भटुरा, गाजर मूली का आचार, गुड़ का खीर मोहन का प्रसाद मंदिर में मंडल के अध्यक्ष सुरेश सरावगी के देख रेख में निर्मित किया गया था। यजमानश्री परिवार के पंकज - रमा पौदार, ऋषभ पोद्दार - नेहा अग्रवाल ने श्रीश्याम मंदिर में विराजमान खाटूनरेश, लड्डू गोपाल, शालीग्राम जी, गरुड़ जी, श्रीश्यामेश्वर महादेव,श्रीराम दरबार, हनुमानजी महाराज व गुरुजनों को भण्डारे का भोग अर्पित करके झारखंड राज्य के विकास एवं परिवारजनों के लिए मंगल की प्रार्थना की। श्रीश्याम मित्र मण्डल के प्रथम महामंत्री विश्वनाथ नारसरिया के नेतृत्व में भक्तजनो ने श्रीश्याम प्रभु के लोकप्रिय भोग भजन आवो -आवो भोग लगावो बाबा श्याम जी..ड्ड.. रुच-रुच भोग लगावो बाबा श्याम जी..... का गायन किया। भोग लगे प्रसाद को पोद्दार परिवार ने विशाल भण्डारे में मिश्रित करके रांची गौशाला की गाय माता के लिए अलग से प्रसाद की पूजा -अर्चना करके मंदिर के आचार्यों को प्रसाद खिलाकर उनका आशीर्वाद प्राप्त किया। इसके बाद भक्तजनो के भण्डारा वितरण प्रारम्भ किया गया। पंकज -रमा- ऋषभ पोद्दार एवं नेहा अग्रवाल ने भण्डारे का प्रसाद वितरण प्रारम्भ किया। उपरोक्त चार तरह के प्रसाद के अतिरिक्त बिस्कुट की पाकिट अलग से दिया जा रहा था।

# अमित महतो ने निकाला आभार पदयात्रा



> **आप लोगों ने मुझ पर जो विश्वास जताया है उस विश्वास को कभी नहीं टूटने दूंगा। आप लोग निसंकोच आएं**

**नवीन मेल संवाददाता। मुरी सिल्ली**

विधानसभा से नवनिर्वाचित विधायक अमित महतो ने विगत शुक्रवार की शाम बड़ा मुरी, भिखारी चौक, सिंगपुर चौक से मुरी बाजार तक आभार पदयात्रा निकालकर लोगों को आभार जताया ।अपने संबोधन में विधायक ने कहा कि जिस विश्वास के साथ जनता ने उन्हें विधानसभा फिर से एक बार भेजने का मौका दिया है उस पर चहमुखी विकास कर खरा उतरने का कोशिश करूंगा` लोगों का रुका हुआ काम समय पर पूरा करना ही मेरा लक्ष्य रहेगा।आप लोगों के बदौलत मुझे विधायक के रूप में पहचान मिली है और आप लोगों के आशीर्वाद से ही यह संभव हुआ है` आपने हमें संघर्ष का माध्यम बनाया है मैं वादा करता हूं आप लोगों ने मुझ पर जो विश्वास जताया है उस विश्वास को कभी नहीं टूटने दूंगा। आप लोग निसंकोच आए। ग्रामीण समस्या से संबंधित आवेदन दें और समाधान करना मेरी जिम्मेदारी है। विधानसभा अंतर्गत जितने भी सरकारी कार्यालय है उनके कार्य शैली में भी बदलाव लाने का प्रयास करूंगा। हर सुख दुख में एक पैर पर खड़ा रहूंगा क्योंकि मैं संघर्ष से ही पैदा हुआ हूं। हेमंत सोरेन के नेतृत्व में गरीबों की सरकार बनी है निसंदेह बिना किसी भेदभाव के विकास का काम करूंगा` पूर्व विधायक सीमा महतो ने कहा आप सभी को धन्यवाद देना चाहेंगे कि आप मुरी वासी का भरपूर साथ मिला है ।आप सब के आभारी रहेंगे और जो भी काम मुरी का अधूरा है वह हम लोग मिलजुल कर पूरा करेंगे। इस मौके पर सिल्ली पूर्वी जिला परिषद सदस्य लक्ष्मी कुमारी, सिल्ली झामुमो प्रखंड अध्यक्ष राधिका महतो, सिल्ली कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष कार्तिक चंद्र महतो, फकरुद्दीन राय,जोबा सेन, श्रीकांत महतो, संतोष महली, अशरफ अली, पवन महतो, मोहम्मद इमाम, मोहम्मद नौशाद, मोहम्मद रमजान, शैकुल, दिलीप, सूरज रजक, संजय महतो, शक्ति महतो, मोहम्मद नईम,दिनेश साहू समेत हजारों कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# एक नजर

## स्वच्छता व जिला स्तरीय हस्ताक्षर अभियान चला

**कोडरमा।** संस्था समर्पण, लीड्स और टीडीएच द्वारा ग्लोबल एक्शन मंथ के तहत शनिवार को स्वच्छता अभियान चलाया गया। साथ ही जिला स्तरीय हस्ताक्षर अभियान चलाया गया। अभियान में जिले के विभिन्न क्षेत्रों से आए युवाओं ने भाग लिया। सुंदर नगर, कोडरमा की सड़कों के आसपास साफ-सफाई की गयी। इस दौरान संजीत कुमार ने कहा कि लोगों के व्यवहार में परिवर्तन लाना इस अभियान का मुख्य उद्देश्य है। आज हमसभी को जागरूक होकर गंदगी और प्लास्टिक के प्रयोग का विरोध कर प्लास्टिक मुक्त कोडरमा बनाने की दिशा में पहल करने की जरूरत है। जबकि पवन कुमार ने कहा कि स्वच्छता को सुनिश्चित करने स्वच्छता, शौचालय, अपशिष्ट प्रबंधन के तरीकों की समस्या को सुलझाने की आवश्यकता है।

## मॉडर्न पब्लिक स्कूल के छात्रों ने विश्व एड्स दिवस मनाया

**कोडरमा।** झुमरी तिलैया स्थित मॉडर्न पब्लिक स्कूल के छात्रों ने शनिवार की सुबह प्रार्थनासभा में विश्व एड्स दिवस मनाया। इस दौरान न्यूटन हाउस के छात्रों ने एड्स संबंधी जागरुकता कार्यक्रम प्रस्तुत किया। इसमें पोस्टर प्रदर्शनी और भाषण शामिल थे। छात्रा श्रुति कुमारी ने इस विषय पर भाषण प्रस्तुत किया। कार्यक्रम का उद्देश्य छात्रों और शिक्षकों को एड्स के प्रति जागरूक करना और इसके रोकथाम, इलाज के बारे में सही जानकारी देना था। छात्रों ने संदेश दिया कि एड्स के प्रति जागरुकता ही इससे बचाव का सबसे प्रभावी उपाय है। प्राचार्य शैलेन्द्र कुमार ने कहा कि एड्स के प्रति जागरुकता ही बचाव का सबसे प्रभावी तरीका है। उन्होंने छात्रों से अपील की कि वे अपने परिवार और समाज में इस संदेश को फैलाएं। स्कूल निदेशिका संगीता शर्मा ने छात्रों के प्रयासों की सराहना की और उन्हें सामाजिक मुद्दों के प्रति संवेदनशील बने रहने की प्रेरणा दी।

## ग्रिजली स्कूल में प्रतिभा सम्मान समारोह में बच्चों ने बिखेरी सतरंगी छटा

**चंदवारा।** तिलैया डैम स्थित ग्रिजली स्कूल में प्रतिभा सम्मान समारोह आयोजन किया गया। शुभारंभ मुख्य अतिथि एनसीसी कमांडिंग ऑफिसर विजय कुमार, स्कूल निदेशक अविनाश सेठ, मनीष कपसीमे, निदेशिका सुनीता सेठ, शुभा कपसिमे, सीईओ प्रकाश गुप्ता, सीओओ तनिष्क सेठ, प्राचार्या अंजना कुमारी, ग्रिजली बीएड कॉलेज की प्राचार्या मृदुला भगत, बचपन प्ले स्कूल की प्राचार्या नीरजा, विशिष्ट अतिथि संजय अग्रवाल,निशा गुप्ता नें संयुक्त रुप से दीप प्रज्ज्वलित कर किया। यह सम्मान समारोह बच्चों के सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन और उनके माता पिता और शिक्षकों के योगदान को सम्मान देने के लिए किया गया। मुख्य अतिथि को स्कूल के सीईओ प्रकाश गुप्ता और प्राचार्या अंजना कुमारी ने पौधे भेंट किया। प्राचार्या ने कहा कि स्कूल का उद्देश्य केवल शैक्षणिक शिक्षा तक ही सीमित नहीं है, बल्कि यह सर्वांगीण विकास पर भी ध्यान देता है।

विभिन्न खेलों के लिए 90 खिलाड़ियों को राष्ट्रीय स्तर पर किया गया चयनित

# प्राचार्य ने अनुशासित होकर खेल भावना से खेलने के लिए किया प्रेरित

*19 वर्ष के बालक एवं बालिका वर्ग के सभी प्रतिभागी एथलेटिक्स, बास्केटबॉल, ताइक्वांडो, रेसलिंग आदि खेलों में भाग लेंगे*



**नवीन मेल संवाददाता। रामगढ़**
झारखंड जोन डी के सहायक क्षेत्रीय अधिकारी डीएवी रजरप्पा के प्राचार्य डॉ. एसके शर्मा ने 30 नवंबर 2024 को प्रातः 5:30 बजे नेशनल लेवल गेम्स एंड स्पोर्ट्स खेलने के लिए कुल 90 खिलाड़ियों को रवाना किया। ज्ञात हो कि डीएवी संस्था द्वारा आयोजित क्लस्टर और राज्यस्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता में चयनित बच्चे विभिन्न खेलों के लिए राष्ट्रीय स्तर पर खेलते हैं। क्लस्टर और स्टेट लेवल पर आयोजित खेलों में शानदार प्रदर्शन करने के कारण 90 खिलाड़ियों को राष्ट्रीय स्तर पर खेलने के लिए चुना गया। नेशनल लेवल खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन दिल्ली के कई स्थानों पर किया गया है। 2 दिसंबर से 4 दिसंबर तक होने वाली प्रतियोगिता में 14, 17 एवं 19 वर्ष के बालक एवं बालिका वर्ग के सभी प्रतिभागी एथलेटिक्स, बास्केटबॉल, ताइक्वांडो, रेसलिंग आदि खेलों में भाग लेंगे। प्राचार्य डॉक्टर शर्मा ने सभी को उनके उत्तम स्वास्थ्य, सुरक्षित यात्रा और जीत की शुभकामनाओं के साथ विदा किया। ये सभी खिलाड़ी और उनके स्काउट्स धनबाद से दिल्ली के लिए रवाना हुए। उन्होंने खिलाड़ियों को अनुशासित होकर खेल भावना से खेलने के लिए प्रेरित किया। सभी प्रतिभागियों की देखरेख के लिए तीन शिक्षक एवं शिक्षिका जा रहे हैं। साथ में जाने वालों में खेल शिक्षक मनीष कुमार सिंह रजनीश पाठक कौशल किशोर मधुरता मिश्रा फरहत जहां एवं निशु सिंह हैं।

निःशुल्क दंत व स्वास्थ्य जांच शिविर का हुआ आयोजन

# 90 जरूरतमंद हुए लाभान्वित



**नवीन मेल संवाददाता। हजारीबाग**
हजारीबाग कॉलेज ऑफ डेंटल साइंसेस एंड होस्पिटल एवं श्रीनिवास अस्पताल के संयुक्त तत्वावधान में शहर के पारनाला में दिन शनिवार को निःशुल्क दंत एवं स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें निःशुल्क दंत परीक्षण के साथ-साथ नेत्र एवं रक्त परीक्षण के साथ ही निशुल्क टूथ ब्रश, टूथ पेस्ट एवं दवा वितरण किया गया। शिविर में कुल 90 जरूरतमंद लाभांवित हुए। डॉक्टरों द्वारा मौखिक स्वास्थ्य जागरूकता और शिक्षा कार्यक्रम का संचालन किया गया। हजारीबाग डेंटल कॉलेज डेमोटांड के सचिव डॉ. प्रवीण श्रीनिवास ने बताया कि हजारीबाग डेंटल कॉलेज का उद्देश्य कम लागत में गुणवत्तापूर्ण दंत चिकित्सा देखभाल प्रदान करना है। शिविर के मरीजों के दांतों की सफाई जैसे बुनियादी उपचार बिलकुल मुफ्त है और इसके लिए अन्य इलाज में मरीजों को 50 प्रतिशत की छूट दी जाएगी। उन्होंने बताया कि डेंटल कॉलेज परिवार की कोशिश है कि निशुल्क शिविर का लाभ जन- जन तक पहूंचे तथा इससे हर जरूरतमंद लाभान्वित हो। डेंटल कॉलेज एवं श्रीनिवास अस्पताल के चिकित्सकों ने विभिन्न बीमारियों और उनके उपचार पर आवश्यक सलाह दी।

## न्यूज | बॉक्स

### स्कूल का मना 25वां स्थापना दिवस



**रामगढ़।** श्री अग्रसेन स्कूल भुरकुंडा का 25 वां स्थापना दिवस शनिवार को मनाया गया। समारोह का उद्घाटन स्कूल के निदेशक प्रवीण राजगढ़िया और प्राचार्य विवेक प्रधान ने किया। मौके पर प्रवीण राजगढ़िया ने कहा कि विद्यालय बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा देने के लिए संकल्पित है। विद्यालय का उद्देश्य बच्चों को संपूर्ण शिक्षा देते हुए उनकी सफलता की नींव तैयार करना है। इसी सोच के साथ विद्यालय आगे बढ़ रहा है। आने वाले चुनौतियों को भी स्वीकार कर बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए हम तत्पर हैं। आधुनिक शिक्षा व संस्कार बांटना ही हमारा उद्देश्य रहा है। विद्यालय की सफलता के पीछे कोयलांचल एवं ग्रामीण क्षेत्र के अभिभावकों का गहरा विश्वास है। प्राचार्य विवेक प्रधान ने कहा कि हर बच्चे का भविष्य संवारने के लिए विद्यालय उन्हें सही मार्गदर्शन और शिक्षा देने में जुटा है। हमारी कोशिश है कि हर बच्चा अपने जीवन में कामयाबी के शिखर तक पहुंचे। उन्होंने कहा कि पढ़ाई को किसी दवाब के रूप में नहीं लेना चाहिए, बल्कि शांत मन से चीजों को समझने का प्रयास करना चाहिए। किसी अच्छे चीज की शुरूआत करने से खुद को मत रोकें। यदि आप कुछ अच्छा करने को ठान लें, तो सफलता जरूर मिलेगी। स्थापना दिवस के अवसर पर बच्चों ने कई आकर्षक नृत्य की प्रस्तुति की। खेलकूद गतिविधियों का भी आयोजन हुआ। स्थापना दिवस के अवसर पर बच्चों और शिक्षकों के बीच मिठाइयां बांटी गई।

### विधवा को जमीन तो मिला, पर अधिकार नहीं



**बरही।** मलकोको की भूमिहीन विधवा सुदामा को तो अंचल ने जमीन तो दे दिया पर अधिकार दिलाने में अधिकारी अब भी असफल हैं. इसे लेकर विधवा कई बार अंचल से लेकर अनुमंडल कार्यालय तक चक्कर लगा चुकी है. शनिवार को एक बार फिर अंचल कार्यालय को आवेदन देकर न्याय की गुहार लगाई है. उक्त जानकारी देते एआईएमआईएम के जिलाध्यक्ष सह बरही विस प्रभारी सूरज दास ने दी.

श्री दास ने बताया कि आज से दो वर्ष पूर्व भूमिहीन वृद्धा को अंचल कार्यालय ने मलकोको गांव के खाता 51 और प्लॉट 250 का दो डिसमिल जमीन अंबेदकर आवास के लिए बंदोबस्त किया गया. प्रखंड कार्यालय ने आवास निर्माण के लिए प्रथम किस्त की राशि भी विधवा के खाते में हस्तांतरित कर चुका है. परंतु जब महिला उक्त स्थल पर कार्य करने जाती है तो उसी गांव के अलीबक्स अंसारी पिता स्व गुलो मियां उस जमीन को अपना बताते हुए उसका समान फेंक देता है और मारपीट पर उतारू हो जाता है. जिससे महिला का मकान निर्माण कार्य अब तक प्रारंभ नहीं हुआ है. महिला किसी प्रकार जीर्ण शीर्ण विद्यालय भवन में रह रही है. मामले को लेकर महिला ने शनिवार को एक बार फिर सीओ के नाम अंचल कार्यालय को आवेदन देते हुए अधिकार की गुहार लगाई है. महिला ने कहा - हुजूर ! अधिकार दिला दो.

### दारु प्रखंड के गाड़ी साडम में खलियान में रखा धान व पुआल जलकर हुआ राख



**दारू।** प्रखंड अंतर्गत कबलासी पंचायत के गाड़ी साडम में खलियान में रखा धान व पुआल जलकर राख हो गया। इस मौके पर विशेश्वर महतो ने बताया कि आग कैसे लगी इसकी जानकारी नहीं है। उन्होंने अपने तात्पर्य दिखाते हुए पानी का छिड़काव किया गया, लेकिन आग की लपेट इतनी तेज थी कि आग बुझाने में नाकाम रहे। 150 बोझा जलकर स्वाहा हो गया, इस तरह का मामला लगातार कई गांव से निकाल कर सामने आ रहा है। किसान काफी मायूस हो रहे हैं, उनका कहना है कि हमारा साल भर का मेहनत 1 मिनट में जलकर राख हो गया। हम लोग इसी पर उम्मीद लगा कर बैठे हुए थे, लेकिन अब जलकर राख हो गया। विशेश्वर महतो का कहना है कि उसके घर का जीवन यापन अब कैसे चलेगा। इसलिए सभी किसानों भाई से अनुरोध करते हैं कि खलियान को ऐसा जगह पर बनाया जाए जहां पर किसी तरह की आग लगने की संभावना न हो।

लिपिक की असामयिक निधन पर उपायुक्त ने जताया दुःख

# अधिकारियों व कर्मियों ने दो मिनट का मौन रखकर दी श्रद्धांजलि



**नवीन मेल संवाददाता। हजारीबाग**
जिला अभिलेखागार कार्यालय, हजारीबाग में कार्यरत लिपिक संदीप कुमार दुबे ईलाज के क्रम में निधन हो गया है। वें लंबे समय से बीमार थे। उनके दुखद निधन एवं दिवंगत आत्मा की शान्ति के लिए उपायुक्त नैंसी सहाय एवं उप विकास आयुक्त इश्तियाक अहमद समेत सभी समाहरणालय के सभी अधिकारी कार्मियों ने सभाकक्ष में दो मिनट का मौन रखकर ईश्वर से प्रार्थना की।

**❑ डीसी समेत सभी कर्मचारी निधन से काफी मर्माहत लोगों ने कहा, हम सभी दुख की घड़ी में इनके परिजनों के साथ हैं**

हउपायुक्त ने संदीप कुमार दुबे की असामयिक निधन पर अपनी गहरी संवेदना प्रकट की और ईश्वर से उनके शोकाकूल परिवार को इस दुःख की घड़ी में धैर्य धारण करने की प्रार्थना की।

विश्व एड्स दिवस पर हजारीबाग में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

# नुक्कड़ नाटक के जरिए लोगों को बचने की दी गई जानकारी

*एड्स के प्रति समाज में फैली भ्रांतियों को दूर करना और लोगों को इसके प्रभाव से बचाना बेहद जरूरी है*



**नवीन मेल संवाददाता। हजारीबाग**
विश्व एड्स दिवस के अवसर पर, ज्ञान ज्योति कॉलेज ऑफ फामेर्सी, पैरामेडिकल और नर्सिंग, हजारीबाग द्वारा विशेष जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य एड्स के प्रति समाज को जागरूक करना और इस गंभीर बीमारी से संबंधित मिथकों को दूर करना था। कार्यक्रम की शुरूआत नर्सिंग के छात्रों द्वारा प्रस्तुत नुक्कड़ नाटक जरिए से लोगों को बचने की दी गयी जानकारी, इसके साथ ही एड्स की रोकथाम, इसके लक्षण, उपचार, और संक्रमण से बचाव के उपायों को प्रभावी ढंग से दशार्या गया। इस नुक्कड़ नाटक ने दर्शकों को एड्स के प्रति संवेदनशील बनाने और इसकी रोकथाम में उनकी भूमिका के महत्व को समझाने का काम किया। इसके बाद फामेर्सी और पैरामेडिकल विभाग के छात्रों ने एड्स जागरूकता पर आधारित एक सेमिनार में भाग लिया। सेमिनार में छात्रों ने विशेषज्ञों के साथ मिलकर एड्स के विभिन्न पहलुओं पर चर्चा की। इस दौरान यह बताया गया कि एड्स एक वायरस (एचआईवी) के कारण होता है, जो असुरक्षित यौन संबंध, संक्रमित रक्त का उपयोग, और सुइयों के साझा उपयोग से फैलता है। कॉलेज के निदेशक शंभु कुमार ने सभा को संबोधित करते हुए कहा कि एड्स के प्रति समाज में फैली भ्रांतियों को दूर करना और लोगों को इसके प्रभाव से बचाना बेहद जरूरी है। उन्होंने छात्रों को प्रेरित करते हुए कहा कि जागरूकता फैलाने की जिम्मेदारी हम सबकी है।

सिमरिया विधायक ने सदर विधायक प्रदीप प्रसाद से की मुलाकात

# दोनों नेताओं ने क्षेत्रीय समस्याओं के समाधान को लेकर की बात



**नवीन मेल संवाददाता। हजारीबाग**
सिमरिया विधानसभा क्षेत्र से भारतीय जनता पार्टी के नवनिर्वाचित विधायक कुमार उज्जवल दास ने सदर विधानसभा क्षेत्र के नवनिर्वाचित विधायक प्रदीप प्रसाद से उनके कार्यालय में शिष्टाचार मुलाकात की। इस अवसर पर दोनों जनप्रतिनिधियों के बीच सौहार्दपूर्ण वातावरण में लंबी चर्चा हुई। मुलाकात के दौरान दोनों विधायकों ने अपने-अपने क्षेत्रों की प्रमुख समस्याओं और विकास कार्यों की आवश्यकता पर गहन मंथन किया। उन्होंने जनता के हितों को सर्वोपरि रखते हुए सभी क्षेत्रों में समग्र विकास सुनिश्चित करने का संकल्प लिया। साथ ही, दोनों नेताओं ने इस बात पर विशेष ध्यान दिया की वे क्षेत्रीय समस्याओं के समाधान के लिए मिलकर प्रयास करेंगे। विधायक कुमार उज्ज्वल दास ने कहा कि उनकी प्राथमिकता अपने क्षेत्र में मूलभूत सुविधाओं, जैसे सड़क, बिजली, पानी और स्वास्थ्य सेवाओं को मजबूत करना है। वहीं, विधायक प्रदीप प्रसाद ने अपने क्षेत्र में रोजगार, शिक्षा और युवाओं के विकास को प्राथमिकता देने की बात कही। दोनों विधायकों ने इस बात पर बल दिया कि वे जनता की आवाज को विधानसभा में मजबूती से उठाएंगे और हर संभव प्रयास करेंगे कि उनके क्षेत्र की जनता को उनके अधिकार और सुविधाएं समय पर मिलें। यह मुलाकात न केवल दोनों नेताओं के बीच समन्वय को मजबूत करती है, बल्कि क्षेत्र के विकास में एक नई दिशा देने का संकेत भी देती है।

# निधि इवेंट्स 31 दिसंबर को 'धूम मचाले' कार्यक्रम का करेगा आयोजन



**नवीन मेल संवाददाता। रामगढ़**
निधि इवेंटस रामगढ़ द्वारा नये वर्ष के उपलक्ष्य में आगामी 31 दिसंबर को गंगा रेजीडेंसी (अशोक टाकीज) रांची रोड में धूम मचाले कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा, जिसमें देश के जाने-माने कलाकारों द्वारा कार्यक्रम पेश किया जाएगा। आयोजन में झारखंड के जाने-माने कलाकारों को भी शामिल किया गया है। आयोजन में कोलकाता से प्रख्यात डीजे श्रेया, सिगरं मिस दिप्ती, सिगरं पारतौ प्रतिम, एंकर मौमीता, नटराज डासं ग्रुप आदि शामिल होंगे। आयोजन समिति ने बताया कि इस तरह का प्रोग्राम रामगढ़ में पहली बार हो रहा है। इसमें आने वाले 3 लकी कपल जोड़ों के साथ ही 1 लकी फिमेल, 1 लकी मेल, 10 लकी कूपन फ्री गिफ्ट दिया जायगा। बच्चों के लिए फ्री मनोरंजन। साथ ही कार्यक्रम में शामिल होने वाले सभी लोगों के लिए फ्री टी और डीनर की व्यवस्था होगीं। कार्यक्रम संध्या 7 बजे से रात्रि 12 बजे तक चलेगा। पूरी विधि व्यवस्था निजी सिक्यूरिटी एजेंसी के माध्यम से की जाएगी। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में निधि इवेंटस की पूरी प्रोफेशनल टीम सहयोग कर रही है। कार्यक्रम को लेकर राजू कैथ ने कहा है की रामगढ़ शहर के लोगों से अनुरोध है कि जल्द से कार्यक्रम में शामिल होने के लिए वे शीघ्र अपना कूपन बुक करवा लें। इस मौके पर अजय सिंह, सत्येंद्र, डॉ संजय सिंह आदि उपस्थित थे।

स्कूल के बच्चों ने दिया प्रतिभा का परिचय

# बगैर आंच के स्वादिष्ट खाना बनाने का दिखाया कौशल

*◆ बच्चों को रसोई में अपनी रचनात्मकता का पता लगाने के लिए भी प्रोत्साहित किया जाता है*
*◆ ये व्यंजन सरल और मजेदार होने के साथ-साथ स्वस्थ खाने की आदतों को बढ़ावा देते हैं*



**नवीन मेल संवाददाता। रामगढ़**
शनिवार को श्री गुरु नानक पब्लिक स्कूल के बच्चों ने विद्यालय के प्रांगण में अपनी प्रतिभा का परिचय देते हुए बिना किसी आंच के खाना पकाने का आनंद लिया और स्वादिष्ट व्यंजनों को तैयार किया। इस प्रतियोगिता में कक्षा 3 और कक्षा 7वीं के बच्चे उपस्थित रहे। बिना आग के खाना पकाने से न केवल सुरक्षा सुनिश्चित होती है बल्कि बच्चों को रसोई में अपनी रचनात्मकता का पता लगाने के लिए भी प्रोत्साहित किया जाता है। ये व्यंजन सरल और मजेदार होने के साथ-साथ स्वस्थ खाने की आदतों को बढ़ावा देते हैं। बच्चों के लिए यह एक सुखद सीखने का अनुभव बन जाता है। अपने बच्चे को कुछ बुनियादी खाना पकाने के कौशल सिखाने के अलावा इस अवसर का उपयोग उनके दूसरों के साथ तालमेल विकसित करने के लिए भी प्रेरित होते हैं। इस प्रतियोगिता में कक्षा 3 से प्रथम फलों का सलाद कक्षा 3 बी ग्रुप, सी अक्षत साहू, कौशल फ्रूट सलाद द्वितीय श्रेणी 3 सी ग्रुप सी गुरजोत सिंह, तीर्थ अग्रवाल, फ्रूट सलाद तृतीय कक्षा 3ए ग्रुप सी अदीब अहमद, ऋषि कुमार। सैंडविच में प्रथम श्रेणी 3बी ग्रुप डी पृथ्वी, श्रेयांश कक्षा 3सी ग्रुप डी प्रथम शुभम, राज निगम द्वितीय श्रेणी 3ए ग्रुप डी अमॉय पॉल ,शिवांश कुमार दही पापड़ी चौट में प्रथम श्रेणी 3बी ग्रुप बी रोहिराज निविदिता द्वितीय श्रेणी 3 सी ग्रुप बी अदिति, आरोही तीसरा 3 ए ग्रुप बी आफिया हुसैन, दृष्टि कुमारी तथा कक्षा सातवीं से फ्रूट सलाद में कक्षा सातवीं सी से प्रथम ग्रुप ए रितिका बनर्जी एंजेल कुमारी, कक्षा सातवीं अ से ग्रुप ए जानवी दिव्यांशी द्वितीय रही। सातवीं डी से ग्रुप ए दशमी, सृष्टि तृतीय तथा सातवीं बी से ग्रुप ए रिया कुमारी कृतिका कुमारी तृतीय रही। सैंडविच में सातवीं अ ग्रुप बी फर्स्ट हर्षित श्रीवास्तव फातिमा कक्षा सातवीं सी ग्रुप बी द्वितीय माही गर्ग, आर्य सोनी। सातवीं डी से ग्रुप बी तृतीय गीतिका, माही कौर सातवीं डी से ग्रुप बी तृतीय प्रांजल नंदिनी साक्षी बाला बेल दही पापड़ी चाट में 7ब ग्रुप डी फर्स्ट केशव गुप्ता कुशाग्रजीत, सातवीं व ग्रुप डी द्वितीय नीलद्र, अथर्व प्रकाश सातवीं ए ग्रुप डी तृतीया नयन , एमडी रेहान सातवीं डी से ग्रुप डी आकाश कुमार, देव तृतीय रहें। कार्यक्रम में विद्यालय के प्रधानाचार्य हरजाप सिंह, गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी रामगढ़ के अध्यक्ष सरदार परमदीप सिंह कालरा, विद्यालय प्रबंध्न कमेटी के अध्यक्ष सरदार हरपाल सिंह अरोड़ा, उपाध्यक्ष सरदार परमिंदर सिंह जस्सल और सरदार कुलजीत सिंह कालरा, उपाध्यक्ष सह प्रबंधक सरदार मनमोहन सिंह लांबा सहित विद्यालय प्रबंधक कमेटी के सदस्य सरदार परमजीत सिंह चमन, सरदार हरदीप सिंह, सरदार पुश्विंदर सिंह छाबड़ा, सरदार कुलजीत सिंह छाबड़ा, सरदार इंद्रपाल सिंह सैनी, सरदार ब्रह्म भसीन, सरदार विक्रमजीत सिंह कोहली तथा मीडिया प्रभारी सरदार करमजीत सिंह जग्गी उपस्थित रहें।

## 10 वादों का निष्पादन और 7 लाख रुपये राजस्व की वसूली

**कोडरमा।** प्रधान जिला जज सह प्राधिकार अध्यक्ष बाल कृष्ण तिवारी के मार्गदर्शन और जिला विधिक सेवा प्राधिकार के तत्वावधान में शनिवार को व्यवहार न्यायालय परिसर में मासिक लोक अदालत का आयोजन किया गया। लोक अदालत में कुल 10 वादों का निष्पादन किया गया। जबकि विभिन्न विभागों से कुल 7 लाख 20 हजार रु राजस्व की वसूली की गई। प्रधान जिला जज तिवारी ने कहा कि आज के वर्तमान परिवेश में लोक अदालत किसी परिचय की मोहताज नहीं है। यही कारण है कि इसकी लोकप्रियता दिन-प्रतिदिन बढ़ती जा रही है। उन्होंने कहा कि लोक अदालत में दिए गए फैसले में दोनों पक्षों की जीत होती है। यह फैसला दोनों पक्षों को संतुष्ट करता है। कोई पक्ष इसे थोपा हुआ महसूस नहीं करता है। लोक अदालत का निर्णय अंतिम निर्णय होता है।

# सवारी गाड़ी हुई दुर्घटनाग्रस्त एक दर्जन छात्र हुए जख्मी



**नवीन मेल संवाददाता। हजारीबाग**
शनिवार को छात्रों से भरी एक सवारी गाड़ी दुर्घटनाग्रस्त हो गई। इससे उसमें सवार एक दर्जन छात्र जख्मी हो गए। सभी को शेख भिखारी मेडिकल कॉलेज अस्पताल लाया गया है। हादसा अनियंत्रित तेज रफ्तार गाड़ी के सड़क किनारे चले जाने के कारण वाहन 10 फीट नीचे चली गयी। घटना हजारीबाग चतरा मार्ग के कटकमसांडी के लखनऊ छलटा मोड़ के पास हुई है। सवारी वाहन हजारीबाग शहर के मटवारी स्थित कोचिंग संस्थान में पढ़ने वाले 28 छात्र मटवारी से चतरा के तमासिन जलप्रपात पिकनिक के लिए जा रहे थे। लखनु छलटा के पास तीखे घुमावदार मोड़ होने के कारण ड्राइवर अपना संतुलन खो बैठा और गाड़ी सीधे सड़क के नीचे चली गयी। घटना के बाद वाहन में सवार रवि रंजन ठाकुर वहां से कूद गया उसका सर पत्थर से जा टकराया और वह गंभीर रूप से जख्मी हो गया। जबकि 11 छात्रों को चोटें आई है। इधर वाहन में सवार संतोष कुमार, सत्यम कुमार, और प्रीति कुमारी ने बताया कि ड्राइवर वाहन तेज चल रहा था। इस क्रम में वह संतुलन खो बैठा और यह हादसा हुआ।जबकि ड्राइवर सुनील का कहना है कि एक-एक सीट पर 5 से 6 छात्र जबरदस्ती बैठ गए थे मैंने काफी मना किया लेकिन वह नहीं माने और मजबूरी में गाड़ी चलानी पड़ी तेज घुमावदार मोड़ होने के कारण मैं स्टेरिंग घूम नहीं पाया और गाड़ी सड़क छोड़ नीचे चली गई। जिसके कारण यह हादसा हुआ।

**चालक ने कहा, तेज घुमावदार मोड़ होने के कारण स्टेरिंग घूम नहीं पाई और गाड़ी सड़क छोड़ नीचे चली गई**

# जागरूकता ही है एड्स से बचाव का उपाय, इस वर्ष 12 मरीजो की पुष्टि

नवीन मेल संवाददाता

**सिमडेगा।** जिले में गुरुवार को विश्व एड्स दिवस के मौके पर कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। गौरतलब है कि इस वर्ष माह जनवरी से नवंबर 2024 तक 12 एचआइवी धनात्मक रोगी पाए गए हैं। जिनमे में 5 पुरुष एवं 07 महिलाएं शामिल है। सभी मरीजो का इलाज चल रहा है। आईसीटीसी विभाग से मिली रिर्पोट के मुताबित इस वर्ष नवंबर माह तक 8112 लोगों का एचआईवी जांच किया गया है। जिसमें 3529 पुरुष एवं 459 महिला का एचआईवी जांच किया गया। वही 18 महीना पूरा होने वाले 02 बालक शिशु तथा 02 बालिका शिशु का भी जांच किया गया जिनमें एचआईवी एड्स के मामले नहीं पाए गए ।स्वास्थ्य विभाग ने जिलेवासियों से एड्स के प्रति जागरुक रहने की अपील की है ।आईसीटीसी काउंसलर दीपा कुमारी साहू ने जानकारी देते हुए बताया की सबसे सुखद खबर है कि सभी का इलाज चल रहा है सभी स्वस्थ हैं और इस वर्ष एचआईवी एड्स से किसी भी महिला या पुरुष की मौत नहीं हुई है।

## क्या है एचआईवी एड्स



स्वास्थ्य विभाग के अनुसार एचआइवी एडस एक जानलेवा बीमारी है। जो एचआइवी संक्रमित व्यक्ति से असुरक्षित यौन संबंध बनाने, एचआइवी संक्रमित खून चढ़ाने से, इस्तेमाल की हुई सूई का उपयोग करने से और जन्म के समय एचआइवी संक्रमित मां से उसके बच्चे को हो सकता है। सही और पूरी जानकारी को ही एड्स से बचाव का उपाय माना जाता है। वहीं एचआइवी पीड़ित रोगी में टीबी रोग की संभावना ज्यादा होती है, जबकि टीबी से पीड़ित में एचआइवी की संभावना कम होती है। एड्स संक्रमित व्यक्ति के साथ अच्छा वर्ताव चिकित्सकों के अनुसार एड्स छूने, हाथ मिलाने, गले लगाने, साथ खाने आदि से एचआइवी नहीं फैलता है। संक्रमित व्यक्ति के प्रति दफ्तर, घर और दोस्तों के बीच सामान्य बर्ताव करना चाहिए।

## विश्व एड्स दिवस पर प्रभातफेरी आज

विश्व एडस दिवस के मौके पर रविवार की सुबह सदर अस्पताल परिसर से जागरुकता रैली निकाली जाएगी। एचआईवी एडस कांउसेलर दीपा साहू ने बताया कि प्रभात फेरी में एएनएम स्कूल की छात्राएं शामिल रहेंगी। जो शहर के मुख्य मार्ग से होते हुए नीचे बाजार तक जाएगी। इसके बाद पुनः वापस अस्पताल परिसर लौटेगी।

## मासिक लोक अदालत का हुआ आयोजन, 103500 राजस्व की हुई वसूली

**सिमडेगा।** झारखण्ड राज्य विधिक सेवा प्राधिकार, राँची के निर्देशन में जिला विधिक सेवा प्राधिकार सिमडेगा द्वारा मासिक लोक अदालत का आयोजन व्यवहार न्यायालय परिसर में किया गया। इस अवसर पर कुल चार बेंच का गठन किया गया। पीडीजे सिमडेगा राजीव कुमार सिन्हा ने वादीगणों, आम जनता को आग्रह पूर्वक कहा कि सुलहनीय वादों के निष्पादन में लोक अदालत सरल, सस्ता एवं सुलभ मार्ग है। लोक अदालत में कुल 26 लंबित मामलों का निष्पादन किया गया तथा 103500/- रुपये की राजस्व वसूली की गयी। मुख्य न्यायिक दण्डाधिकारी, सिमडेगा के न्यायालय में लंबित 15 वाद, अनुमंडलीय न्यायिक दण्डाधिकारी, सिमडेगा के न्यायालय में लंबित 04 वाद, न्यायिक दण्डाधिकारी प्रथम श्रेणी, सिमडेगा के न्यायालय में लंबित 02 वाद एवं जिला एवं अपर सत्र न्यायाधीश -1, सिमडेगा के न्यायालय में लंबित 05 वाद का निष्पादन किया गया।

# न्यूज बॉक्स

## ठेठईटांगर प्रखंड कार्यालय के समीप आत्मा विभाग ने किसानों के बीच रबी फसल के बीज का किया वितरण



**ठेठईटांगर।** प्रखंड कार्यालय के नजदीक आत्मा विभाग़ के द्वारा किसानों के बीच शनिवार को सरसों, चना व मसूर का बीज वितरण किया गया। इस दौरान प्रखंड प्रमुख बिपिन पंकज मिंज, प्रखंड विधायक प्रतिनिधि मो कारू की उपस्थिति में कुल 89 किसानों के बीच कुल 1362 केजी बीज का वितरण किया गया। मौके पर प्रखंड प्रमुख बिपिन पंकज मिंज ने किसानों को संबोधित करते हुए कहा कि किसानों के विकास और समृद्धि के लिए महागठबंधन की सरकार प्रतिबद्ध है। अनुदान में दिए जा रहे बीज का उपयोग कर सभी किसान बेहतर ढंग से खेती करें और इसका लाभ उठाएं।विधायक प्रतिनिधि मोहम्मद कारु ने कहा कि यह भी कहा कि क्षेत्र के सभी लोग खेती-बाड़ी में जुट जाए तो हमारी अबसे बड़ी समस्या पलायन स्वतः समाप्त हो जाएगी। हमलोग वर्तमान में केवल बरसात में ही खेती करते है, इस मानसिकता को बदलने की आवश्यकता है। साग-सब्जी के अलावा अन्य कई खाद्य पदार्थों की खेती करने से हमारे क्षेत्र के अधिकतर लोगों को स्वरोजगार मिल सकेगा। उन्होंने सभी किसानों को बेहतर ढंग से खेती करने और खेती हेतु दिए गए प्रशिक्षण का उपयोग करने की बात कही। इस दौरान मौके पर मुखिया संगीता मिंज के अलावा अन्य जनप्रतिनिधि मौजूद थे।

## सिमडेगा डीएसओ के असामयिक निधन पर जिला प्रशासन ने की शोकसभा, दी श्रद्धांजलि



**सिमडेगा।** जिला में पदस्थापित जिला आपूर्ति पदाधिकारी संदीप भगत की असामयिक निधन होने पर जिला प्रशासन द्वारा शनिवार को शोक सभा आयोजित कर दिवंगत आत्मा की शांति के लिए 2 मिनट का मौन रखकर तथा चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी गई। जिला आपूर्ति पदाधिकारी के रूप में सिमडेगा जिले में पदस्थापित संदीप भगत बीमार थे उनका इलाज भुवनेश्वर के अस्पताल में चल रहा था। जहां शुक्रवार की देर रात 9 बजे इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई। जिले के एक कर्मठ पदाधिकारी के असामयिक निधन से जिला प्रशासन काफी मर्माहत है। उपायुक्त सिमडेगा अजय कुमार सिंह के निर्देश पर समाहरणालय सभागार में उप विकास आयुक्त संदीप कुमार दोराईबुरु की अगुवाई में शोक सभा का आयोजन किया गया। जिसमें समाहरणालय में कार्यरत जिला प्रशासन के सभी पदाधिकारी एवं कर्मी द्वारा शामिल होकर दिवंगत संदीप भगत के आत्मा की शांति के लिए श्रद्धासुमन अर्पित किए। गौरतलब हो संदीप भगत एक मृदुभाषी और अपने कार्यों के प्रति लोगों के बीच एक अमित छाप छोड़ी है जो कि हमेशा लोग याद करेंगे।

## स्वास्थ्य केंद्र के एएनएम शिशिर मड़की हुई सेवानिवृत्त, दी गई विदाई



नवीन मेल संवाददाता

**बानो।** प्रखण्ड के प्राथमिक स्वास्थ्य उप केंद्र हुरदा के एएनएम शिशिर मड़की का सेवा काल समाप्त होने पर शनिवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बानो में विदाई समारोह कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में सवस्थ कर्मियों द्वारा विदाई गीत प्रस्तुत किया। मौके पर शिशिर मड़की को स्वस्थ्य विभाग की ओर से उपहार देकर बिदाई दी गई। चिकित्सा प्रभारी डॉ मनोरंजन कुमार ने कहा आप ने सुदूर गांव में विषम परिस्थितियों के लोगों के सेवा में तत्पर रहीं। क्षेत्र के दूर दराज गावों में पैदल जा कर लोगों की सेवा की है यह हम स्वस्थ्य कर्मियों के अनुकरणीय है। सफलता पूर्वक अपने परिवार को देखते हुए लोगों की सेवा में तत्पर रही । आज हम दुख के साथ आपको विदाई देते हुए शुभकामना देते हैं कि आप अब अपने आगे का जीवन खुशी पूर्वक वितायें। ईश्वर आपको स्वस्थ रखे।मौके पर डॉ० असगर अली,डॉ०जावेद , ,सुरेंद्र उरांव ,शशिप्रभा ,दिलीप कुमार ,हिमांशु कुमार आदि लोग उपस्थित थे।

## हत्या के आरोपी को मिला आजीवन कारावास, बीस हजार रुपये जुर्माना भी

**सिमडेगा।** प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश की अदालत ने शनिवार को हत्या के आरोपी को आजीवन कारावास के अलावा 20000 जुर्माना की सजा सुनाई है। जुर्माना की राशि नहीं भरने पर अतिरिक्त सजा के निर्देश दिए हैं इस संबंध में बानो के गिरदा थाना कांड संख्या 12/20 के तहत मामला दर्ज है बताया गया कि 22 फरवरी 2020 को आरोपी पहलाद सिंह के द्वारा हत्या की घटना को अंजाम दिया था जिसके बाद पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार करते हुए हिरासत में जेल भेज दिया था। सिमडेगा पुलिस के वैज्ञानिक अनुसंधान एवं उत्कृष्ट अभियोजन के फलस्वरूप सभी गवाहों को ससमय न्यायालय में उपस्थित कराया गया जिसके फलस्वरूप प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश, सिमडेगा के न्यायालय महोदय के द्वारा हत्या आरोपी प्रहलाद सिंह पिता स्व मोस्को सिंह पता करकटा गंझूटोली थाना- बानो को आजीवन कारावास और 20,000 जुर्माना से दण्डित किया गया।

### गोबर धंसा डैम परिसर में उत्कलीय ब्राह्मण सेवा संघ की हुई बैठक

## लचड़ागढ़ में 18-19 जनवरी को आयोजित होगा सामूहिक यज्ञोपवीत संस्कार कार्यक्रम

नवीन मेल संवाददाता




**कोलेबिरा।** कोलेबिरा स्थित गोबर धंसा डैम परिसर में उतकलीय ब्राह्मण सेवा संघ रांची झारखंड की बैठक समाज के संरक्षक केशव चन्द्र पाणिग्राही की अध्यक्षता में आयोजित हुई। बैठक का शुभारंभ ओम् एवं वैदिक मंत्रोच्चार के साथ द्विप प्रज्वलित कर किया गया। बैठक में लचड़ागढ़ में आयोजित 18-19 जनवरी को सामुहिक यज्ञोपवीत संस्कार कार्यक्रम के संदर्भ में चर्चा की गई तथा कार्यक्रम को सफल बनाने को लेकर विचार-विमर्श किया गया तथा विस्तृत कार्य योजना का सर्वसहमति से अनुमोदन किया गया एवं वेदी निर्माण,टेंट, भोजन व्यवस्था, स्वागत, प्रचार प्रसार, वित्त, यज्ञोपवीत हेतु राशि संग्रहण समिति सहित कार्यक्रम के सफल आयोजन हेतु कई अन्य मामलों पर समिति का गठन किया गया,इस दौरान सिमडेगा, गुमला, खुंटी, रांची एवं लोहरदगा के जिलाध्यक्षों द्वारा बैठक को सम्बोधित किया गया एवं यज्ञोपवीत संस्कार सहित ब्राह्मण समाज के उत्थान के संदर्भ में अपने अपने विचार व्यक्त किया गया तथा यज्ञोपवीत संस्कार हेतु समाज के लोगों से संघ से सम्पर्क कर रजिस्ट्रेशन कराने का आग्रह किया गया बैठक में यह भी निर्णय लिया गया कि समाज के लोगों द्वारा इच्छुक शादी के लिए भी सम्पर्क एवं रजिस्ट्रेशन किया जा सकता है, शादी निशुल्क समाज द्वारा किये जाने की भी बात कही गई, स्वागत भाषण जितेंद्र कुमार पंडा,मंच संचालन सुनील कुमार द्विवेदी तथा धन्यवाद ज्ञापन सिमडेगा जिलाध्यक्ष विद्या बंधु शास्त्री द्वारा किया गया, मौके पर केदार महांती,गोविदा पंडा,कुमुद बिहारी षाडंगी,सुरज बीसी,पवन मिश्रा, मनोज पाणिग्राही, पवन मिश्रा, बिशुन पाणिग्राही,संजु पाढी, विद्याधर पंडा,दिलीप पंडा, श्याम सुंदर आचार्य, सुरेंद्र नाथ बीसी,सुरज पंडा,संजय दास,दीपु पंडा,रंजीत पंडा, चिंता पति,जयंत मिश्रा, ज्ञानेंद्र पति,अमित पाढी, बदरीनाथ दास,शशि पाढी सहित रांची, लोहरदगा, गुमला,खुंटी, सिमडेगा जिले सहित अन्य क्षेत्रों के उत्कल ब्राह्मण समाज के लोग मौजूद थे।

## कुरडेग पुलिस ने मानसिक रूप से बीमार व्यक्ति का शव किया बरामद



**रांची।** कुरडेग : थाना क्षेत्र के खालीजोर नावापारा ताला टोंगरी के समीप शनिवार सुबह में कुरडेग पुलिस को अज्ञात व्यक्ति का शव का बरामद हुआ था। काफी देर तक प्रयास करने के बाद शव की पहचान हुई ।मृतक की पहचान गुलबदन राम 43 बर्ष पिता मोहनू राम निवासी मकरी बंधा थाना तपकारा जिला जशपुर छः गः के रूप में हुई । घटना के संबंध में मृतक के जीजा निस्तोर लकड़ा ने बताया कि मृतक गुलबदन राम पिछले 15 बर्षो से मानसीक रूप से अस्वस्थ था जिसका ईलाज जड़ी बुटी के द्वारा घर पर किया जा रहा था 24 नवम्बर की रात को घर से निकल कर कहीं चला गया ।इससे पहले भी कई बार घर से भाग जाता था जिसे खोजबीन कर घर लाया जाता था ।इस बार संभवतः भटकते हुए खाली जोर तालाटोंगरी की ओर गया और ठण्ड लगने से मृत्यू हो गई । इस द्वारा सोशल मीडिया पर फोटो वायरल कराया गया जिसके बाद नवीन मेल के रिपोर्टर के प्रयास पर इसकी सूचना परिजनों तक पहुंची ।परिजनो के साथ कुरडेग थाना पहुंचकर शव का पहचान किया । वहीं थाना प्रभारी नवीन कुमार ने आवश्यक कानूनी प्रक्रिया के पश्चात शव पोस्टमार्टम के लिए सिमडेगा सदर अस्पताल भेज दिए।

## बस स्टैंड सिमडेगा में स्कूली बच्चों का जमावड़ा धूम्रपान का हो रहे शिकार



नवीन मेल संवाददाता

**सिमडेगा।** किसी ने कहा है कि शिक्षा शेरनी का वह दूध है जिसे जो जितना पिएगा शिक्षा उतना ही मिलेगी। लेकिन सिमडेगा में आजकल इस कहावत को विपरीत दिशा में ले जाने का काम स्कूली बच्चे कर रहे हैं। सिमडेगा के विभिन्न स्कूलों के बच्चे इन दोनों स्कूल से भाग कर या स्कूल छुट्टी होने के बाद सिमडेगा बस स्टैंड पहुंचते हैं और जहां पर स्कूली बच्चों का जमावड़ा लगता है। जिसके बाद सभी धूम्रपान एवं कोल्ड ड्रिंक का आनंद लेते है। पिछले दिनों पीसीआर के द्वारा कई लोगों को खदेड़ा था जिसके बाद यह बंद हो गया था, लेकिन एक बार फिर से धूम्रपान का सिलसिला बस स्टैंड में खुलेआम शुरू हो गया है। स्कूली बच्चे घर से तो अपने अभिभावकों को स्कूल जाने के नाम पर निकलते हैं, लेकिन स्कूल ना जाकर बस स्टैंड में पहुंचकर घंटे तक धूम्रपान का आनंद लेते हैं ।इससे उनके स्वास्थ्य पर बुरा प्रभाव पड़ता है साथ-साथ उनके शिक्षा पर भी इसका असर पड़ रहा है। नाम नहीं बताने के शर्त पर बताया गया कि सेंट मेरिज हाई स्कूल, गोस्सनर कॉलेज ,संत हाई स्कूल सहित अन्य जगहों के स्कूली बच्चे यहां पर जमा होते हैं और सभी लोग धूम्रपान करते हैं। जिस पर प्रशासन भी वर्तमान समय में मूकदर्शक बनी हुई है।

## जूनियर कैंब्रिज स्कूल सिमडेगा में धूमधाम के साथ मनाया गया जनजातीय गौरव दिवस


नवीन मेल संवाददाता



**सिमडेगा।** कैंब्रिज स्कूल सिमडेगा में जनजातीय गौरव दिवस 2024 के अवसर पर प्रदर्शनी 2024 का भव्य आयोजन किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि अनुमंडल पदाधिकारी सिमडेगा और विशिष्ट अतिथि प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी सिमडेगा उपस्थित रहे।कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन और दीपो ज्योति परम ज्योति गीत के साथ हुआ। मुख्य अतिथि ने बच्चों द्वारा बनाए गए मॉडल का अवलोकन करते हुए उनकी रचनात्मकता और नवाचार के सराहना की उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि इस तरह का आयोजनों से बच्चों को अपने विचारों को व्यक्त करने और व्यवहारिक ज्ञान अर्जित करने का अवसर मिलता है यह अनुभव उनके भविष्य के निर्माण में सहायक होंगे।प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी सिमडेगा ने अपने संबोधन में कहा कि प्रदर्शनी जैसे कार्यक्रम छात्रों के बीच वैज्ञानिक दृष्टिकोण और रचनात्मक सोच विकसित करने में मददगार साबित होता है। उन्होंने कहा कि बच्चों की लगन और शिक्षकों की मेहनत से यह आयोजन बेहद सफल और प्रेरणादायक रहा। उन्होंने विद्यालय प्रबंधन से आग्रह किया कि विद्यालय के बच्चों को गुमला में स्थित विज्ञान केंद्र ले जाकर एक बार अवश्य दिखाएं।प्रदर्शनी में छात्रों ने विज्ञान, गणित, कला, पेंटिंग, क्राफ्ट और रंगोली से संबंधित 105 मॉडल का प्रदर्शन किया। विशेष आकर्षण के रूप में सूर्य और चंद्रग्रहण मॉडल, सौरमंडल, ज्वालामुखी मॉडल, गुणनखंड मॉडल, गणितीय आकृति पर आधारित रोबोट तथा 2डी नेट रहा। बच्चों ने अपने प्रोजेक्ट को समझने के लिए उत्कृष्ट प्रस्तुति दी जिसने अतिथियों और दर्शकों को बेहद प्रभावित किया।

प्रदर्शनी में सभी मॉडलों और परियोजनाओं का मूल्यांकन किया गया और विज्ञान में कुंदन, साकिब, सादिक गणित में असद, रेहान, निशा चित्रकला में परमानंद, अनुष्का, कुणाल रंगोली में तृषा, सिमरन, केशव तथा शिल्प कला में जॉन, स्वास्तिक और कुमकुम को क्रमशः प्रथम, द्वितीय और तृतीय पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया।विद्यालय के निदेशक ने कहा कि हमारा उद्देश्य शिक्षा को रचनात्मक और व्यावहारिक बनाना है। यह प्रदर्शनी बच्चों के आत्मविश्वास को बढ़ाने और उनके अंदर छिपी प्रतिभाओं को उभरने का एक मंच है। उन्होंने स्वर्ण जयंती वर्ष में ऐसे और भी प्रेरणादायक कार्यक्रमों की आयोजन की घोषणा की।कार्यक्रम का समापन राष्ट्रगान के साथ हुआ, यह आयोजन न केवल छात्रों के लिए एक सीखने का अनुभव बना बल्कि अभिभावकों और समुदाय के लिए भी प्रेरणा का स्त्रोत साबित हुआ। कार्यक्रम को सफल बनाने में विद्यालय के रिजवाना खातून, सोनी कुमारी, लक्ष्मी पाठक, छोटेलाल, सुमैया, अंजू रंजन, लता कुजूर, मुनुरेन और देवंती का अहम योगदान रहा।


## बंगाल की खाड़ी में उठे चक्रवात "फेंगल" का सिमडेगा में दिखा असर, झमाझम बारिश



**रांची।** सिमडेगाः सिमडेगा में जहां एक और खड़के की ठंड से जनजीवन प्रभावित हो रखी है वहीं दूसरी ओर बंगाल की खाड़ी में निम्न दबाव की वजह से उठे चक्रवाती तूफान फेंगल का शनिवार को असर देखने को मिला। शनिवार को सुबह से ही आसमान में बादल छाए रहे और ठंड रही दोपहर के बाद झमाझम बारिश शुरू हो गई ,जिससे किकनकनी बढ़ गई ।इधर बारिश होने की वजह से जनजीवन प्रभावित दिखा। लोग बारिश से इधर-उधर बचते हुए नजर आए। बताया गया कि जिस प्रकार से लगातार हो रही बारिश से लोगों के स्वास्थ्य पर भी इसका बुरा प्रभाव पड़ेगा। झमाझम बारिश के साथ ही ठंड में इजाफा देखा जा रहा है और लोग आज के अलाव का सहारा लेते हुए देखे गए ।बताया गया की मौसम विभाग के अनुसार सिमडेगा में चक्रवर्ती तूफान का चार दिसम्बर तक असर रहेगा। वहीं मौसम खुलने के साथ ही जिले में एक बार फिर से कड़ाके ठंड में इजाफा हो जाएगी। बताया गया कि बिन मौसम हो रही बारिश की वजह से किसानों को भी इसका भरपूर नुकसान उठाना पड़ेगा बताया जा रहा है कि खेतों में लगाए गए रवि फसल आलू मटर गोभी आदि सभी चीजों को बारिश की वजह से बर्बाद होने की संभावना व्यक्त की गई है ।इसके अलावा खलिहानों में किसानों का धान मिसाई का काम चल रहा है। बारिश हो जाने से खेत में काट कर रखे फसल एवं खलिहान में रखे धान को भी नुकसान होगी।

## सिमडेगा कॉलेज के प्राचार्य डॉ रामकुमार प्रसाद हुए सेवानिवृत्त

नवीन मेल संवाददाता



**सिमडेगा।** सिमडेगा कॉलेज सिमडेगा के प्राचार्य डॉ. रामकुमार प्रसाद शनिवार को सेवानिवृत्त हो गए। उनके सेवानिवृत्त होने पर शनिवार को विदाई समारोह आयोजित कर उन्हें विदाई दी गई। मौके पर प्राचार्य डॉ रामकुमार प्रसाद को शिक्षकेत्तर कर्मियों के अलावा छात्र-छात्राओं ने बुके एवं उपहार देकर सम्मानित किया। मौके पर छात्रों ने विदाई गीत के अलावे कई कार्यक्रमों की भी प्रस्तुति की। वक्ताओं ने डॉ रामकुमार प्रसाद के कार्यकाल की उपलब्धियों को गिनाया। उन्होंने कहा कि डॉ रामकुमार प्रसाद ने अपने कार्यकाल के दौरान सिमडेगा कॉलेज को एक नई पहचान दी। शिक्षा के प्रति उनके समर्पित कार्य के कारण आज जिले के कई गरीब बच्चे आसानी से उच्च डिग्री ग्रहण कर रहे हैं। वहीं कई छात्र विभिन्न क्षेत्रों में नौकरी कर रहे हैं। डॉ रामकुमार प्रसाद ने अपनी कड़ी मेहनत और लगन से सिमडेगा जिले में शिक्षा के क्षेत्र में कई कृतिमान हासिल किया है ।डॉ रामकुमार प्रसाद के कार्यों की जितनी प्रशंसा की जाए कम है। उनके द्वारा का किए गए योगदानों को कभी भुलाया नहीं जा सकता है। उन्होंने जिले के गरीब छात्रों के लिए एक नया द्वारा खुला है। डॉक्टर रामकुमार प्रसाद ने भी अपने विचार रखें। उन्होंने समारोह आयोजित करने के लिए सभी शिक्षककेतर कर्मचारी एवं छात्रों के प्रति आभार जताया। साथ ही कहा कि उनके कार्यकाल के दौरान कालेज प्रबंधन के अलावा जिले के सभी लोगों का सराहनीय योगदान रहा है। इसके लिए भी आभारी हैं। सभी के सहयोग से ही सिमडेगा कॉलेज को एक नई पहचान देने का प्रयास किया किया।

### नए प्राचार्य देवराज प्रसाद ने ग्रहण किया पदभार

मौके पर नए प्राचार्य के रूप में नए प्राचार्य डॉ देवराज प्रसाद ने पदभार ग्रहण किया। पदभार ग्रहण करने के बाद उन्होंने कहा कि सिमडेगा को शिक्षा के क्षेत्र में आगे ले जाने का काम करेंगे। जिले के गरीब बच्चों को भी उच्च शिक्षा देने की दिशा में लगातार प्रयास किया जाएगा। उन्होंने कहा कि जिले के सभी गरीब बच्चों को बेहतर और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करना उनकी पहली प्राथमिकता होगी। मौके , संदीप कुमार सहित कई कॉलेज के वरिष्ठ शिक्षक उपस्थित थे।

## तेज रफ्तार पिकअप वाहन दुर्घटनाग्रस्त, दो लोग हुए घायल

**सिमडेगा।** राउरकेला मुख्य मार्ग अर्जुनढोंढा के पास शनिवार को दोपहर में तेज रफ्तार आ रही पिकअप वाहन दुर्घटनाग्रस्त हो गई ,जिसमें सवार दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए हैं ।दोनों घायलों को स्थानीय लोगों की मदद से इलाज हेतु सिमडेगा सदर अस्पताल लाया गया जहां पर इलाज चल रही है। घटना के संबंध में मिली जानकारी के अनुसार सिमडेगा निवासी आनंद कुमार अपने भाई एवं अन्य साथियों के साथ उड़ीसा में आयोजित एक मेला में सामान बेचने के लिए पिकअप वाहन से गया था। वही उड़ीसा में झमाझम बारिश की वजह से मेंला स्थगित हो गया जिसकी वजह से वे लोग लौट रहे थे। वहीं लौटने के क्रम में अर्जुनढोंढा के पास चालक में अपने वाहन से नियंत्रण खो बैठा और नीचे जाकर वहां खाई में पलट गई। इधर वाहन पलटने की वजह से आनंद कुमार के माथे सहित के हिस्सों में गंभीर चोट लगी ।इसके अलावा उसके साथ एक अन्य वृद्ध व्यक्ति के छाती में चोट लगी ।दोनों की इलाज और सिमडेगा सदर अस्पताल में चल रही है जहां दोनों खतरे से बाहर हैं।

## कांग्रेसी नेताओं ने हाथी प्रभावित क्षेत्र का किया दौरा




नवीन मेल संवाददाता

**ठेठईटांगर।** प्रखंड के हाथी प्रभावित क्षेत्रों का शनिवार को विधायक विक्सल कोनगाड़ी के निर्देश पर उनके प्रतिनिधि रावेल लकड़ा व कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने दौरा किया।इस दौरान खुरेरबहार, अकवनटोली, लुगुनटोली, कोनेडेगा आदि गांवों का दौरा कर पीड़ितों को राहत सामग्री प्रदान किया। साथ ही हाथियों से बचाव के लिए टार्च व पटाखें ग्रामीणों के बीच वितरण किया। इस दौरान कोनेडेगा में पीड़ित अंथ्रेस केरकेट्टा, खुरेरबहार में फिलिसिया डुंगडुंग तथा अकवनटोली के लुगुनटोली निवासी सलन लुगुन को सूखा अनाज दिया गया। विधायक प्रतिनिधि रावेल लकड़ा ने विधानसभा चुनाव में विधायक को दिए मत पर आभार व्यक्त करते हुए धन्यवाद दिया। साथ ही कहा कि उनके व्यस्त होने के कारण विधायक के निर्देश पर वे लोग यहां गांव में ग्रामीणों के तकलीफ से अवगत होने आए है। झुंड से बिछड़ा हुआ हाथी उग्र होता है। इसलिए सभी लोग धान के साथ-साथ अपने गांव एवं सभी ग्रामीणों की जान की सुरक्षा पर ध्यान केंद्रित करें तथा एक-दूसरे गांव के सम्पर्क में रहकर सूचना का आदान-प्रदान करें ,ताकि नुकसान को रोका जा सके। साथ ही कहा कि वन विभाग को भी हाथियों के मूवमेंट की जानकारी देकर परामर्श का पालन करें।उन्होंने कहा कि हाथी जंगलों में भोजन का अभाव होने के कारण गांवों और खलिहानों को निशाना बनाने का कार्य कर रहे है।इसीलिए उनके भोजन की सुलभता जंगलो में ही हो इस दिशा में वन विभाग के साथ मिलकर कार्य कर रहे हैं।

## एक नजर

### नवनिर्वाचित विधायक मंगल कालिंदी ने तिरुपति बालाजी मंदिर में की पूजा

**जमशेदपुर।** जमशेदपुर के जुगसलाई विधानसभा क्षेत्र के नवनिर्वाचित विधायक मंगल कालिंदी शनिवार को आंध्र प्रदेश के तिरुपति बालाजी मंदिर पहुंचे. उन्होंने भगवान वेंकटेश स्वामी के दर्शन-पूजन कर क्षेत्र की सुख-समृद्धि की कामना की. उन्होंने भगवान वेंकटेश्वर की विधि पूर्वक पूजा-अर्चना की और अपने सिर के बाल दान किए. बताया गया कि मंगल कालिंदी ने तिरुपति बालाजी को बाल दान करने की मन्नत मानी थी. उनके साथ झामुमो के सक्रिय कार्यकर्ता सरबजोत भाटिया ने भी भगवान वेंकटेश्वर के दर्शन किये. मंगल कालिंदनी जुगसलाई विधानसभा सीट से लगातार दूसरी बार विधायक चुने गए हैं. उन्होंने कहा कि तिरुपति बालाजी का आशीर्वाद उन्हें क्षेत्र में काम कारने के लिए ऊर्जा प्रदान करता है.

### बनगड़िया के पास स्कॉर्पियो दुर्घटनाग्रस्त दो लोग घायल

**बोकारो।** चास-तलगडिया मुख्य पथ पर बनगडिया ओपी क्षेत्र के रामराजा मंदिर के समीप शनिवार को तेज रफ्तार स्कॉर्पियो अनियंत्रित होकर दुर्घटनाग्रस्त हो गई. दुर्घटना में चालक व स्कॉर्पियो पर सवार एक व्यक्ति घायल हो गया. बताया गया कि स्कार्पियो जेएच 01 एटी-2548 चास से तलगडिया स्टेशन की ओर जा रही थी. रामराजा मंदिर के पास गाड़ी अनियंत्रित होकर सड़क किनारे झोपड़ी को तोड़ते हुए झाड़ियों में घुस गई. स्कार्पियो पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई है. ग्रामीणों ने दोनों घायलों को पास के अस्पताल पहुंचाया, जहां डॉक्टर ने प्राथमिक उपचार के बाद दोनों को घर भेज दिया गया.

### कला शिक्षक अजय अंतरराष्ट्रीय सैंड आर्ट फेस्टिवल में भाग लेने ओडिशा रवाना

**बोकारो।** रवि महतो स्मारक बीएड कॉलेज, महुदा के कला शिक्षक अजय शंकर महतो अंतरराष्ट्रीय सैंड आर्ट फेस्टिवल में भाग लेने को ओडिशा के लिए रवाना हुए. वहां चंद्रभागा, पुरी में एक से पांच दिसंबर तक आयोजित सैंड आर्ट फिस्टिवल में वह अपनी कला का जौहर दिखाएंगे. आर्ट फेस्टिवल में देश-विदेश के नामी सैंड आर्टिस्ट भाग लेंगे. अजय शंकर महतो बोकारो जिले के चंदनकियारी के सुईयाडीह गांव के मूल निवासी हैं. शुक्रवार को वह अपनी पत्नी उषा देवी व बच्चों के साथ बोकारो रेलवे स्टेशन से पुरुषोत्तम एक्सप्रेस ट्रेन से ओडिशा के लिए रवाना हुए. उन्हें झारखंड का पहला सैंड आर्टिस्ट होने का गौरव प्राप्त है. अजय शंकर महतो पिछले डेढ़ दशक से दामोदर नदी तट पर झारखंड की संस्कृति, पर्यावरण संरक्षण, मतदाता जागरूकता, सामाजिक मुद्दों तथा झारखंड व देश के महापुरुषों के त्याग व बलिदान की गाथा रेत पर उकेर कर समाज को संदेश देने का काम कर रहे हैं.

---

गावां के पंचायत सचिवालय में मुखिया संघ की हुई बैठक

## मनरेगा कार्य बंद होने पर व्यक्त की गई नाराजगी



**मनरेगा का कार्य बाधित रहने से पंचायतों में विकास का कार्य अवरुद्ध हो गया है, बैठक में मुखिया का मानदेय कई महीनों से नहीं मिलने पर रोष व्यक्त किया गया**

**नवीन मेल संवाददाता। गावां गिरिडीह**
गावां प्रखंड स्थित पंचायत सचिवालय गदर में मुखिया संघ की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता संघ के अध्यक्ष कन्हाइ राम ने की। बैठक में झामुमो की सरकार बनने पर संघ की और से मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को बधाई दी। कहा कि हेमंत सरकार में पंचायत स्तर तक सरकार की योजनाएं पहुंचेगी। प्रखंड के सभी पंचायतों में महीनों से मनरेगा का कार्य बन्द रहने पर बीपीओ व बीडीओ के प्रति नाराजगी व्यक्त की गई। बताया गया कि मनरेगा का कार्य बाधित रहने से पंचायतों में विकास का कार्य अवरुद्ध हो गया है। बैठक में मुखियाओं का मानदेय कई महीनों से नहीं मिलने पर रोष व्यक्त किया गया। मांग की गई कि पूर्व में मुख्यमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत पंचायत को ग्रामीण क्षेत्र के सड़क को मुख्य सड़क से जोड़ने हेतु राशि उपलब्ध कराई जाती थी। जो इस समय उपलब्ध नहीं करवाया जा रहा है। जिसपर सरकार विचार करें। क्षेत्र में नया राशन कार्ड बनाया व नाम को जोड़ना, छूटे लाभुकों को पेंशन, मुख्यमंत्री मइया सम्मान की राशि जिन लाभुकों को नही मिल पाया है। उन्हें उपलब्ध करवाने पर चर्चा की गई। कहा गया कि इन सभी चीजों पर यदि विभाग द्वारा मांगो को पूर्ण नही किया गया। तो संघ के द्वारा धरना प्रदर्शन को बाध्य होगा। मौके पर अमित कुमार, चन्दन कुमार, मेराजुद्दीन, प्रियंका कुमारी, प्रभा देवी, मुन्नी देवी, रूपाश्री सिंह, मो मकसूद समेत कई मुखिया उपस्थित थे।

---

गोरहर थाना के समीप डायवर्सन के पास लगाए गए साइन बोर्ड

## सड़क निर्माण कंपनी नींद से जागी




**नवीन मेल संवाददाता। बरकट्ठा**
गोरहर थाना के समीप डायवर्सन के पास पिछले 21 नवंबर को सुबह वैशाली बस दुर्घटनाग्रस्त हुई थी। जिसमें 6 लोगों की मृत्यु हो गई थी। विदित हो कि एनएच2 में वनवे किए जाने से हादसे हो रहे थे। सड़क निर्माण एजेंसी ने यहां साइन बोर्ड और स्पीड ब्रेकर सुरक्षा के लिए लगाया है। इससे पहले यहां साइन बोर्ड नहीं था। सड़क वनवे रहने और उबड़ खाबड़ होने के कारण अक्सर यहां पर हादसे होते रहते हैं। बताते चलें की स्वर्णिम चतुर्भुज जीटी रोड को फोरलेन से सिक्स लाइन में तब्दील करने के लिए निर्माण कार्य 5 वर्षों से अधूरा है। बरकट्ठा के चार स्थानों में गोरहर, लेम्बुआ, कोनहारा, कोसमा में जहां अंडरपास निर्माण को लेकर सड़क को वनवे और टू लाइन बनाकर छोड़ दिया गया है। इससे हादसे होते रहते हैं। 5 वर्षों में लगभग तीन दर्जन से अधिक की मौत हो चुकी है जबकि सैकड़ों लोग घायल हो चुके हैं। निर्माण कार्य कछुआ गति से होने के कारण सड़क पर चलने वाले राहगीर भयभीत रहते हैं। इसको लेकर स्थानीय लोग कई आंदोलन भी कर चुके हैं मगर आज तक कोई फायदा नहीं हुआ है इसके कारण आए दिन हादसे होते रहते हैं।

---

## न्यूज | बॉक्स

### बेलकप्पी मुखिया ने आंगनबाड़ी के बच्चों के बीच स्वेटर का किया वितरण



**बरकट्ठा।** बेलकप्पी पंचायत की मुखिया ललिता देवी ने शिव मंदिर टोला बंडासिंगा, पासवान टोला समेत अन्य आंगनबाड़ी केन्द्र के बच्चों के बीच स्वेटर वितरण किया। वितरण 120 बच्चों के बीच किया गया। इस दौरान मुखिया ललिता देवी ने सभी बच्चों का नियमित आंगनबाड़ी आने के लिए प्रेरित किया। साथ ही उन्होंने कहा कि ठंड का मौसम देखते हुए झारखंड सरकार की अच्छी योजना हैं। इस मौके पर समाजसेवी धीरेंद्र पांडेय समेत सेविका सरिता देवी, सहायिका समेत अन्य ग्रामीण मौजूद थे।

### पुलिस अधीक्षक ने मुख्यमंत्री से की शिष्टाचार मुलाकात



**रामगढ़।** मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन झारखंड सरकार से 30 नवंबर को कांके रोड, रांची स्थित मुख्यमंत्री आवासीय कार्यालय में रामगढ़ पुलिस अधीक्षक अजय कुमार ने की शिष्टाचार मुलाकात। इस मौके पर पुलिस अधीक्षक ने मुख्यमंत्री का बुके देकर स्वागत किया।

### चार घरों से लाखों की चोरी



**गावां गिरिडीह।** गावां प्रखंड स्थित माल्डा पंचायत के तिवारी टोला में अज्ञात चोरों ने रामकुमार शर्मा, जवाहर ठाकुर, अनिल ठाकुर व रविन्द्र यादव के घर से लाखों की चोरी चोरों ने कर ली। चोरी गए समानों की कीमत लगभग डेढ़ से दो लाख बताई जा रही है। चोरों ने जवाहर ठाकुर व रामकुमार शर्मा के घर से बर्तन, कपड़ा व जेवरात आदि की चोरी कर ली गई। वंही अनिल शर्मा व रविन्द्र यादव के घर से छिटपुट समानों की चोरी हुई है। भुक्तभोगी परिवारों के द्वारा गावां थाना में आवेदन देकर कार्रवाई की मांग की गई है। ग्रामीणों में मामले की उद्भेदन की मांग प्रशासन से मांग की है।

---

## जिप सदस्य कुमकुम देवी के प्रयास से बिजली आपूर्ति बहाल



**नवीन मेल संवाददाता। बरकट्ठा**
ग्राम बसरिया के ढुभा टोला में ट्रांसफार्मर जल जाने से बीते चार दिन से बिजली आपूर्ति सेवा ठप थी। इसकी जानकारी ग्रामीणों ने जिप सदस्य कुमकुम देवी को दी। जिसके बाद कुमकुम देवी ने तुरंत विभागीय पदाधिकारियों से संपर्क कर शनिवार को 100 केवी का ट्रांसफार्मर उपलब्ध करवाया। कुमकुम देवी ने कहा कि हमेशा लोगों के सुख दुःख शामिल रहते हैं। अपना जीवन जनता के लिए ही समर्पित कर दी हूं। विधानसभा चुनाव में मिली पराजय के बाद भी इनके काम करने के हौंसले में कोई कमी नहीं की हूं। मौके पर पूरन महतो, कारू महतो, रामेश्वर महतो, वासुदेव महतो, रंजीत प्रसाद, मुरारी महतो, छोटी लाल महतो सहित अन्य ग्रामीणों ने आभार प्रकट किया।

---

पल्स पोलियो अभियान को लेकर डीसी ने की जिला स्तरीय टास्क फोर्स के साथ बैठक

## आठ से 10 दिसंबर तक चलेगा पल्स पोलियो अभियान

*पल्स पोलियो अभियान के तहत 0-5 वर्ष तक के बच्चों को पिलाई जाएगी पोलियोरोधी खुराक*



**नवीन मेल संवाददाता। रामगढ़** बच्चों के नियमित टीकाकरण, पल्स पोलियो अभियान को लेकर शनिवार को उपायुक्त रामगढ़ चंदन कुमार की अध्यक्षता में समाहरणालय सभाकक्ष में स्वास्थ्य विभाग के जिला स्तरीय टास्क फोर्स की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक के दौरान उपायुक्त सहित उपस्थित अन्य अधिकारियों को जानकारी दी गई कि पल्स पोलियो अभियान के तहत 8 दिसंबर से 10 दिसंबर तक 0 से 5 वर्ष तक के 171692 बच्चों को पोलियो की खुराक पिलाने का लक्ष्य निर्धारित है। जिसमें 8 दिसंबर को 1067 बूथों पर व 9 एवं 10 दिसंबर को घर-घर जाकर बच्चों को पोलियो की खुराक पिलाने का कार्य किया जाएगा उक्त कार्य हेतु 49 ट्रांजिट टीम एवं 34 मोबाइल टीम बनाए गए हैं साथ ही 153 पर्यवेक्षकों को कार्य में लगाया जाएगा। मौके पर उपायुक्त में सफलतापूर्वक पल्स पोलियो अभियान संपन्न करने संबंधित विभागों को आपसी समन्वय के साथ कार्य करने के संबंध में आवश्यक निर्देश दिया। बैठक के दौरान उपायुक्त ने नियमित टीकाकरण के तहत स्वास्थ्य विभाग के पूर्व में हुई जिला स्तरीय टास्कफोर्स की बैठक में दिए गए निर्देशों के आलोक में किए गए कार्यों की जानकारी ली, जिसके उपरांत डब्लूएचओ एसएमओ से डॉ सलीन द्वारा पीपीटी प्रेजेंटेशन के माध्यम से उपायुक्त एवं बैठक में उपस्थित अन्य अधिकारियों को बच्चों के नियमित टीकाकरण के तहत खसरा एवं रूबेला सहित बच्चों में नियमित टीकाकरण के अभाव में होने वाली विभिन्न बीमारियों को लेकर जिले में अब तक हुए कार्यों की जानकारी ली।

---

खनन टास्क फोर्स ने किया तीन टाटा 407 जब्त

## बिना चालान कर रहे थे बालू का परिवहन, प्राथमिकी दर्ज



**नवीन मेल संवाददाता। धनबाद**
उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी माधवी मिश्रा के निर्देश पर जिले में खनिज संपदा के अवैध खनन,भंडारण व परिवहन के विरुद्ध कार्रवाई जारी रखते हुए जिला खनन टास्क फोर्स ने शनिवार सुबह सरायढेला थाना क्षेत्र में कार्रवाई करते हुए 3 टाटा 407 जब्त किया है। इसकी विस्तृत जानकारी देते हुए जिला खनन पदाधिकारी रितेश राज तिग्गा ने बताया कि शनिवार सुबह लगभग 04:30 बजे खान निरीक्षक विजय करमाली,सुमित प्रसाद एवं आवंटित सशस्त्र पुलिस बल के साथ संयुक्त रूप से सरायढेला थाना क्षेत्र में खनिजों के अवैध खनन व परिवहन के विरूद्ध जांच अभियान चलाया गया। जांच के क्रम में सरायढेला थाना अंतर्गत पी.के. रॉय मेमोरियल कॉलेज के गेट के पास 3 टाटा 407, जिसका रजिस्ट्रेशन नंबर जेएच 10 बी.पी. 0487, जेएच 10 ए.टी. 5872 एवं जेएच 10 बी.ई. 4920 है, की जांच की गई। तीनों वाहनों पर बालू लदा हुआ था। जांच पड़ताल में पाया गया कि तीनों बिना परिवहन चालान के बालू का परिवहन कर रहे थे। तीनों वाहनों को पकड़कर सरायढेला थाना में सुसंगत धाराओं के अंतर्गत प्राथमिकी दर्ज की गई है।

---

### धर्मडीह गांव में बांस की फट्टियों के सहारे लटकते तार दे रहे मौत को न्यौता

**जादूगोड़ा।** झारखंड के अलग राज्य बने 24 साल हो चुके हैं. लेकिन आज भी राज्य विकास की रफ्तार नहीं पकड़ पाया है. पूर्वी सिंहभूम जिले के जादूगोड़ा के धर्मडीह गांव में विद्युत आपूर्ति व्यवस्था अभी भी बदहाल है. यहां अब तक बिजली के खंभे नहीं लगाए गये हैं. बांस-बल्लियों के सहारे बिजली के तारों का जाल बिछाकर विद्युत आपूर्ति की जा रही है. जमीन से चार फीट की ऊंचाई पर लटक रहा तार खुलेआम मौत को दावत दे रहा है. बदहाल विद्युत आपूर्ति व्यवस्था से ग्रामीण डरे व सहमे हुए हैं. लेकिन कोई इसकी सुधि लेने वाला कोई नहीं है. ग्रामीण वीरेंद्र शर्मा का कहना है कि बांस-बल्लियों के सहारे बिजली के तारों का जाल बिछाकर विद्युत आपूर्ति की जा रही है. जमीन से चार फीट की ऊंचाई पर तार लटक रहे हैं. हर दिन सैकड़ों लोग और जानवर इस तार के नीचे से गुजरते हैं. जगह-जगह बांस की फट्टियों के सहारे लटके तार से लोग दहशत में जी रहे हैं. या यूं कहे कि ये लटकते तार बड़े हादसे को न्यौता दे रहे हैं.

---

जवाहर घाट बनेगा विश्वस्तरीय पर्यटन स्थल, 34.87 करोड़ रुपये मंजूर

## अर्थव्यवस्था की मजबूती के साथ बढ़ेंगे रोजगार के अवसर, विकास को मिलेगी गति : मनोज यादव



**नवीन मेल संवाददाता। बरही**
झारखंड सहित बरही विधानसभा क्षेत्र वासियों के लिए खुशी की बात है कि बरही जवाहर घाटी स्थित तिलैया डैम विश्व स्तरीय पर्यटक क्षेत्र बनने वाला है. यह पहल स्थानीय विधायक मनोज कुमार यादव की है, जिसे उन्होंने अपने पूर्व के कार्यकाल 2014-19 में स्वीकृत करवाया था. परंतु उनके चुनाव हारने के कारण योजना अधर में लटका हुआ था. 2024 के चुनाव जीतने के बाद क्षेत्र में विकास का पहला स्ट्रोक लगाते हुए अपने पहले ही दिल्ली यात्रा में अपने ड्रीम प्रोजेक्ट की जानकारी स्थानीय सांसद मनीष जायसवाल को दी. सांसद श्री जायसवाल ने विधायक के इस प्रोजेक्ट को प्राथमिकता से लेते हुए राज्य के लिए केंद्र सरकार की विशेष अनुदान योजना (एसएएससीआई) के तहत 34.87 करोड़ की राशि की स्वीकृती दिलवाई. जो चुनाव जीतने के बाद विधायक श्री यादव का बरही विस वासियों के लिए पहला तोहफा है. विधायक का मानना है कि तिलैया डैम के गोद में बसा बरही का जवाहर घाट देश के खूबसूरत वादियों में से एक है. इसके विकास से सिर्फ बरही ही नहीं बल्कि पूरे राज्य और देश को राजस्व की प्राप्ति होगी, अर्थव्यवस्था मजबूत होगा. रोजगार वृद्धि सहित क्षेत्र के विकास को गति मिलेगी. विधायक श्री यादव ने बताया कि एसएएससीआई योजना के तहत केंद्र ने देश के कुल 23 राज्यों में 40 विश्वस्तरीय पर्यटक स्थलों के विकास को मंजूरी दी है।

---

मदनगुंडी टॉल छूट को लेकर धरना-प्रदर्शन, शामिल हुए विधायक

## बरही विस व कोडरमा जिले के वाहनों को छूट व स्थानीय को मिले रोजगार : विधायक




**नवीन मेल संवाददाता। बरही**
बीते संध्या बरही विधायक मनोज कुमार यादव के नेतृत्व में एनएच 31 स्थित चंदवारा प्रखंड के मदनगुंडी टोल प्लाजा के पास ग्रामीणों ने धरना प्रदर्शन किया. धरना का मुख्य उद्देश्य स्थानीय निजी व व्यवसायिक वाहनों को टोल राशि से निजात दिलाना था. विधायक श्री यादव ने प्रदर्शनकारियों की मांगो को जायज बताया. उन्होंने कहा कि यह टॉल बरही विधानसभा सहित कोडरमा जिला के गोद में अवस्थित है. ऐसे में दोनो क्षेत्र के वाहनों को छूट के साथ स्थानीय युवाओं को रोजगार देना होगा. जिसका उपस्थित जनसमूह ने ताली बजाकर जोरदार स्वागत किया. धरना प्रदर्शन में हजारीबाग भाजपा जिला उपाध्यक्ष रमेश ठाकुर, भाजपा के वरिष्ठ कार्यकर्ता लक्ष्मण यादव आदि सहित चंदवारा प्रखंड व कोडरमा जिला क्षेत्र से भारी संख्या में लोग शामिल हुए थे।

---

## गावां सीएचसी में प्रसूता से अवैध उगाही का आरोप, परिजनों का हंगामा



**नवीन मेल संवाददाता। गिरिडीह**
गिरिडीह जिले के गावां सीएचसी में भर्ती प्रसूता के परिजनों से डिलीवरी के बाद अवैध उगाही का मामला सामने आया है. प्राप्त जानकारी के अनुसार डोमचांच के असनातरी निवासी शिवानी देवी (पति गणेश यादव) अपने मायके गावां थाना क्षेत्र के हरिहरपुर में थी. गुरुवार की अहले सुबह प्रसव पीड़ा होने पर परिजनों ने उसे गावां सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया, उसने पुत्री को जन्म दिया. बाद में वार्ड में तैनात एएनएम ने खर्च व डिस्चार्ज के नाम पर 2500 रुपये की मांग की. परिजनों ने एएनएम को खुशी से 500 रुपये देने की बात कही. लेकिन एएनएम 2000 रुपये देने की बात पर अड़ी रही. बाद में परिजनों ने किसी तरह 1000 हजार रुपये दिए. एएनएम रुपए लेकर भला-बुरा कहते हुए निकल गई, जिसका परिजनों ने विरोध किया और मीडिया कर्मियों को भी इसकी जानकारी दी. जिला परिषद सदस्य पवन चौधरी ने कहा कि गावां सीएचसी में प्रसव व इलाज के नाम पर रुपये मांगने की शिकायत अक्सर आती रहती है. इसे लेकर पहले भी कई बार हो-हंगामा हो चुका है. फिर कर्मी अपनी कार्यशैली में सुधार नहीं ला रहे हैं. प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी को इस तरह के मामलों कार्रवाई करनी चाहिए. इस संबंध में पूछे जाने पर अस्पताल के प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ महेश्वर ने कहा कि अभी वह एक बैठक के सिलसिले में गिरिडीह में हैं।

---


**कृषि पशुपालन एवं सहकारिता विभाग ( कृषि प्रभाग )**
**झारखण्ड, सरकार**
**कार्यालय, कनीय पौधा संरक्षण पदाधिकारी, हजारीबाग**

सामयिक सूचना अंक – 03 / वर्ष 2024–25
धान फसल : – अन्न भण्डारण की विधी

प्रिय किसान बंधुओं,
धान फसल की कटाई प्रारंभ हो चुकी है। फसल कटाई के उपरांत सुरक्षित अन्न भंडारण की सही जानकारी न होने पर 10–15 प्रतिशत तक अनाज नष्ट हो जाते है। भंडारण की सुरक्षा और गुणवत्ता को हानि पहुॅचाने वाले कारको में सबसे प्रमुख है कीड़ो का प्रकोप । इसके अतिरिक्त नमी, चूहे, भंडारण के पात्र या बोरे, अनाज में संक्रमण होने के कारण है। अनाज को लंबे समय तक सुरक्षित रखने के लिए वैज्ञानिक विधि साझा किए जा रहे है। आप सभी दिए गए सुक्षावों को ध्यान में रख कर अनाज को भंडारित कर सकते है।

- भण्डारण से पूर्व अनाज को अच्छी तरह से सूखा ले जिससे की दानों में 10 फीसदी से ज्यादा नमी न रहने पाए। इसकी जांच के लिए अनाज के दाने को दांत के नीचे काटने पर कट की आवाज आनी चाहिए।
- पक्के एवं हवादार भण्डार गृह का चयन करना चाहिए। भण्डार गृह के नजदीक पानी का स्रोत नही हो एवं बारिश की स्थिति में खिड़की, रोशनदानो से पानी अंदर न आए।
- भण्डार से पूर्व भण्डार गृह एवं धातु के पात्रों को साफ–सुथरा कर लेना चाहिए। फर्श व दीवारो पर पड़ी दरारों को सीमेंट से अच्छी तरह बन्द कर दें। कीटमुक्त करने के लिए मालाथियन 50 ई0 सी0 का पानी में 1:100 में बने घोल को दीवारों एवं फर्श पर छिड़काव करें।
- पुराने एवं नए अनाज को न मिलाएॅ, अलग–अलग भण्डार करें। खाने वाले अनाज एवं बीज के लिए प्रयोग किए जाने वाले अनाज को अलग– अलग भण्डार करें। पुराने बोरियों के इस्तेमाल से पहले छिड़काव के लिए बने मालाथियन के घोल में बोरियों को डुबाकर फिर बाहर निकालकर सुखा लेना चाहिए। सूखने के बाद ही उसमें अनाज भरें ।
- अनाज से भरे बोरे को भण्डार गृह में रखने के लिए फर्श से 20–25 सें0 मी0 की उॅचाई पर बॉंस या लकड़ी के तख्ते का मंच तैयार करें जो दीवार से कम से कम 75 सें0 मी0 की दुरी पर हो। बोरियों के छल्लियों के बीच भी 75 सें0 मी0 खाली स्थान होने चाहिए। एक बोरियों का ढेर 3 मी0 से ऊॅचा न रखें एवं छत से 60 सें0 मी0 की दूरी बनाकर रखें ताकि हवा का संचार हो एवं समय–समय पर निरीक्षण करने में सुविधा हो।
- अनाज भण्डारण में नीम की पत्ती का प्रयोग करते समय नीम की पत्तियॉ सुखी होनी चाहिए। इसके लिए नीम की पत्तियों को भण्डारण से 15 दिन पहले किसी छायादार स्थान पर कागज पर रख कर सुखा लें।
- चूहे से बचाव के लिए जिंक फॉस्फाइड युक्त विषाक्त चारा या चूहादानी का प्रयोग करें।

कनीय पौधा संरक्षण पदाधिकारी,
हजारीबाग

PR 340906 Forest, Environment and Climate Changes(24-25).D

# डॉ. शांति सुमन केवल एक नाम नहीं है, एक युग, एक समय की साक्षी है

गीतकार होना ऐसा है जैसे जीवन के प्रति निष्ठावान होना। शांति सुमन के गीत इसी जिजीविषा और जीवन निष्ठावान का साक्ष्य हैं। प्रगतिशील आन्दोलन के साथ आरंभ हुई जनगीतों कीयह सृजन यात्रा नई सदी की दहलीज तक लाने वाले जन गीतकारों में पहली और



पद्मा मिश्रा

वरेण्य पंक्तियों में शामिल लोकप्रिय नाम है..डा शांति सुमन और यह केवल एक नाम नहीं है, एक युग, एक समय की साक्षी है जो उनके सृजन में सदैव प्रतिबिंबित शान्ति सुमन के गीत, जो कविता को उसके वास्तविक आशय में जन-चरित्री बनाते हैं, उसे जन की आशाओं-आकांक्षाओं से बेहतर जिन्दगी के उसके स्वप्नों तथा संघर्षों से जोड़ते हैं। फटी हुई गंजी न पहने खाये बासी भात ना। बेटा मेरा रोये, माँगे एक पूरा चन्द्रमा।

शान्ति सुमन के गीतों में उद्बोधन, आवेग और एक उमंग-तरंगित मन का उत्साह भर नहीं, समय की कुरुपताओं से उनका सीधा सामना और युगीन यथार्थ का वह खरा भाव बोध भी है, जिसे जन और उसके जीवन-संदर्भों के बीच से उन्होंने पाया और अर्जित किया है। स्थितियों से संघर्ष करती उसकी जिजीविषा तथा जुझारू तेवरों को भी जनधर्मी पक्षधरता की पूरी ऊर्जा के साथ रूपायित करते हैं, जिन्हें जन और जन-सघर्षों की सहभागिता में शान्ति सुमन ने देखा और जिया है। कोई उम्र न होती मन की/तन चाहे कितना भी थक ले/लंबे चौडे खेत बांध में/थाने जैसा कोई पक ले।/मुस्कनों में सहज तलाशें/बुरे न होते दिन मरुधर में। उनके गीतों में मानव जीवन ही नहीं, संपूर्ण प्रकृति भी जीवन की सहभागिता में अपनी सुषमा व सौदर्य के साथ चित्रित हुई है। उनके ये गीत हमारे समय का स्वच्छ दर्पण भी हैं, और उसमें एक सार्थक हस्तक्षेप भी।

इन गीतों से होकर गुजरना जनधर्मी अनुभव-संवेदनों की एक बहुरंगी, बहुआयामी, बेहद समृद्ध



दुनिया से होकर गुजरना है, उनके समकालीन विद्वानो वं मित्रों कहना है कि डॉ. सुमन किशोरावस्था से ही कविता? लिखने लगी थीं, जब वह आठवीं कक्षा में पढ़ती थीं। समकालीन काव्य वांग्मय में डॉ. शांति सुमन हमारे समय का एक महत्वपूर्ण नाम है। एक समय था जब देश के कहीं भी आयोजित होने वाले कवि सम्मेलनों में डॉ. सुमन के नवगीतों की अपनी अलग गूंज होती थी। उनके गीत हमारे समय का आईना हैं - तुम आये, जैसे पेड़ों में पत्ते आये धूप खिली मन-लता खिल गयी/एक पर्त दर पर्त छिल गयी/हाथ बढ़ाया जिधर टूटकर छत्ते आये। रही-सही पहचान खो गयी/यहीं कहीं दोपहर हो गयी। यहाँ यह बात पूरी तरह हृदय को स्पर्श करती है कि समाज में निरंतर बढ़ते अनाचारोः विषमताओं और विलुप्त होती मनुष्यता और उसकी कुरूपताओं को अत्यंत क्रूर और हिंसक होते जा रहे आज के समय को परिभाषित करते, गीत के रचना कर्म में जीवन और जिजीविषा को अक्षुण्ण बनाए और बचाए रखने की कोशिश हैं। शान्ति सुमन की रचनाधर्मिता की सुंदर प्रस्तुति हैं वे गीत, जो उनके 'धूप रंगे दिन' शीर्षक संकलन में, उनकी रचनाधर्मिता की सारी ऊष्मा और ऊर्जा को लिए हुए यही नहीं, समय के बदले और बदलते संदर्भों में अनुभव-संवेदनाओं की नई ऊर्जा और नया आकाश भी उन्हें दिया है। यही कारण है कि वे प्रगतिशील आन्दोलन के साथ आरंभ हुई जनगीतों की परंपरा को, नई सदी की दहलीज तक लाने वाले जन गीतकारों में पहली पंक्ति की लोकप्रिय और वरेण्य नवगीतकारों में शामिल है।

गहरे और व्यापक जन-संघर्षों की धार से गुजरे ये गीत आज के विपर्यस्त समय की चपेट में आए साधारण जन के दुख-दाह, ताप-त्रास, उसकी बेबसी और लाचारी को ही शब्द और रूप देते हैं। जिन्हें जन और जन-सघर्षों की सहभागिता में शान्ति सुमन ने देखा और जिया है। अयने आत्मकथ्य में वे स्वयं कहती हैं।

उनके गीतों में बाह्य प्रकृति भी जीवन की सहभागिता में अपनी जनधर्मी भंगिमाओं की समूची सुषमा के साथ चित्रित हुई है। उनके गीतों से होकर गुजरना जनधर्मी अनुभव-संवेदनों की एक बहुरंगी, बहुआयामी, बेहद समृद्ध दुनिया से होकर गुजरना 'कभी नदी के तट सरीखी कभी उफनी धार..रंगों से भर दिया तुमने एक कोमल प्यार।

शांति सुमन के गीतों में मुक्तिबोध की तरह स्व अनुभूति सर्जनात्मक कल्पना और मानवता के ह्रास के प्रति गहन चिंता की भावनाएं भी हैं।

इसी शहर में ललमनिया भी रहती है बाबू। आग बचाने खातिर कोयला चुनती है बाबू।
पेट नहीं भर सका, रोज के रोज दिहारी से सोचता मन चढ़कर गिर जाए ऊँच पहाड़ी से
लोग कहेंगे क्या यह भी तो गुनती है बाबू।

जीवन के प्रति उनका दृष्टिकोण बेहद साफ और सुलझा हुआ है। जिसे वह अपनी अनुभूतियों के निष्कर्ष से यह कहती हैं-- यह बहुत अर्थ नहीं रखता कि मेरा जन्म कब हुआ। अर्थ इसमें है कि अपने रचनात्मक जीवन में मैंने क्या किया।

यही एक सुलझी, बेबाक और संवेदनशील गीतकार की पहचान है..जीवन में जो कुछ देखा, जैसा मिला जिस रूप में भी उसे वैसा ही स्वीकार कर कलम ने प्रस्तुत कर दिया। जीवन को कहने के लिए रचना से अधिक कोई और माध्यम रचनाकार की यही अस्मिता, उसका यही स्वाभिमान उसकी पहचान है जो उसको समाज में अलग और ऊपर उठाती है।

## कारण

राजधानी के सबसे बड़े अस्पताल में खूब गहमागहमी थी। कुछ लोग आ रहे थे। कुछ लोग जा रहे थे। लेकिन कुछ नेता लोग जो आ गए थे, जाने का नाम नहीं ले रहे थे। कॉरीडर में इधर-उधर जत्थे में खड़े थे। जनता भागमभाग में व्यस्त थी। अपने बेटे का इलाज कराने आया अन्य शहर का वाशिंदा मुकेश चौंका। एक को रोककर पूछा,
भाई! इतनी भीड़-भाड़? क्या बात है?... कहीं भयंकर वारदात, दुर्घटना या जहरीले दारू के कारण सामूहिक मौत...।
...अरे! नहीं भाई, ऐसा कुछ भी नहीं हुआ है। ईश्वर की कृपा से कोई वारदात, कोई दुर्घटना 'आज' अभी तक नहीं घटी।
तब ये भीड़?...अफरा-तफरी क्यों?
आज एक नेता इस अस्पताल के आई सी यू में भर्ती होनेवाले हैं।
क्यों? हार्ट अटैक?
नहीं!
लकवा मारा?
नहीं!
ब्रेन हैमरेज हो गया क्या?
नहीं भाई। उनके नाम गिरफ्तारी का वारंट निकला है।



अनिता रश्मि

## धनिया पत्ती

**मम्मी,** चुपचाप सब्जी खरीद लेना। ज्यादा मोल-भाव मत करना।...बेटे ने कार से उतरती अपनी माँ माया से कहा। तो उनको लूटने दूँ?... वह बोली। अरे मम्मी, बेचारे तुमको कितना लूट लेंगे... 5-10 रुपये ही न? उन बेचारों की भी तो सोचो, दिन भर धूप, गर्मी, ठंड में बैठे रहते हैं, तब जाकर कुछ कमा पाते हैं। इससे ज्यादा तो तुम पुण्य कमाने के चक्कर में मंदिर के बाहर बैठे हट्टे-कट्टे भिखारियों को दान दे देती हो। माया को बेटे की बात दिल को छू गई। उसने कभी इस तरह सोचा ही नहीं था। वह उस जमाने की थी, जब वह सब्जी खरीदती थी तो सब्जी वाले मुफ्त में हरी मिर्च और हरी धनिया पत्ती उसके झोले में डाल देते थे। आज महंगाई इतनी बढ़ गई है कि गरीबों का जीना मुश्किल हो गया है। वह सोच रही थी कि उसके दोनों बच्चे अब नौकरी करने लगे हैं। उसकी आर्थिक स्थिति पहले से इतनी सुदृढ अवश्य हुई है कि वह अपने आसपास के कुछ गरीबों की कुछ आर्थिक सहायता कर सकती है। उसने अपने मन में प्रण लिया कि अब वह कम से कम सब्जी वाले और फल वाले से कोई मोल भाव नहीं करेगी। जैसे ही माया सब्जी वाले के पास पहुंची, सब्जी वाले ने सोचा,' ये वाली मेमसाहब तो हर सब्जी का भाव कम कराती हैं। इसलिए आज तो इसे मैं हर सब्जी की कीमत 5- 10 रुपये अधिक ही बताऊँगा।' लेकिन माया ने बिना मोल- भाव किये ही सारी सब्जियाँ खरीद डाली और पूरे पैसे भी दे दिए। अब तो सब्जी वाले का मन अपराध बोध से भर उठा । उसने धनिया पत्ती का दो बंडल को उठाकर माया के झोले में डाल दिया और बोला, आंटी आप हमेशा मुझसे ही सब्जी लेती है। इसलिए आज धनिया पत्ती मेरी तरफ से आपको फ्री। लेकिन अब तो माया का हृदय परिवर्तन हो चुका था। बेटा, तुम्हारे व्यवहार से मेरा दिल खुश हो गया।आज मेरी तरफ से अपने बच्चों को मिठाई खिला देना। वह 100 का नोट उसे बढ़ा रही थी।



रंजना वर्मा उन्मुक्त

## आस का पंछी

मानव के लालच की सीमा का कोई ओर-छोर नहीं दिख रहा था। अंधाधुंध पेड कटते जा रहे थे। फलस्वरूप बादलों का बनना नहीं हो पा रहा था। वर्षा के अभाव में चारों तरफ उजाड़ एवं वीरानी छायी हुई थी। दूर-दूर तक एक भी पेड़ नहीं बच पाया था। पत्रविहीन लगभग सूख गया-सा एक झाड़ीनुमा ठूँठ बचा हुआ था। सारे पशु-पक्षी या तो किसी दूसरे स्थान को पलायन कर गए थे या गर्मी से काल-कवलित हो गए थे। काग का एक जोड़ा किसी तरह एक पतली शाख पर दिन काट रहा था। कितनी दफे मादा काग ने नर काग से कहा कि वह भी कहीं सुरक्षित जगह पर चला जाए, किंतु नर काग अपनी मादा को छोड़कर कैसे जा सकता था। कितनी आपदाएँ आयीं, कितने झंझावात आए, किंतु ये दोनों अपना बसेरा न छोड़ सके थे। नर काग को अबतक याद है कि एक बार उसे किसी शैतान बच्चे ने गुलेल से पत्थर मार दिया था जिससे उसकी एक आँख बुरी तरह से घायल हो गयी थी, पर वे शैतान बच्चे निशाना साधने से बाज नहीं आ रहे थे। तब उसकी इसी मादा ने कांव-कांव करके इतना शोर मचाया कि बच्चे घबरा कर भाग खड़े हुए। इस चक्कर में उसे भी चोट लग गयी थी, किंतु अपनी चोट की परवाह न करते हुए उसने नर काग की जी-जान से सेवा की। तब पेड़ काफी हरा-भरा था। घने पत्तों के बीच उसका घाव जल्दी ही भर गया था। आज जब पेड़ मरणासन्न अवस्था में है और उसकी मादा काग बीमार है तो वह कैसे छोड़ कर जा सकता है। इंसान भले ही अपनी इंसानियत भूल जाए, पर वह अपनी सहृदयता नहीं छोड़ सकता। वह पुनः सोचने लगा...'कभी तो दुःख के दिन बीतेंगे! कभी तो हमारे भी अच्छे दिन आएँगे! कभी तो ईश्वर को अपने इन तुच्छ जीवों पर दया आएगी! अगर मरना भी हुआ तो इस ठूँठ और अपनी मादा काग के साथ ही मरेगा वह भी।' अभी उसकी सोच की रेल चल ही रही थी कि 'टप्प... टप्प... टप्प... उसके माथे पर पानी की बूँदें पड़ीं। उसने अचकचाकर ऊपर की ओर देखा तो ढेर सारे कारे बादल घुलटियाँ खाते हुए दौड़े चले आ रहे थे। वह तुरंत अपनी बीमार मादा को अपने डैनों तले छिपा बुदबुदा उठा... ' इसीलिए कहा गया है कि उम्मीद का दामन कभी नहीं छोड़ना चाहिए।' देखते-ही-देखते वर्षा की रिमझिम फुहार ठूँठ सहित उस प्रेमी जोड़े को शीतलता में सराबोर कर गयी।



गीता चौबे गूँज

## प्रीत पिया के नैनन देखी

प्रीत पिया के नैनन देखी, सृष्टि संग श्रृंगार किया।
आ जाओ तुम पास हमारे, मैने तो दिल हार दिया।।
टिप टिप टिप टिप जल की बुंदे, द्वारे कर्ण प्रवेश करे।
तन मन भीगे मुरली धुन में, श्वास श्वास दरवेश करे।
लरज गया मन, कोयल कूं सुन, नयन सजीले मचल गये।
करे इशारे प्रियतम प्यारे, दबे भाव दिल पिघल गये।
हौले हौले साजन जी को, नैनो मे भर प्यार किया।
आ जाओ तुम पास हमारे, मैने तो दिल हार दिया।।
कुंतल दिखता मेघ सरीखा, सजनी कर से खेल करे।
नैन पिया संग उलझे उलझे, मंद मंद मुस्कान झरे।
डगमग डगमग डग भरती हूँ, तिरछे नैनन सयन चले।।
नित कर दूध आँख मे लज्जा, लुक - छिप नैनन बयन चले।
दूध ग्लास दे, सजी सेज पर, साजन पर दिल वार दिया।
आ जाओ तुम पास हमारे, मैने तो दिल हार दिया।।
प्रेम मिलन की राह अनोखी, बड़े जतन रमझोल सहे।
साजन से मिलने की खातिर, सास ननद के बोल सहे।
देवर गोतन नजर बचाकर, जैसे तैसे पार गयी।
पिया मिलन की चाह फली ना, भंडा फूटा हार गयी।
कारगुजारी व्यर्थ हुई सब, खेला तारो तार किया।
आ जाओ तुम पास हमारे, मैने तो दिल हार दिया।।



प्रतिभा प्रसाद 'कुमकुम'

## जागृति

देख, बेटा! यहीं छाँव में बैठना। इधर- उधर मत जाना। रमरतिया ने अपने आठ-वर्षीय बेटे रोहित को हिदायत देते हुए कहा और फिर गेहूँ की फसल काटने में अन्य मजदूरों के साथ तल्लीन हो गई। रमरतिया का पति कोलकाता के तेल-मिल मे काम करता था। चार-छः महीने में कुछ दिनों की छुट्टियों पर घर आया करता। थोड़ी देर पश्चात ही पास के खलिहान में शोरगुल सुनाई दिया। अरे, मेरा रोहित कहाँ चला गया? यहीं तो मैंने छाँव में बिठाया था। जबतक रमरतिया कुछ समझ पाती, धूल में सने सभी बच्चे रोहित को पकड़ते हुए उसके पास ले आए। साथ में, मालिक राघव का घरेलू सेवक रामा भी था जो खलिहान में कटे हुए फसलों की देख-रेख कर रहा था।



मनोज कुमार झा 'मनु'

देखो, रमरतिया! रोहित ने अमीष को पटककर मारा है। उसके शरीर में जगह-जगह खरोंचें आई हैं जिनसे खून रिस रहा है और वह बेचारा दर्द से कराह रहा है। साथ आए बच्चों ने रामा की हाँ में हाँ मिलाईं।

रमरतिया सन्न रह गई। क्या कहा? अमीष को मारा! मालिक राघव जी के बेटे को!! रमरतिया ने बिना कुछ सोचे रोहित के गाल पर दो तमाचे जड़ दिए। फिर खुद भी रोने लगी। मालिक और मलकाईन भी हंगामा सुनकर पहुँच गए थे। मलकाईन कुछ बोलना चाह रही थीं किंतु राघव ने इशारे से उन्हें मना कर दिया। अमीष को साथ लेकर वे वापस चले गए। जाते-जाते घंटेभर बाद रमरतिया को रोहित के साथ घर पर मिलने का आदेश जारी कर गए। वस्तुतः आज छुट्टी का दिन था। स्कूल बंद होने के कारण मौका पाकर आसपास के बच्चों ने कबड्डी खेलने का मन बना लिया। चुपके-से अमीष भी इसमें शामिल हो गया। राघव की छान-बीन में पता चला कि अमीष की यह चोट उसी खेल का स्वाभाविक प्रतिफल थी।

धड़कते हृदय से रोहित का हाथ थामे रमरतिया मालिक के समक्ष अपराधी की भाँति नतमस्तक खड़ी थी। उसे लग रहा था कि अब तो मालिक के खेत में मजदूरी से भी गई और रोहित के साथ पता नहीं गाँव के स्कूल में क्या सलूक हो! आखिर मालिक का गाँव में ही नहीं, पूरे इलाके में रुतबा था।

रमरतिया! मुझे बहुत दुःख है... कि तूने अकारण ही अपने बेटे को तमाचे जड़ दिए। और, रामा! तू अमीष को हमारे पास लाने के बजाय रमरतिया से शिकायत करने चला गया? बेबकूफ कहीं के! पलभर को सन्नाटा पसर गया। नहीं, मालिक! कहाँ आप, कहाँ हम। सारी गलती मेरी..। रमरतिया वाक्य पूरा करती कि राघव ने तनिक क्रोधित लहजे में उसे डाँटा, बस, चुप कर। एकदम चुप। फिर नरम होकर बोला– सुन, रमरतिया! आदमी छोटा या बड़ा पैसों से नहीं, अपने विचारों से होता है। सबको अपने हिस्से का कर्म करना पड़ता है। तू अपने हिस्से का कर रही है और मैं अपने हिस्से का। बस इतना याद रखना कि हमसब जैसे भी हों, हमें बेहतर बनने-बनाने के प्रयास करते रहने चाहिए। क्या पता, कल को तेरा बेटा पढ़-लिखकर बड़ा आदमी बन जाय। हाँ, हम जानते हैं कि तू रोहित की पढ़ाई को लेकर काफी संजीदा है जो फख्र की बात है। खुद मजदूरी करके भी रोहित को लेकर तेरे सपने बड़े हैं। हमें सब पता है। किंतु..... कल से तू रोहित को मेरे यहाँ एक विशेष काम पर भेज दिया करना। मालिक, यह क्या कह रहे हैं? मैं भले आ जाऊँ लेकिन रोहित कैसे..? मैं तो रोहित की पढ़ाई के लिए ही मजदूरी करती हूँ। घर का अन्य खर्च तो इसका बाप उठा ही लेता है। सुनते ही मालिक-मलकाईन खिलखिलाकर हँस पड़े। अरे, पगली! अमीष के साथ बैठाकर रोहित को भी तेरी मलकाईन पढ़ाएगी। कुछ और मदद की जरूरत हो तो बेझिझक बताना। और भी, मालिक-मलकाईन बोलना छोड़। भैया-भाभी बोल। रमरतिया निःशब्द थी। अब आँखों में उमड़े सैलाब को रोकना भी उसके वश में नहीं था।



पुष्पा पाण्डेय

## जाड़े की धूप

लगे धूप जाड़े की प्यारी, पर करती है नाज।
पाहुन बन आँगन में आती, सर पर पहने ताज।
बैरन ठंढ सताती सबको, बैठे पहुना घेर।
नहीं हुई पूरी बातें भी, चढ़ी धूप मुंडेर।।
थोड़ी देर ठहर जा बहना, दे दो ऊर्जा और।
करे देह में छेद हिमानी, जरा करो तुम गौर।।
सुबह सबेरे से मैं उठकर , करूँ रसोई यज्ञ।
गुरु गृह गयी सुता को लेकर, मैं जो ठहरी अज्ञ।
टहल बजाई सासू माँ की, पूजा घर तैयार।
तनिक बैठकर धूप सेंक लू, वक्त कहाँ था यार।
ये कुनबा मेरी धड़कन है, तू इसके है बाद।
जाड़े में लगती हो प्यारी, आती हो बहु याद।।
तेरी ऊर्जा को पाकर मैं, होती ऊर्जावान।
गर्म लहू बहने लगता है, सारी मिटे थकान।
गति जीवन की आगे बढ़ती, होती सुखमय भोर।
ठहरो कुछ पल धूप सलोनी, आती छत की ओर।।
पीछे- पीछे दौड़ी छत पर, मुस्काई वह धूप।
इक कोना था जहाँ खड़ी थी, बदल गया था रूप।
झीनी किरणें झाँक रही थी, हुई सांझ की बेर।
वृक्षों की फुनगी से होती, चली गयी कह देर।।

# जालियांवाला बाग का रोमांच

जालियांवाला बाग का शहर अमृतसर है तो बेहद ही खूबसूरत शहर पर यहाँ दिल दहला देनेवाले नरसंहार में अंग्रेजों ने क्रूरता की सारी हदें पार कर दी थीं। पंच आबों अर्थात पाँच नदियों का राज्य पंजाब का अमृतसर अपनी सांस्कृतिक विरासत, धर्म, भांगड़ा, गिद्दा और पंजाबी व्यंजनों, ललहाते खेतों के लिए सुख्यात है। अमृतसर के सबसे बड़े आकर्षण शानदार स्वर्ण मंदिर, ऐतिहासिक जालियांवाला बाग, बाघा बॉर्डर जैसे हमें पुकार रहे थे। हम कुछ लोग अमृतसर की इन विरासतों से मिलने दिल्ली से रात्रि में रेल द्वारा अमृतसर पहुँचे। रात्रि विश्राम एक धर्मशाला में। सुबह ही जालियांवाला बाग़ के लिए रिक्शे से प्रस्थान किया। पास ही था जलियांवाला बाग। पाँव-पैदल ही उधर बढ़े। बाहर से एकदम सामान्य दिखनेवाला बड़ा सा परिसर भीतर तकलीफदेह इतिहास परोसता है। सर्वविदित है, वैशाखी पर्व पर शांति से सभा कर रहे निहत्थे लोगों पर क्रूर अंग्रजों ने यहां गोलियां चलवाई थीं। उसमें बूढ़े-बच्चे, युवाओं-किशोरों, स्त्रियों समेत हजारों निर्दोष व्यक्तियों की जान चली गई थी। उनकी याद अब भी ताजा है। हम उसी गली से आगे बढ़े, जिस संकरी गली से अंग्रेज सिपाहियों के साथ जलियांवाला बाग में घुसा था निर्मम जनरल डायर। मन की जमीन पर बहुत कुछ चल रहा था, मथता हुआ। 1919 में 13 अप्रैल को बैसाखी मनाने के लिए देशभर से लोग पंजाब के अमृतसर पहुँचे थे। उस वक्त ब्रिटिश सरकार के बनाए कानून रॉलेट ऐक्ट का विरोध जोर पकड़ रहा था, इसलिए ब्रिटिश सरकार ने अमृतसर में बैसाखी के एक दिन पहले ही कर्फ्यू लगा दिया था। साथ ही लोगों को एक साथ इकट्ठा न होने का फरमान जारी कर दिया था। ब्रिगेडियर जनरल डायर को किसी ने खबर कर दी थी कि रॉलेट ऐक्ट के विरोध में लोग वहाँ इकट्ठे होकर सभा कर रहे हैं।



अनिता रश्मि



दमनकारी ब्रिटिश सरकार ने 19 मार्च 1919 को भारत के राष्ट्रीय आंदोलनों को कुचलने के उद्देश्य से रॉलेक्ट ऐक्ट बनाया था। इसके अंतर्गत किसी भी भारतीय को अदालत में मुकदमा चलाए बिना जेल में बंद किया जा सकता था। मनमाने फैसले के बाद उच्च न्यायालय में अपील भी नहीं की जा सकती थी। सख्त रॉलेट ऐक्ट' को काला कानून भी कहा जाता है। अब भी दीवारों पर मौजूद थे गोलियों के निशान। लोगों ने दीवारें फाँदकर भागने की कोशिश की तो उन पर भी गोलियाँ चला दी गई थीं। जगह-जगह उन बलिदानियों की मूर्तियाँ व गोली चलाते सैनिकों की आदमकद मूर्तियाँ हमारा रास्ता रोक रही थीं। वह समय जैसे प्रत्यक्ष, जैसे एकदम जीवंत। एक बोर्ड पर जालियाँवाला बाग कांड की जानकारी परोसी जा रही थी। धीरे-धीरे चलते हुए हम वहाँ जा पहुँचे, जहाँ एक बड़ा सा स्मारक बना दिया गया था। बहुत देर तक वहाँ से हटने का मन ही नहीं किया। उससे आगे बढ़ते ही बाईं तरफ कुआँ...आततायी ब्रिटिश सेना की धुआँधार गोलियों की बौछार से बचने के लिए न जाने कितनी महिलाओं ने बच्चों सहित इसी कुएँ में छलांग लगा दी थी। अब उसे ऊपर से घेर दिया गया था। गुलाबी छत के नीचे खून के अप्रत्यक्ष लाल धब्बे परतंत्रता की त्रासदी की कथा कह रहे थे। कुएँ में झाँका तो ऐसी अनुभूति जो शब्दातीत है। एक अजीब सी गंध...मैं स्तब्ध।

उपस्थित सारे पर्यटक भी। स्तब्धता मस्तिष्क को सुन्न करती हुई...कितने अधिक बलिदानों के बाद हमें आजादी मिली है और हम उसकी कीमत नहीं पहचानते। यहाँ भी भीड़ टूटी पड़ रही थी। हाय!...उफ!...आह!..ओह! पर्यटकों के रोंगटे खड़े हो रहे थे। सबके सब अफसोस और ददीर्ले एहसास से घिरे। ओम जी समझ गए और जैसे ही पास पहुँचे, बस! हो गया। चलो बाहर। बस, थोड़ी देर और। कुएँ में झाँकती रही। वे हाथ पकड़कर आगे खींच ले गए। फिर से वही एकमात्र सँकरे रास्ते से हम बाहर आ गए। (आजकल बलिदानी लोगों का यह तीर्थ स्थल अब और विकसित हो गया है। -सुना, पढ़ा तो उस समय की यायावरी का स्मरण हो आया।) हम उसी पुरानी बेहद, बेहद पतली गली से बाहर आ गए थे, जिसके मुहाने पर सैनिकों ने बँदूकें तान रखी थीं। एक भी परिंदा बाहर न निकल सके, उसकी पूरी व्यवस्था। भून दिए गए थे सब एक साथ अंदर मैदान में। अगल-बगल के घरों का प्लास्टर तब भी उखड़ा हुआ था। जालियाँवाला बाग देखकर झारखंड के तीस हजार आदिवासियों की शहादत याद आ गई। पर संथाल हूल याने संथाल आंदोलन के नाम से प्रसिद्ध क्रांति सशस्त्र विद्रोह थी, जिसमें एक ही परिवार के महावीर सिद्धो-कान्हों, चाँद-भैरव भाइयों और फूलों-झानों बहनों ने वीरतापूर्वक लड़ते हुए अपनी शहादत दी थी। भगवान बिरसा मुंडा और मुंडा स्त्रियों का विलक्षण आत्म बलिदान भी इतिहास में दर्ज है। लेकिन जालियाँवाला बाग की तरह उनका आंदोलन शांतिपूर्ण नहीं था। अवसन्न मन आगे बढ़े तो दुकानों से पंजाबी भोजन का आमंत्रण हम स्वीकार न सके।

-संयोजन : नरेश अग्रवाल

## काव्य कोना

### उत्कंठा

मंजिल से मंजिल ढूंढ़ते-ढूंढ़ते
न जाने कहां-कहां फिरे
पल-क्षण को पल-क्षण से मिलाते-मिलाते
न जाने कहां-कहां फिरे।
विस्मृत को स्मृत से जोड़ते-जोड़ते
न जाने कहां-कहां फिरे
मैं और सिर्फ मैं से हम बनाते-बनाते
न जाने कहां-कहां फिरे।
क्षितिज में सागर गगन के मिलन की छवि
देखते-देखते
न जाने कहां-कहां फिरे
पहचान और अनजान की गुत्थी सुलझाते-
सुलझाते
न जाने कहां-कहां फिरे।
अनभिज्ञता के बवंडर में डूबते-उतराते
न जाने कहां-कहां फिरे
ब्रह्माण्ड नायक तुम्हारे अद्भुत अद्वितीय देन
संभालते-संभालते
न जाने कहां-कहां फिरे।

नाग मणि

## रचना भेजिए

**समाचारों के संबंध में शिकायत, सुझाव या इस पेज के लिए आर्टिकल कृपया भेजें article.rnmail@gmail.com कॉल/ व्हाट्सएप 82925 53444। –संपादक**

## आज का दोहा


**ताल ठोकते दीखते, सारे दल मैदान।**
**खेल देखती है सदा, जनता बैठ मचान।।**
**सोमदत्त शर्मा, गाजियाबाद (उ.प्र.)**

# नई शाल

विद्यालय जाते वक्त प्रायः हर रोज में साक्ची के वसंत टॉकीज के पास की दुकान के शेड के नीचे बैठे, लेटे, ठिठुरते भिखारियों को देखा करती हूँ। जिसमें से कुछ एक भिखारी, मेरे उधर से रोज गुजरने के कारण परिचित हो गए हैं, उसी में वह लड़की भी थी। उम्र होगी यही कोई चौदह- पंद्रह। एक पतली सी करीब - करीब पूरी तरह से फटी सलवार- कमीज पहने एक मटमैली सी ओढ़नी सर पर से डाले इस कड़ाके की ठंड में एक किनारे बैठी सड़क की ओर ताकती, मुझे हर रोज दिख जाती। हमारी नजरें हर रोज मिलतीं। उस दिन मन में 'जॉय ऑफ गिविंग' का जोश आया और विचार आया कि पुराने स्वेटर -शॉल तो हर बार दान करती हूं, क्यों ना इस बार कुछ नया दूं। दूसरे दिन मैं एक नई साल लेकर घर से चली। यथावत वह लड़की मुझे बैठी दिख गई। उसे इशारा कर मैंने बुलाया। कुछ सशंकित नजरों से उसने मुझे देखा,तौला और फिर कुछ झिझकते हुए मेरे सामने आ खड़ी हुई। मैंने उसे पैकेट थमाया, कहा -यह लो शॉल... आज से इसे ओढ़ कर रहा करना, यह तुम्हारे लिए लाई हूं। उसके चेहरे पर आश्चर्य मिश्रित भाव थे। फिर उसकी आंखों में एक चमक आई और वह मुस्कुरा उठी। उसकी मुस्कुराहट ने मेरे हृदय को एक सुकून दिया फिर मैं अपने रास्ते हो ली। दूसरे दिन रविवार होने के कारण मैं उधर नहीं जा सकी। तीसरे दिन मैं पुनः उसी रास्ते से गुजरी तो वह लड़की बिना शॉल ओढ़े उसी तरह बैठी मिली। मुझे देखते ही वह पैकेट लेकर दौड़ती हुई मेरे पास आई और कहा -अपना यह शॉल ले लीजिए मेमसाहब... मुझे नहीं चाहिए। मैं हैरान थी। पूछा- क्यों, क्या हो गया? वह बोली इसके चलते मेरा सुख चैन खो गया है। पहली रात तो मैं सो नहीं पाई इसे संभालने में, कि कहीं कोई इसे चुरा ना ले। फिर कल मैं इसे ओढ़ कर घूम रही थी, तो एक तो किसी ने भी मुझे एक पैसा भी भीख नहीं दिया, उल्टे मुझे पुलिस पकड़ कर ले गई कि तुमने अवश्य ही किसी दुकान से इसे चुराया है और मुझे सच बुलवाने के लिए डंडे भी मारे, मेरे बालों को खींचा, गंदी गाली भी दी...। किसी तरह जान छुड़ाकर आई तो इस शॉल ने नया बवाल मचा दिया। सभी इसको हथियाने की फिराक में लग गए। मां बोली कि इसे मुझे दे दो, मैं बेच आऊँगी, कुछ पैसे मिल जाएंगे। मेरी, जिससे शादी होने वाली है उनके परिवार ने तो मुझे चरित्रहीन तक बता दिया और अब शर्त रख दी है कि पहले शॉल दे दो तब बात आगे बढ़ेगी। मेमसाहब! हम तो परेशान हो गए ,आपके इस शॉल से आप इसे रख लीजिए...यह मेरे काम की नहीं है...। मैं अवाक, कभी उसके शांत चेहरे, तो कभी शॉल को देख रही थी। मेरा 'जॉय ऑफ गिविंग' का नशा गायब हो गया था।



अरुणा झा



स्वामी, पारिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा.लि. के लिए प्रकाशक एंव मुद्रक हर्षवर्द्धन बजाज द्वारा 502, मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बागान, हरमू रोड, रांची से प्रकाशित एवं एस एच प्रिंटर्स प्राइवेट लिमिटेड (पूर्व में शिवासाईं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड), नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पम्प, रातू, रांची-835222, झारखंड द्वारा मुद्रित। रजिस्ट्रेशन नंः BIHHIN/1999/155, प्रधान संपादक : सुरेश बजाज, संपादक : हर्षवर्द्धन बजाज, कार्यकारी संपादक : सुनील सिंह 'बादल'*, समाचार संपादक : त्रिभुवन कुमार सिन्हा, प्रेस कार्यालय : रांची रोड, रेड़मा, मेदिनीनगर (डालटनगंज) पलामू-822102, फोन नंबर : 06562-796018, रांची कार्यालय : 502बी, पांचवी मंजिल, मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बागान हरमू रोड, रांची-834001, फोन नंबर : 0651-3553943, ई-मेल : news.rnmail@gmail.com, article.rnmail@gmail.com (*पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार।)

# पुरानी मस्जिदों के नाम पर देश में अशांति फैलाने की कोशिश : मोहम्मद सईद नूरी

**एजेंसी। मुंबई**

संभल में शाही मस्जिद के सर्वे के दौरान भड़की हिंसा में मुस्लिम युवकों की मौत पर रजा एकेडमी और जमीयत उलेमा ए अहले सुन्नत ने मुंबई में शुक्रवार की नमाज के बाद दुआ समारोह आयोजित किया। इस दौरान कहा गया कि पुरानी मस्जिदों के सर्वे के नाम पर देश में अशांति फैलाने की कोशिश हो रही है, इसे रोका जाना चाहिए। रजा एकेडमी के संस्थापक और अध्यक्ष काइद मिल्लत हाजी मोहम्मद सईद नूरी ने कहा कि सदियों से स्थापित दरगाह सुल्तान-उल-हिंद न केवल भारत में बल्कि विदेशों में भी भारत की शान के रूप में देखा जाता है। अब 800 साल बाद कुछ शरारती तत्वों को यहां भी मंदिर बनाने का ख्याल आने लगा है। उन्होंने आगे कहा कि कुछ छोटे वकील अपनी सस्ती प्रसिद्धि के लिए ऐतिहासिक धार्मिक स्थलों को निशाना बना रहे हैं। जमीयत उलेमा ए अहले सुन्नत मुंबई के उपाध्यक्ष शहजादा मौलाना एजाज अहमद कश्मीरी ने कहा कि कुछ शरारती तत्वों ने देश के शांतिपूर्ण माहौल को बिगाड़ने के लिए सर्वे का ठेका ले लिया है। वह पहले ज्ञानवापी मस्जिद, फिर शाही मस्जिद संभल, और अब दरगाह अजमेर शरीफ को भी निशाना बना रहे हैं। मेरा सवाल निचली अदालतों के जजों से है कि क्या आपके पास और कोई काम नहीं है कि आप फालतू याचिकाओं को स्वीकार कर देश में तनाव बढ़ाने की कोशिश कर रहे हैं? हजरत कश्मीरी ने कहा कि जब सुप्रीम कोर्ट ने आस्था के नाम पर बाबरी मस्जिद को दे दिया, तब हमने सब्र से काम लिया लेकिन अब हमारी सहनशीलता की सीमा पार हो चुकी है। हम अब किसी भी मस्जिद और दरगाह को नहीं छोड़ सकते, चाहे हमें अपनी जान की कुबार्नी क्यों न देनी पड़े।




## एएसआई ने मस्जिद कमेटी पर लगाए गंभीर आरोप

**संभल।** यूपी के संभल स्थित जामा मस्जिद को लेकर आर्कियोलॉजिकल सर्वे ऑफ इंडिया (एएसआई) की ओर से एक हलफनामा दायर किया है। इस हलफनामे में एएसआई ने मस्जिद कमेटी पर गंभीर आरोप लगाए गए हैं। दायर हलफनामे में एएसआई का कहना है कि साल 1920 से संरक्षित स्मारक जामा मस्जिद में निरीक्षण के दौरान मस्जिद कमेटी के सदस्य हमेशा अड़चन डालते रहे हैं। मस्जिद के निरीक्षण के दौरान उन्हें अक्सर कठिनाइयों का सामना करना पड़ा और जिला प्रशासन की मदद से ही वह मस्जिद का निरीक्षण कर पाए। एएसआई ने कहा कि 25 जून को मस्जिद के निरीक्षण के दौरान यह पता चला कि मस्जिद के स्वरूप में कई बदलाव किए गए हैं, जिनका मस्जिद कमेटी ने कोई अनुमोदन नहीं लिया। एएसआई के अनुसार, मस्जिद कमेटी के इस रवैये के खिलाफ उन्होंने पहले भी पुलिस में शिकायत दी थी। मस्जिद कमेटी के अधिकारियों को कारण बताओ नोटिस भी जारी किया गया है। बता दें कि रविवार को उत्तर प्रदेश के संभल स्थित मस्जिद में कोर्ट के आदेश पर सर्वे शुरू हुआ था। इस दौरान लोगों ने जमकर पथराव किया था। दरअसल, हिंदू पक्ष का दावा है कि शाही जामा मस्जिद हरिहर मंदिर है।

# 'स्टैच्यू ऑफ विजडम' को ले निकली 'देशरत्न यात्रा', कांक्लेव में शिरकत करेंगे कई दिग्गज

**एजेंसी। पटना**



देश के प्रथम राष्ट्रपति देशरत्न डॉ. राजेन्द्र प्रसाद की स्मृति में बिहार की राजधानी पटना में 'स्टैच्यू ऑफ विजडम' के निर्माण की मांग को लेकर शनिवार को यहां एक यात्रा निकाली गई। पटना के कंकड़बाग से प्रारंभ हुई 'देशरत्न यात्रा' शहर के विभिन्न मोहल्लों से गुजरी और बिहार विद्यापीठ ब्रजकिशोर भवन स्थित राजेंद्र बाबू की प्रतिमा पर माल्यार्पण के बाद समाप्त हुई। 'देशरत्न कार यात्रा' में करीब 50-70 गाड़ियों का काफिला शामिल था। इसमें आयोजक 'इंडिया पॉजिटिव' से जुड़े लोगों के अलावा पंचायत सीरीज के बनराकस यानी दुर्गेश कुमार, लोक गायिका देवी, इंफ्लूएंसर आर्यन बाबू, एक्टर पंकज केसरी ने हाथों में तख्तियां लेकर प्रतिमा निर्माण के लिए शहरवासियों से समर्थन मांगा। इस मांग के समर्थन में ज्ञानभवन में रविवार को देशरत्न कॉन्क्लेव आयोजित किया जाएगा। 'इंडिया पॉजिटिव' के संयोजक मनीष सिन्हा ने कहा, "राजेन्द्र बाबू की स्मृति में स्टैच्यू ऑफ विजडम का निर्माण हर हाल में होना चाहिए। यह बिहार के लोगों के लिए गौरव की बात होगी। इस स्टैच्यू ऑफ विजडम के निर्माण के लिए राज्य और केन्द्र सरकार से 2018 से आग्रह किया जा रहा है।" मनीष सिन्हा ने बताया कि 1 दिसंबर को देशरत्न कॉन्क्लेव में बिहार सरकार के उपमुख्यमंत्री विजय सिन्हा, सम्राट चौधरी, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष दिलीप जायसवाल, पूर्व उपमुख्यमंत्री तारकिशोर प्रसाद, राज्यसभा सांसद दीपक प्रकाश, वकील विष्णु शंकर, रुबिया लियाकत, आर्यन बाबू और पंचायत सीरीज के अभिनेता शामिल होंगे।

# आयुष्मान योजना से किडनी इंफेक्शन का इलाज कराया

**एजेंसी। प्रयागराज**



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की प्रधानमंत्री आयुष्मान योजना से गरीबों को काफी लाभ हो रहा है। इस योजना के तहत सालाना 5 लाख रुपए का इलाज करा सकते हैं। प्रधानमंत्री आयुष्मान योजना के तहत अब 70 साल से अधिक उम्र के बुजुर्गों को भी शामिल किया गया है। इस योजना की खास बात यह है कि देश में किसी भी अस्पताल में इलाज करा सकते हैं। उत्तर प्रदेश के प्रयागराज में प्रधानमंत्री आयुष्मान योजना के लाभार्थी राम ने बताया है कि उन्हें इस योजना का लाभ मिला है और उन्होंने इस योजना के तहत अस्पताल में किडनी इंफेक्शन का इलाज कराया है। उन्होंने बताया है कि उनकी किडनी में इंफेक्शन हो गया था। जिससे काफी समस्या हो रही थी। जीवन ज्योति हॉस्पिटल में परिवार के लोगों ने भर्ती कराया। यहां तीन दिन हो चुके हैं। इलाज होने के बाद अब मैं अच्छा महसूस कर रहा हूं। तीन दिनों में अस्पताल में बहुत अच्छा इलाज मिला है। डॉक्टरों की ओर से देखरेख की जा रही है। उन्होंने कहा है कि अगर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा चलाई गई आयुष्मान योजना नहीं होती तो शायद वह इलाज कभी नहीं करा पाते। क्योंकि, किसान के पास इतना पैसा नहीं होता है कि वह महंगे इलाज करा सके। प्रधानमंत्री मोदी की इस योजना से सालाना पांच लाख रुपए तक का इलाज करा सकते हैं। इस योजना की अच्छी बात यह है कि हम जहां चाहे वहां इलाज करा सकते हैं। इस तरह की योजना का सीधा फायदा गरीबों को है।

## संभल जाने की तैयारी कर रहे सपा नेताओं के घर पुलिस का सख्त पहरा



**मुरादाबाद।** उत्तर प्रदेश के संभल में हुई हिंसा को लेकर समाजवादी पार्टी (सपा) अपना एक दल घटना का मुआयना करने के लिए भेज रही थी। इसी क्रम में सपा की मुरादाबाद से सांसद रुचि वीरा संभल जाने की तैयारी में थीं। पुलिस ने उनके घर के बाहर सख्त पहरा बैठा रखा है। राजधानी लखनऊ में शनिवार को विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष माता प्रसाद पांडेय के घर के बाहर पुलिस लगा दी है। साथ ही विधान परिषद में नेता प्रतिपक्ष लाल बिहारी यादव के आवास के बाहर भी पुलिस तैनात है। दरअसल सपा के 15 सदस्यीय डेलिगेशन को संभल जाना था। इससे पहले ही नेताओं के घरों के बाहर पुलिस बल तैनात कर दिया गया है। सपा का एक दल शनिवार को नेता प्रतिपक्ष माता प्रसाद पांडे की अगुवाई में संभल जा रहा था। पुलिस इसे लेकर पहले से ही सतर्क थी। माता प्रसाद के घर पर भारी संख्या में पुलिस पहरा दे रही है। उनसे घर पर रहने का अनुरोध किया था।

## केजरीवाल के वादे धोखा, दिल्ली की जनता में आक्रोश : देवेंद्र यादव

**एजेंसी। नई दिल्ली**



दिल्ली कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष देवेंद्र यादव ने शनिवार को आम आदमी पार्टी (आप) के नेता और दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल पर जमकर निशाना साधा। देवेंद्र यादव ने कहा कि जो नेता कभी कहते थे कि वह किसी प्रकार की सुविधाएं नहीं लेंगे, तीन कमरे के मकान में हम रह लेंगे, सिक्योरिटी नहीं लेंगे, उनकी पोल खुल गई है। केजरीवाल का शीशमहल 175 करोड़ रुपये की लागत से बना है, जिसमें गोल्ड प्लेटेड कमोड भी लगाया गया है। दिल्ली की जनता के सामने इसे एक्सपोज किया जाना चाहिए, कहीं न कहीं दिल्ली की जनता इससे आहत है। उन्होंने कहा कि केजरीवाल की असलियत को दिल्ली की जनता के सामने लाना बेहद जरूरी है, क्योंकि उनका जो व्यक्तित्व पहले जनता के सामने था, वह पूरी तरह से बदल चुका है। देवेंद्र यादव ने केजरीवाल के सरकारी सुविधाओं के विरोधाभासी दावों और चुनावी वादों पर भी सवाल उठाते हुए कहा कि दिल्ली की जनता अब उनकी असलियत जान चुकी है।

## संभल जाने से सपा सांसद इकरा चौधरी को पुलिस ने रोका

**एजेंसी। हापुड़**



उत्तर प्रदेश के कैराना से समाजवादी पार्टी सांसद इकरा चौधरी को शनिवार को संभल जाते समय पुलिस ने रोककर वापस दिल्ली भेज दिया। वहीं, अन्य सांसदों को गाजियाबाद पुलिस ने पहले ही रोक लिया था। इकरा ने कहा कि इस मुद्दे को वह सदन में जोर-शोर से उठाएंगी। कैराना सांसद को छिजारसी टोल प्लाजा पर रोका गया। अधिकारियों ने उनसे बात कर वस्तुस्थिति समझाने की कोशिश की। इकरा चौधरी ने कहा कि पार्टी के आदेश के बाद वह संभल जा रही थीं। उन्होंने कहा, "पुलिस ने हमारे नेताओं को नजरबंद कर दिया है। सदन में संभल का मुद्दा जोर शोर से उठाया जाएगा। उन्होंने कहा कि वहां जो हिंसा हुई है उसका सही जायजा और यह जानकारी लेकर कि कौन-कौन से अधिकारी इसमें शामिल थे और किसने घटना को अंजाम दिया था, वह सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव को सौंपने वाली थीं। लेकिन उन्हें रोक लिया गया। सांसद संभल जाने की बात पर अड़ गईं जिसके बाद पुलिस ने उन्हें किसी तरह से समझा कर वापस भेज दिया। सपा के प्रतिनिधिमंडल के संभल जाने की सूचना पर जिले की पिलखुवा पुलिस अलर्ट हो गई थी। इस दौरान टोल प्लाजा के पास ही सांसद को रोककर वहीं से वार्ता की गई।

# पश्चिम बंगाल विस से पारित अपराजिता विधेयक को कानून बनाने की मांग तेज

**एजेंसी। कोलकाता**



तृणमूल महिला कांग्रेस ने निकाली रैली, धरना प्रदर्शन आज

महिलाओं और बच्चों की सुरक्षा के तहत पश्चिम बंगाल विधानसभा में पारित अपराजिता विधेयक को कानून में बदलने के लिए केंद्र सरकार का ध्यान आकर्षित को दक्षिण कोलकाता में तृणमूल महिला कांग्रेस ने एक रैली निकाली। यह रैली कोलकाता के जादवपुर से गोलपार्क तक निकाली गई। रैली में शामिल हुईं टीएमसी नेता प्रियदर्शनी हकीम ने कहा कि मुख्यमंत्री ममता बनर्जी, कोलकाता में जूनियर डॉक्टर के साथ घटित दुखद घटना को लेकर हम कई बार सड़कों पर उतरे हैं। इस मामले में जल्द से जल्द न्याय मिले, इसके लिए ममता बनर्जी खुद सड़कों पर उतरी हैं। इसी को लेकर तृणमूल सरकार यहां विधानसभा में अपराजिता विधेयक लेकर आई है। जिसमें 30 दिन में चार्जशीट दाखिल करनी होगी और 90 दिन में न्याय देना होगा। इसे केंद्र सरकार को कानून में शामिल करना चाहिए, ताकि महिलाओं को जल्दी सम्मान मिले और वे सुरक्षित रह सकें। इसलिए आज हम सड़कों पर हैं। टीएमसी नेता चंद्रिमा भट्टाचार्य और राज्य मंत्री चंद्रिमा भट्टाचार्य ने कहा कि जैसा कि हम पहले राष्ट्रीय कार्यसमिति की बैठक में तय कर चुके थे, आज हम केंद्र सरकार की लापरवाही के खिलाफ प्रदर्शन कर रहे हैं, क्योंकि केंद्र सरकार ने पश्चिम बंगाल विधानसभा में पहले ही पारित इस विधेयक को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से हस्ताक्षर कराने के लिए कोई कदम नहीं उठाया है। यह विधेयक हमने सितंबर 2024 में विधानसभा में पारित किया था। इसलिए हम आज इस रैली में शामिल हैं और रविवार को धरने में भी भाग लेंगे।

## आज का राशिफल

**मेष :** मन प्रसन्न बना रहेगा। अचल संपत्ति की खरीद अथवा कृषि उद्यम में रुचि पैदा होगी। परिवार के साथ मनोरांजनिक स्थल की यात्रा होगी। आपसी प्रेम-भाव में बढ़ोतरी होगी। भविष्य की योजनाओं पर विचार-विमर्श होगा। अपनों का सहयोग प्राप्त होगा। सभी का सहयोग मिलेगा।

**वृष :** दिन-भर का माहौल आडंबरपूर्ण और व्ययकारी होगा। वरिष्ठ लोगों से कहासुनी के कारण तनाव पैदा हो सकता है। संयमित भाषा का इस्तेमाल करें। कुछ कार्यक्रम बदलने होंगे। आवेग में आकर किये गए कार्यों का मलाल, अवसाद रहेगा। उतावलेपन से बचें। प्रेमभाव बढ़ेगा।

**मिथुन :** घर के सदस्य मदद करेंगे और साथ ही आर्थिक बदहाली से भी मुक्ति मिलने लगेगी। प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा। मनोरथ सिद्धि का योग है। अवरुद्ध कार्य संपन्न हो जाएंगे। सभा-सोसायटी में सम्मान मिलेगा। पद-प्रतिष्ठा बढ़ाने के लिए कुछ सामाजिक कार्य संपन्न होंगे।

**कर्क :** सामाजिक कार्य संपन्न होंगे। प्रेमभाव बढ़ेगा। आमोद-प्रमोद का दिन होगा और व्यावसायिक प्रगति भी होगी। स्वास्थ्य और जीवन स्तर में सुधार की अपेक्षा रहेगी। ज्ञान-विज्ञान की वृद्धि होगी और सज्जनों का साथ भी रहेगा। स्त्री-संतान पक्ष का सहयोग मिलेगा।

**सिंह :** कुछ कार्य भी सिद्ध होंगे। व्यर्थ की भाग-दौड़ से यदि बचा ही जाए तो अच्छा है। प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा। अवरुद्ध कार्य संपन्न हो जाएंगे। महत्वपूर्ण कार्य को समय पर बना लें तो अच्छा ही होगा। भाई-बहनों का प्रेम बढ़ेगा। स्वविवेक से कार्य करें। दुर्लभ स्वप्न साकार होंगे।

**कन्या :** आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। आगे बढ़ने के अवसर लाभकारी सिद्ध हो रहे हैं। कुछ आर्थिक संकोच पैदा हो सकते हैं। कोई प्रिय वस्तु अथवा नवीन वस्त्राभूषण प्राप्त होंगे। सभा-गोष्ठियों में मान-सम्मान बढ़ेगा। धार्मिक आस्थाएं फलीभूत होंगी। स्त्री पक्ष का सहयोग मिलेगा।

**तुला :** व्यापार में स्थिति नरम रहेगी। शत्रुभय, चिंता, संतान को कष्टए अपव्यय के कारण बनेंगे। भ्रातृपक्ष में विरोध होने की संभावना है। आय-व्यय समान रहेगा। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। व्यर्थ प्रपंच में समय नहीं गंवाकर अपने काम पर ध्यान दीजिए। मेल-मिलाप से कोशिश सफल होगी।

**वृश्चिक :** कामकाज में आ रहा अवरोध दूर होकर प्रगति का रास्ता मिल जाएगा। मान-सम्मान में वृद्धि होगी। अच्छे कार्य के लिए रास्ते बना लेंगे। अपने हित के काम सुबह-सवेरे ही निपटा लें, क्योंकि आगे कामकाज सीमित तौर पर ही बन पाएंगे। स्वास्थ्य का पाया भी कमजोर बना रहेगा।

**धनु :** यात्रा प्रवास का सार्थक परिणाम मिलेगा। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। अपने काम में सुविधा मिल जाने से प्रगति होगी। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। नवीन जिम्मेदारी बढ़ने के आसार रहेंगे। अपने काम को प्राथमिकता से करें चिंतनीय वातावरण से मुक्ति मिलेगी।

**मकर :** मेहमानों का आगमन होगा। राजकीय कार्यों से लाभ। पैतृक सम्पत्ति से लाभ। नैतिक दायरे में रहें। मेहमानों का आगमन होगा। पुरानी गलती का पश्चाताप होगा। विद्यार्थियों को लाभ। दाम्पत्य जीवन सुखद रहेगा। वाहन चालन में सावधानी बरतें। आय के अच्छे योग बनेंगे। सफलता मिलेगी।

**कुंभ :** परिवारजन का सहयोग व समन्वय काम को बनाना आसान करेगा। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। शैक्षणिक कार्य आसानी से पूरे होते रहेंगे। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। ज्ञानार्जन का वातावरण बनेगा। सफलता मिलेगी।

**मीन :** अपनों का सहयोग प्राप्त होगा। शिक्षा में आशानुकूल कार्य होने में संदेह है। व्यापार व व्यवसाय में स्थिति उत्तम रहेगी। नौकरी में पदोन्नति की संभावना है। मित्रों से सावधान रहें तो ज्यादा उत्तम है। शारीरिक सुख के लिए व्यसनों का त्याग करें। इच्छित कार्य सफल होंगे। सुख-आनंद कारक समय है।

## दिल्ली-एनसीआर में नहीं सुधर रहे हालात बहुत खराब श्रेणी में वायु गुणवत्ता बरकार

**एजेंसी। नई दिल्ली**

दिल्ली-एनसीआर में वायु गुणवत्ता लगातार खराब होती जा रही है, जिसके कारण लोगों के स्वास्थ्य के लिए गंभीर खतरा बना हुआ है। आधिकारिक आंकड़ों के अनुसार, राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) 318 दर्ज किया गया है, जबकि नोएडा और गुरुग्राम में वायु गुणवत्ता ह्यबहुत खराब श्रेणी में दर्ज की गई है। शनिवार को लगातार छठा दिन है, जब दिल्ली-एनसीआर की वायु गुणवत्ता बहुत खराब श्रेणी में बनी हुई है। राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली के सबसे प्रदूषित क्षेत्रों में से एक आनंद विहार में शनिवार सुबह 8 बजे के आसपास एक्यूआई 505 दर्ज किया गया है। जो दिल्ली की खराब हो रही पर्यावरण परिस्थितियों के लिए भी एक गंभीर संकेत है। इतना ही नहीं, जहरीली हवा सिर्फ दिल्ली तक ही सीमित नहीं है, बल्कि पड़ोसी शहर भी खतरनाक प्रदूषण स्तर से जूझ रहे हैं। शनिवार की सुबह उत्तर प्रदेश के नोएडा में एक्यूआई 267, ग्रेटर नोएडा में 286 और गाजियाबाद में 250 दर्ज किया गया है। इसके अलावा हरियाणा के गुरुग्राम का एक्यूआई 284 रहा है। हालांकि, नोएडा के सेक्टर 125 का एक्यूआई 184 दर्ज किया गया, जो मध्यम से खराब श्रेणी में आता है। हालांकि, दिल्ली-एनसीआर की तुलना में काफी बेहतर है।

## विजयपुर में अतिक्रमण हटाओ अभियान जारी अवैध इमारतों को हटाया

**विजयपुर।** विजयपुर शहर में महानगर निगम का अतिक्रमण हटाओ अभियान जारी है। अतिक्रमण के खिलाफ लगातार कार्रवाई की जा रही है। विजयपुर नगर के नेहरू मार्केट को खाली कराने की कार्रवाई के बाद शनिवार को नगर निगम का बुलडोजर जुम्मा मस्जिद रोड से शेडजी मल्ले खेत तक चलाया गया। बुलडोजर से कुंभारा गली होते हुए दिवाटागेरी क्रॉस तक अतिक्रमण की गई इमारतों को हटा दिया गया है।

## चुनाव आयोग की तुलना कुत्ते से गलत वफादार पशु का ये अपमान : राजेश राठौड़



**पटना।** कांग्रेस प्रवक्ता राजेश राठौड़ ने चुनाव आयोग को लेकर विवादित टिप्पणी की है। भाई जगताप के आपत्तिजनक बोलों के बाद राठौड़ ने कहा है कि कुत्ता भी वफादार होता, भाई जगताप के ऐसा कहने से कुत्ते की बेइज्जती हो रही है। राठौड़ ने कहा, भाई जगताप के इस आरोप से कुत्ते की बेइज्जती हो जाएगी। उनको शब्दों के चयन में धोखा हो गया होगा। कुत्ता भी कुछ समझ कर काम करता है, हमें लगता है कि उनके इस बयान से कुत्ते जैसे वफादार पशु का अपमान हो रहा है। भारतीय जनता पार्टी के नेता इसको असंसदीय भाषा करार देते हुए उचित कार्रवाई की मांग कर रहे हैं। वहीं, कांग्रेस प्रवक्ता राजेश राठौड़ इसकी अलग अंदाज में व्याख्या कर रहे हैं।

## केदारनाथ से नवनिर्वाचित विधायक आशा नौटियाल ने ली शपथ

**देहरादून।** उत्तराखंड विधानसभा में शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर केदारनाथ की नवनिर्वाचित विधायक आशा नौटियाल को विधानसभा अध्यक्ष ऋतु खंडूरी भूषण ने पद और गोपनीयता की शपथ दिलाई। आशा नौटियाल ने पत्रकारों से बातचीत में कहा कि मैं केदारनाथ विधानसभा के सभी मतदाताओं और कार्यकतार्ओं को तहे दिल से धन्यवाद करती हूं कि उन्होंने विकास के मुद्दे पर भाजपा को जीत दिलाने में भूमिका निभाई है। केदारनाथ का विकास करना हमारी पहली प्राथमिकता है। सड़क, शिक्षा, स्वास्थ्य आदि के क्षेत्र में कार्य करना हमारी पहली प्राथमिकता है।

## एसटीएफ ने एक करोड़ से अधिक की अफीम जब्त की, दो तस्कर गिरफ्तार

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल पुलिस की स्पेशल टास्क फोर्स (एसटीएफ) ने एक बड़ी कार्रवाई में एक करोड़ रुपये से अधिक की अफीम जब्त की है। एसटीएफ के एसपी इंद्रजीत बसु ने शनिवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि गुप्त सूचना के आधार पर नदिया जिले के कालीगंज थाना क्षेत्र के देवग्राम रेलवे स्टेशन मैदान में छापेमारी कर दो अंतरराज्यीय मादक पदार्थ तस्करों को गिरफ्तार कर उनसे अफीम बरामद की गई है। गिरफ्तार आरोपितों की पहचान जगजीवन सिंह मुंडा (30) निवासी रांची, झारखंड और अब्बास मंडल (40) निवासी कालीगंज, नदिया के रूप में हुई है। पुलिस ने तलाशी के दौरान उनके पास से 8.5 किलोग्राम अफीम का अर्क बरामद किया, जिसकी अंतरराष्ट्रीय बाजार में कीमत एक करोड़ रुपये से अधिक बताई जा रही है।

## बाबा सिद्दीकी हत्याकांड में पुलिस ने 26 आरोपितों पर लगाया मकोका

**मुंबई।** महाराष्ट्र पुलिस ने पूर्व मंत्री बाबा सिद्दीकी की हत्या के मामले में गिरफ्तार सभी 26 आरोपितों के खिलाफ महाराष्ट्र संगठित अपराध नियंत्रण अधिनियम (मकोका) की धाराएं लगायी हैं। पुलिस की क्राइम ब्रांच ने इस मामले में अब तक मुख्य शूटर शिव कुमार गौतम सहित 26 आरोपितों को गिरफ्तार किया है। फिलहाल मामले की जांच जारी है। महाराष्ट्र पुलिस के मुताबिक इन आरोपितों के खिलाफ आर्म्स एक्ट और महाराष्ट्र पुलिस एक्ट की भी कई धाराएं लगायी गयी हैं। इस हत्याकांड में अब तक 26 आरोपितों को गिरफ्तार किया जा चुका है।

# महाकुंभ 2025 : अयोध्या से प्रयागराज तक विशेष हेलीकॉप्टर सेवा शुरू की जाएगी

**एजेंसी। नई दिल्ली**

अगले साल प्रयागराज में आयोजित होने वाले महाकुंभ-2025 को भव्य और दिव्य बनाने के साथ ही आधुनिक सुविधाओं से भी लैस किया जा रहा है। खास बात यह है कि उत्तर प्रदेश के अयोध्या से प्रयागराज तक विशेष हेलीकॉप्टर सेवा भी शुरू की जाएगी। राष्ट्रीय राजधानी नई दिल्ली के अशोका होटल में शुक्रवार को महाकुंभ-2025 को लेकर प्रिल्यूड कार्यक्रम का आयोजन किया गया। केंद्रीय पर्यटन मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत और उत्तर प्रदेश के पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह उपस्थित रहे। उत्तर प्रदेश सरकार के संस्कृति मंत्री और संस्कृति एवं पर्यटन सचिव मुकेश कुमार मेश्राम ने महाकुंभ की तैयारियों के बारे में जानकारी दी। गजेंद्र सिंह शेखावत ने उत्तर प्रदेश की योगी सरकार को बधाई देते हुए कहा कि इस भव्य आयोजन के लिए सरकार ने पूरी तरह से तैयारी कर ली है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और केंद्र सरकार का सहयोग भी उत्तर प्रदेश सरकार को भरपूर मिलने वाला है। उन्होंने कहा कि महाकुंभ हमारी सभ्यता-संस्कृति और सनातन धर्म के लिए एक विशेष महत्व रखता है, जिसका आयोजन जनवरी माह में प्रयागराज में किया जा रहा है। उसके लिए केंद्र और राज्य की सरकार अथक प्रयास कर रही है। लोगों को किसी तरह की कोई असुविधा नहीं होगी। जयवीर सिंह ने कहा कि गंगा को साफ करने से लेकर लोगों के रहने के लिए टेंट सिटी की पूरी व्यवस्था कर दी गई है। सारी तैयारियां युद्धस्तर पर जारी हैं।



### देश-विदेश से भी आएंगे लोग

इस आयोजन में देश-विदेश से भी लोग आएंगे। भूटान, नेपाल, इंडोनेशिया, श्रीलंका, मलेशिया, म्यांमार, ब्रिटेन, मॉरिशस, दक्षिण अफ्रीका, ऑस्ट्रेलिया, सऊदी अरब, पोलैंड, ब्राजील, नाइजीरिया, जापान जैसे देशों के राजदूत एवं उच्चायोग के अधिकारियों को भी निमंत्रित किया गया है। उन्होंने बताया कि ट्रांसपोर्ट की व्यवस्था की जा रही है। हवाई सेवाओं से लेकर रेल और सड़क मार्ग से आवागमन की सारी व्यवस्थाएं की जा रही है। कुछ स्पेशल ट्रेनें और वंदे भारत को भी चलाने का प्रस्ताव सरकार ने पास किया है।

### चाक-चौबंद रहेगी सुरक्षा व्यवस्था

इस बार हेलीकॉप्टर के जरिए प्रयागराज में लोगों को लाने और ले जाने की व्यवस्था रहेगी। उत्तर प्रदेश के अयोध्या से प्रयागराज तक विशेष हेलीकॉप्टर सेवा शुरू की जाएगी। इसके अलावा महाकुंभ के दौरान सुरक्षा बंदोबस्त भी चाक-चौबंद रहेगी। उत्तर प्रदेश पुलिस, पीएससी, सीआईएसएफ आदि को सुरक्षा का जिम्मा दिया गया है। सीसीटीवी से लेकर के ड्रोन कैमरे से भी निगरानी की जाएगी। इस बार महाकुंभ मेले में 35 करोड़ से ज्यादा लोगों के आने की उम्मीद जताई जा रही है।

# जय शाह वैश्विक संस्था के प्रमुख के रूप में सोचें : कामरान



एजेंसी

**मुंबई।** अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) के चेयरमैन के रूप में कार्यभार संभालने की तैयारी कर रहे जय शाह को पाकिस्तान के पूर्व विकेटकीपर कामरान अकमल ने सलाह दी कि वह वैश्विक स्तर पर चेयरमैन के रूप में काम करें न कि केवल भारत को प्राथमिकता दें। बीसीसीआई के सचिव जय शाह एक दिसंबर को ग्रेग बार्कले से आईसीसी के चेयरमैन का पदभार ग्रहण करेंगे और अकमल ने कहा कि उनके लिए वैश्विक संस्था के चेयरमैन के रूप में कार्य करना जरूरी होना चाहिए, न कि सिर्फ भारत के हितों के बारे में सोचना। अकमल ने टेलीकॉम एशिया स्पोर्ट को दिए एक विशेष साक्षात्कार में कहा, जय शाह को सभी सदस्य देशों को साथ लेकर चलना होगा और केवल भारत के बारे में नहीं सोचना चाहिए। उनका कार्यकाल चुनौतीपूर्ण होगा, क्योंकि उनके कार्य वैश्विक संस्था का मार्गदर्शन करेंगे और अगर वह भारत का पक्ष लेंगे तो उन्हें आलोचना का सामना करना पड़ सकता है। अकमल ने कहा कि उनके कार्यकाल के दौरान आईसीसी को इस समस्या का



स्थायी समाधान खोजने की कोशिश करनी चाहिए। उन्होंने आरोप लगाया कि पाकिस्तान विरोधी बयान मौजूदा भारतीय सरकार की नीतियों पर हावी है। अपनी ओर से, भारत सरकार दोनों पड़ोसियों के बीच द्विपक्षीय क्रिकेट के खिलाफ है। उनका कहना है कि जब तक पाकिस्तान भारत में आतंकवाद का समर्थन करना बंद नहीं कर देता, वह खेल के खिलाफ हैं। उन्होंने आगे कहा, भारत हमेशा खेलों में राजनीति को शामिल करता है और मौजूदा सरकार की पाकिस्तान विरोधी नीति है। भारत सरकार को अपने रुख पर पुनर्विचार करना चाहिए क्योंकि क्रिकेट खेले बिना रिश्ते सामान्य नहीं हो सकते। कामरान का मानना है कि इस गतिरोध का राजनीतिक समाधान हो सकता है, क्योंकि दिसंबर 2012 में पाकिस्तान के भारत दौरे के बाद से दोनों देशों के बीच कोई द्विपक्षीय श्रृंखला नहीं खेली गई है।

*हमारी प्रमुख घरेलू टी20 प्रतियोगिता, सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी में उच्च प्रतिस्पर्धा और तीव्रता देखना बहुत अच्छा है*

## सीनियर खिलाड़ियों को खेलते देखना शानदार : जय शाह

घरेलू क्रिकेट के स्तर को बढ़ाने और इसके सफल आयोजन के लिए भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) प्रतिबद्ध है। टीम इंडिया के सीनियर खिलाड़ी इसकी अनदेखी न करें, इसके लिए बोर्ड कई बड़े कदम उठा रही है। इस संदर्भ में बोर्ड के सचिव जय शाह ने अनुभवी खिलाड़ियों की सराहना की। जय शाह ने कहा कि वह पुरुष टीम के वरिष्ठ सदस्यों को सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी में खेलते हुए और अपने राज्य की टीमों के युवा और उभरते क्रिकेटरों को ढेर सारी जानकारी देते हुए देखकर बहुत खुश हैं। शाह ने अपने 'एक्स' अकाउंट पर लिखा, "हमारी प्रमुख घरेलू टी20 प्रतियोगिता, सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी में उच्च प्रतिस्पर्धा और तीव्रता देखना बहुत अच्छा है, जिसमें भारतीय क्रिकेट टीम के वरिष्ठ सदस्य भाग ले रहे हैं।

## आईसीसी बोर्ड की बैठक स्थगित हो सकती है : राशिद लतीफ

चैंपियंस ट्रॉफी को लेकर सस्पेंस थम नहीं रहा। आईसीसी भी इस मामले पर फैसला लेने के लिए भरपूर वक्त ले रही है। इस बीच पाकिस्तान के पूर्व विकेटकीपर-बल्लेबाज राशिद लतीफ ने दावा किया है कि चैंपियंस ट्रॉफी के वेन्यू और शेड्यूल को अंतिम रूप देने के लिए आईसीसी बोर्ड की बैठक रविवार या उसके अगले दिन होगी। शुक्रवार को आईसीसी गवर्निंग बोर्ड की बैठक में इस मामले पर कोई आम सहमति नहीं बन पाई। बैठक ऑनलाइन कॉल के जरिए हुइ, इसमें बोर्ड के सभी 15 सदस्य (जिनमें-12 पूर्ण सदस्य प्रतिनिधि और तीन एसोसिएट देशों के निदेशक), सीईओ ज्योफ एलार्डिस और चेयरमैन ग्रेग बार्कले मौजूद थे। पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड और भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) को अपने विदेश मंत्रालय के साथ चर्चा करने के लिए समय चाहिए।

# हेजलवुड के एडिलेड में न होने से भारत के लिए राह आसान होगी : अजय जडेजा

एजेंसी । नई दिल्ली



भारत के पूर्व कप्तान अजय जडेजा का मानना है कि ऑस्ट्रेलिया के तेज़ गेंदबाज़ जोश हेज़लवुड के 6 दिसंबर से एडिलेड ओवल में शुरू होने वाले दूसरे टेस्ट से बाहर होने से रोहित शर्मा की अगुआई वाली टीम के लिए राह आसान होगी। हेज़लवुड साइड स्ट्रेन के कारण एडिलेड में खेलने से बाहर हो गए हैं, जबकि अनकैप्ड पेसर सीन एबॉट और ब्रेंडन डॉगेट को पिंक-बॉल टेस्ट के लिए टेस्ट टीम में शामिल किया गया है। पेसर ने पर्थ में पहले टेस्ट में ऑस्ट्रेलिया की भारत से 295 रन की हार में पांच विकेट लिए थे। जब ऑस्ट्रेलिया ने आखिरी बार 2020 में एडिलेड में पिंक-बॉल टेस्ट में भारत के साथ खेला था, तब हेज़लवुड ने मुख्य रूप से विध्वंसक गेंदबाज़ी की थी, उन्होंने पांच ओवर में 5-8 की घातक गेंदबाजी की थी, जिससे भारत दूसरी पारी में 36 रन पर आउट हो गया था। जडेजा ने नई दिल्ली में अपने मुख्यालय में फिक्की द्वारा आयोजित 14वें वैश्विक खेल शिखर सम्मेलन 'टर्फ 2024' के मौके पर आईएएनएस के साथ एक विशेष बातचीत में कहा,"इसके बावजूद (हेज़लवुड ने पांच विकेट लिए), हम (पर्थ में) जीते। इसलिए वह वहां नहीं है, यह केवल आपके लिए आसान बनाता है, जब तक कि आपको कोई नया सितारा न मिल जाए, क्योंकि खेल के साथ यह एक और बात है जिसे आप हमेशा महसूस करेंगे - कि जब तक कोई व्यक्ति उस विशेष दिन मैदान पर नहीं आता है, तब तक वह अज्ञात है।

# 9,000 टेस्ट रन बनाने वाले पहले कीवी खिलाड़ी बने केन विलियमसन

एजेंसी । क्राइस्टचर्च



न्यूजीलैंड के पूर्व कप्तान केन विलियमसन ने 9,000 टेस्ट रन पूरे करने वाले पहले कीवी बल्लेबाज बनकर इतिहास रच दिया है। विलियमसन ने शनिवार को क्राइस्टचर्च के हेगले ओवल में इंग्लैंड के खिलाफ पहले टेस्ट के दौरान यह उपलब्धि हासिल की। विलियमसन कमर की चोट से उबरने के बाद वापसी कर रहे हैं, जिसके कारण वह भारत के खिलाफ टेस्ट सीरीज से बाहर हो गए थे। उन्होंने मैच के तीसरे दिन न्यूजीलैंड की दूसरी पारी के दौरान यह उपलब्धि हासिल की। 34 वर्षीय खिलाड़ी ने 103 टेस्ट मैचों में यह उपलब्धि हासिल की, जिससे वह कुमार संगकारा और यूनिस खान के साथ संयुक्त रूप से तीसरे सबसे तेज 9,000 टेस्ट रन बनाने वाले बल्लेबाज बन गए। ऑस्ट्रेलिया के स्टीव स्मिथ अपने 99वें टेस्ट में यह उपलब्धि हासिल करने के बाद सबसे तेज बल्लेबाज हैं, जिन्होंने ब्रायन लारा के 101 टेस्ट मैचों के रिकॉर्ड को पीछे छोड़ दिया है। दूसरी पारी में विलियमसन ने क्रिस वोक्स की गेंद पर विकेट के सामने लपके जाने से पहले रचिन रविंद्र और डेरिल मिशेल के साथ दो महत्वपूर्ण साझेदारियां करते हुए 61 रन का योगदान दिया।

## ओलंपिक बैडमिंटन चैंपियन झेंग अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिता से संन्यास लेंगे

एजेंसी । बीजिंग



ओलंपिक मिश्रित युगल बैडमिंटन स्वर्ण पदक विजेता चीन के झेंग सिवेई ने शुक्रवार को घोषणा की कि वह अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिता से संन्यास ले लेंगे और अगले महीने हांगझोउ में होने वाला बीडब्ल्यूएफ वर्ल्ड टूर फाइनल उनका "अंतिम टूर्नामेंट" होगा। 27 वर्षीय ने चीनी सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म वीबो पर लिखा, "बहुत से लोग मुझसे कम से कम लॉस एंजेलिस ओलंपिक तक या उससे भी अधिक समय तक खेलने की उम्मीद करते हैं। हमारी प्रतिस्पर्धात्मकता को देखते हुए, हमने अभी-अभी ओलंपिक स्वर्ण जीता है और विश्व रैंकिंग में शीर्ष स्थान पर हैं। जहां तक मैंने अचानक खेलना बंद कर दिया है, तो मेरा जवाब है, यह मेरी जीवन योजना है। सिन्हुआ की रिपोर्ट के अनुसार झेंग ने कहा कि परिवार में वापस लौटना उनके लिए अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिता से संन्यास लेने के महत्वपूर्ण कारणों में से एक है। "मेरे जीवन का लक्ष्य परिवार और करियर दोनों पर केंद्रित है। हर कोई जानता है कि मैंने अपेक्षाकृत जल्दी शादी कर ली थी, और अब मेरा दूसरा बच्चा भी हो गया है, इसलिए मैं परिवार में वापस लौटना चाहता हूं।" तीन साल पहले टोक्यो ओलंपिक में उपविजेता रहने के बाद, झेंग और उनके साथी हुआंग याकियॉन्ग ने इस साल की शुरुआत में पेरिस ओलंपिक में मिश्रित युगल में स्वर्ण पदक जीता, इस प्रक्रिया में एक भी गेम गंवाए बिना 6-0 के रिकॉर्ड के साथ टूर्नामेंट का समापन किया। झेंग ने लिखा, "इस दौरान, हमने लगातार सफलताएं हासिल कीं और रिकॉर्ड तोड़े।

## दूरदर्शन हॉकी इंडिया लीग 2024 25 सत्र का प्रसारण करेगा

**नई दिल्ली ।** भारत के राष्ट्रीय प्रसारक दूरदर्शन (डीडी) ने हॉकी इंडिया लीग (एचआईएल) के साथ साझेदारी की है, ताकि देश भर के लाखों दर्शकों तक रोमांचक टूर्नामेंट का प्रसारण किया जा सके। एचआईएल 28 दिसंबर से शुरू होने वाला है। इस साल का संस्करण ऐतिहासिक है क्योंकि यह महिला हॉकी इंडिया लीग के उद्घाटन सत्र के साथ-साथ बहुप्रतीक्षित पुरुष प्रतियोगिता का भी प्रतीक है। इस लीग में आठ पुरुष टीमें और चार महिला टीमें भाग लेंगी, जो राउरकेला और रांची में प्रतिस्पर्धा करेंगी, जिसमें भारत और दुनिया भर से शीर्ष स्तर की प्रतिभाएं दिखाई देंगी। महिलाओं की लीग को शामिल करना खेलों में लैंगिक समावेशिता को बढ़ावा देने और बड़े स्तर पर महिला हॉकी को बढ़ावा देने की हॉकी इंडिया की प्रतिबद्धता को दर्शाता है। प्रसार भारती के चेयरमैन नवनीत सहगल ने कहा, "प्रसार भारती को हॉकी इंडिया लीग के साथ साझेदारी करने का सौभाग्य मिला है। यह एक ऐसा मंच है जो हमारे राष्ट्रीय खेलों का जश्न मनाता है और विभिन्न श्रेणियों के लोगों को जोड़ता है। हमारे व्यापक कवरेज के माध्यम से, हमारा लक्ष्य हॉकी की रोमांचक भावना को हर जगह दर्शकों तक पहुंचाना है, जिसमें महिला एचआईएल का ऐतिहासिक डेब्यू भी शामिल है।

## चोटिल जेमिमा रोड्रिग्स ब्रिस्बेन हीट के लिए डब्ल्यूबीबीएल फाइनल खेलेंगी

एजेंसी । ब्रिस्बेन



भारतीय बल्लेबाज जेमिमा रोड्रिग्स रविवार को मेलबर्न क्रिकेट ग्राउंड (एमसीजी) में मेलबर्न रेनेगेड्स के खिलाफ ब्रिस्बेन हीट के लिए महिला बिग बैश लीग (डब्ल्यूबीबीएल) फाइनल में खेलने के लिए पूरी तरह तैयार हैं, हालांकि चैलेंजर गेम में चोटिल होने के बावजूद वे सिडनी थंडर पर जीत दर्ज करने के दौरान चोटिल हो गई थीं। बाउंड्री पर डाइविंग करते समय जेमिमा की कलाई पर चोट लग गई थी, और वे मैदान पर वापस नहीं आईं। वे तीसरे नंबर पर बल्लेबाजी करने उतरीं और 30 गेंदों पर 43 रनों की महत्वपूर्ण पारी खेली, लेकिन हीट के जीत की दहलीज पर पहुंचने से पहले ही चोटिल हो गईं। "मेरी समझ से, वहां कोई वास्तविक चिंता नहीं है। वह सभी सही प्रक्रियाओं से गुज़र रही है, एक विदेशी खिलाड़ी होने के नाते, एक भारतीय खिलाड़ी होने के नाते और साथ ही ऑस्ट्रेलियाई लड़कियों के खिलाफ़ एक महत्वपूर्ण सीरीज़ होने के नाते।' ब्रिसबेन हीट की कप्तान जेस जोनासेन ने क्रिकेट डॉट कॉम डॉट एयू से कहा, "सभी रिपोर्टों से, यह सिर्फ़ एक छोटी सी बात है, लेकिन इससे ज़्यादा कुछ और ख़तरनाक होने की संभावना को खारिज़ किया जा सकता है। मेरी समझ से कल खेलना सही रहेगा। हालांकि रविवार के फ़ाइनल के लिए बारिश की आशंका है, सोमवार को एक रिजर्व दिन के प्रावधान के साथ, जेस ने कहा कि उन्होंने अपनी टीम को पूरे मैच के लिए तैयार रहने को कहा है।

## मनप्रीत सिंह ने कहा, 'महाराष्ट्र में धड़कता है कबड्डी का दिल'

**नोएडा।** प्रो कबड्डी लीग (पीकेएल) का काफिला नोएडा से पुणे की ओर बढ़ चला है। सीजन के अंतिम चरण से पहले अंक तालिका में टीमों के बीच ज्यादा अंतर नहीं है। इसके बावजूद, एक टीम जिसने पूरे सीजन में निरंतरता दिखाई है वह है



हरियाणा स्टीलर्स, जो पीकेएल में अब भी शीर्ष पर है। जब टीम ने नोएडा लेग में तमिल थलाइवाज पर 42-30 की प्रभावशाली जीत दर्ज की, तब कबड्डी के सांस्कृतिक महत्व पर बात करते हुए हरियाणा स्टीलर्स के मुख्य कोच मनप्रीत सिंह ने खेल के साथ महाराष्ट्र के गहरे जुड़ाव के बारे में बात की। उन्होंने कहा, "महाराष्ट्र वह जगह है जहां कबड्डी का दिल सचमुच धड़कता है। कोच ने महाराष्ट्र के खेल जुनून की एक खूबसूरत तस्वीर पेश की, स्थानीय प्रशंसकों के खेल के प्रति प्यार पर बात करते हुए उन्होंने बताया कि जब आप महाराष्ट्र के स्टेडियम में मैच देखने जाते हैं, तो लोग सिर्फ टीम देखने नहीं आते- वे कबड्डी का समर्थन करने आते हैं। वहां के लोगों और खेल के बीच खास रिश्ते को बयां करते हुए उन्होंने कहा, "जब आप महाराष्ट्र जाते हैं और कुश्ती या कबड्डी जैसे अच्छे खेल खेलते हैं, तो ऐसा लगता है कि यह आपसे जुड़ा हुआ है।



## केंद्र ने मछली पालन क्षेत्र के लिए 4,969 करोड़ के पैकेज को दी मंजूरी

**नई दिल्ली।** केंद्र के मत्स्य पालन विभाग ने वित्त वर्ष 2021 से वित्त वर्ष 2024 और चालू वित्त वर्ष (वित्त वर्ष 25) के दौरान छोटे मछली पकड़ने वाले समुदायों, पारंपरिक मछुआरों के विकास और उन्हें आजीविका सहायता प्रदान करने के लिए 1823.58 करोड़ रुपये के केंद्रीय हिस्से के साथ 4969.62 करोड़ रुपये के प्रस्तावों को मंजूरी दी है। राज्यसभा को एक लिखित उत्तर में यह जानकारी देते हुए मत्स्य पालन, पशुपालन और डेयरी मंत्री राजीव रंजन सिंह ने कहा कि मत्स्य पालन क्षेत्र के विकास और मछुआरों के कल्याण के लिए 20,050 करोड़ रुपये के निवेश के साथ वित्तीय वर्ष 2020-21 से प्रभावी प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना (पीएमएमएसवाई) के तहत मंजूरी दी गई है। उन्होंने कहा कि जलवायु-अनुकूल जलीय कृषि को बढ़ावा देने के लिए, विभाग पीएमएमएसवाई के तहत समुद्री शैवाल, खुले समुद्र में पिंजरे की खेती, कृत्रिम चट्टानों की स्थापना, समुद्री पशुपालन, इंटीग्रेटेड मछली पालन को बढ़ावा देने और अन्य जलवायु-अनुकूल समुद्री कृषि गतिविधियों का समर्थन करता है, ताकि मुख्य रूप से पारंपरिक और छोटे पैमाने के मछुआरों पर पर्यावरणीय प्रभावों को कम किया जा सके।

## एशिया में तेल और गैस पाइपलाइन विस्तार में भारत का होगा दबदबा

**नई दिल्ली।** एक नई रिपोर्ट के अनुसार 2028 तक एशिया में तेल और गैस ट्रांसमिशन पाइपलाइन की लंबाई में भारत का दबदबा होने का अनुमान है। एक प्रमुख डेटा और एनालिटिक्स कंपनी ग्लोबलडाटा की रिपोर्ट में कहा गया है कि 2028 तक क्षेत्र की कुल पाइपलाइन लंबाई में भारत की हिस्सेदारी 40 प्रतिशत से अधिक होने की उम्मीद है। इसमें बताया गया है कि भारत में 2028 तक 50 से अधिक नियोजित और घोषित पाइपलाइनों का संचालन शुरू होने की संभावना है, जिससे ट्रांसमिशन पाइप लाइन की कुल लंबाई 26,000 किलोमीटर से अधिक हो जाएगी। इसमें से लगभग 24,000 किलोमीटर लम्बाई की वृद्धि नियोजित पाइपलाइनों से होगी, जिन्हें विकास के लिए आवश्यक अनुमोदन प्राप्त हो चुका है। ग्लोबलडाटा में तेल एवं गैस विश्लेषक भार्गवी गंधम ने कहा, "भारत में 2028 तक बनने वाली ट्रांसमिशन पाइपलाइन की लंबाई में प्राकृतिक गैस और उत्पाद पाइपलाइनों का हिस्सा 80 प्रतिशत से अधिक होगा। आगामी कांडला-गोरखपुर उत्पाद पाइपलाइन 2,809 किलोमीटर की लंबाई के साथ सभी आगामी पाइपलाइनों में सबसे लंबी होने की संभावना है।

# अप्रैल-अक्टूबर तक राजकोषीय घाटा चालू वित्त वर्ष के लक्ष्य का 46.5 प्रतिशत रहा

सरकार का लक्ष्य चालू वित्त वर्ष के दौरान राजकोषीय घाटे को **16.13 लाख करोड़** रुपये पर सीमित रखना है




हाल ही में जारी आधिकारिक आंकड़ों के अनुसार, चालू वित्त वर्ष के पहले सात महीनों (अप्रैल-अक्टूबर) के अंत में केंद्र का राजकोषीय घाटा पूरे साल के लक्ष्य का 46.5 प्रतिशत रहा। यह सरकार की मजबूत आर्थिक वित्तीय स्थिति को दर्शाता है। सरकार का लक्ष्य चालू वित्त वर्ष में राजकोषीय घाटे को सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) के 4.9 प्रतिशत पर लाना है, जो 2023-24 में 5.6 प्रतिशत था। महालेखा नियंत्रक (सीजीए) द्वारा जारी आंकड़ों के अनुसार, कुल मिलाकर राजकोषीय घाटा सरकार के व्यय और राजस्व के बीच का अंतर इस साल अप्रैल-अक्टूबर के दौरान 7,50,824 करोड़ रुपये था। 2024-25 के पहले सात महीनों के लिए केंद्र सरकार के राजस्व-व्यय के आंकड़ों से पता चला है कि शुद्ध कर राजस्व लगभग 13 लाख करोड़ रुपये और चालू वित्त वर्ष के बजट अनुमान का 50.5 प्रतिशत था। सरकार का लक्ष्य चालू वित्त वर्ष के दौरान राजकोषीय घाटे को 16.13 लाख करोड़ रुपये पर सीमित रखना है। केंद्रीय प्रत्यक्ष कर बोर्ड (सीबीडीटी) द्वारा जारी लेटेस्ट आंकड़ों के अनुसार, चालू वित्त वर्ष के दौरान 1 अप्रैल से 10 नवंबर तक भारत का शुद्ध प्रत्यक्ष कर संग्रह, जिसमें कॉर्पोरेट कर और व्यक्तिगत आयकर शामिल हैं, 15.4 प्रतिशत बढ़कर 12.1 लाख करोड़ रुपये हो गया।

## आर्थिक गतिविधियों में वृद्धि के कारण जीएसटी संग्रह में भी शानदार वृद्धि हुई है

2023-24 के केंद्रीय बजट में प्रत्यक्ष संग्रह का लक्ष्य 18.23 लाख करोड़ रुपये निर्धारित किया गया था और बाद में संशोधित अनुमान (आरई) में इसे बढ़ाकर 19.45 लाख करोड़ रुपये कर दिया गया।सीबीडीटी ने कहा कि रिफंड के बाद अनंतिम प्रत्यक्ष कर संग्रह बजट अनुमान से 7.40 प्रतिशत और संशोधित अनुमान से 0.67 प्रतिशत अधिक रहा है। इसी तरह, आर्थिक गतिविधियों में वृद्धि के कारण जीएसटी संग्रह में भी शानदार वृद्धि हुई है। कर संग्रह में उछाल से सरकार के खजाने में अधिक धनराशि आती है, जिससे सरकार को आर्थिक विकास को बढ़ावा देने और गरीबों के लिए कल्याणकारी योजनाओं को आगे बढ़ाने के लिए बड़ी बुनियादी ढांचा परियोजनाओं के निवेश में मदद मिलती है। इससे राजकोषीय घाटे को नियंत्रित रखने और अर्थव्यवस्था के आर्थिक बुनियादी ढांचे को मजबूत करने में भी मदद मिलती है। कम राजकोषीय घाटे का मतलब है कि सरकार को कम उधार लेना पड़ता है, जिससे बैंक के पास बड़ी कंपनियों के लिए उधार लेने और निवेश करने के लिए अधिक पैसा बचता है।

## अक्टूबर में भारत का सेवा निर्यात 22.3 प्रतिशत बढ़कर 34.3 अरब डॉलर हो गया : आरबीआई

**नई दिल्ली ।** भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) द्वारा जारी लेटेस्ट आंकड़ों के अनुसार, भारत के सेवा निर्यात में लगातार दूसरे महीने अक्टूबर में बढ़ोतरी दर्ज हुई है। अक्टूबर में देश का सेवा निर्यात सालाना आधार पर 22.3 प्रतिशत बढ़कर 34.3 अरब डॉलर हो गया। इससे पहले अगस्त में देश का सेवा निर्यात जुलाई के 30.58 अरब डॉलर से घटकर 30.34 अरब डॉलर पर आ गया था। जो कि इससे अगले महीने सितंबर में बढ़कर 32.57 बिलियन डॉलर तक पहुंच गया था। निर्यात के साथ-साथ अक्टूबर में देश के आयात में भी वृद्धि दर्ज की गई है, जो कि सालाना आधार पर 27.9 प्रतिशत बढ़कर अब 17.21 अरब डॉलर हो गया है। इससे पहले सितंबर में देश का सेवा आयात 16.50 अरब डॉलर रहा था। भारत का सेवा निर्यात वित्त वर्ष 2024 में 339.62 अरब डॉलर रहा, जो पिछले वित्त वर्ष में 325.33 अरब डॉलर था। पिछले दिनों आई ग्लोबल ट्रेड रिसर्च इनिशिएटिव (जीटीआरआई) की एक रिपोर्ट के मुताबिक भारत का सेवा निर्यात 2030 तक वस्तु निर्यात से आगे निकल जाएगा। जीटीआरआई की रिपोर्ट में कहा गया था कि वित्त वर्ष 2030 तक सेवा निर्यात 618.21 अरब डॉलर पहुंचने का अनुमान है, जो 613.04 अरब डॉलर के माल निर्यात से अधिक होगा।



# ठंड का प्रभाव बढ़ा, कनकनी से लोगों ने घरों से निकलना कम किया

नवीन मेल संवाददाता

**रमना।** गिरते तापमान से ठंड का असर दिखने लगा है। शाम छह बजते ही बस पड़ाव,टेंपू पड़ाव और रेलवे स्टेशन समेत मुख्य बाजार में सन्नाटा छाने लगा है। सूर्यास्त 5:05 बजे हो जा रहा है। जिससे लोग ठंड से राहत के लिए अलाव तापते दिखे। सूर्योदय 6:14 में हो रहा है इस प्रकार रात्री करीब 13 घंटा के हो रहा है। इससे शाम और रात के समय राहगीरों यात्रियों को ठंड की मार झेलनी पड़ रही है। बादलों की वजह से ठंड कम थी, लेकिन मौसम साफ होते ही प्रखंड में कड़ाके की ठंड पड़ने लगी है। लोगों को रात के अलावा सुबह शाम के समय गर्म कपड़ों का सहारा लेना पड़ रहा है। दोपहर के समय धूप से कुछ राहत मिल जाती है, लेकिन शाम के समय ठंड का असर शुरू हो जाता है। जैसे-जैसे रात चढ़ती जाती है। वैसे-वैसे तापमान गिरने लगता है और कनकनी बढ़ता जाता है। इस कनकनाती ठंड से राहगीर एवं यात्री ठंड की ज्यादा मार झेल रहे हैं। ठंड बढ़ते ही प्रशासन द्वारा लोगों को राहत दिलाने के लिए क्षेत्र में बस और टेंपू स्टैंड समेत प्रमुख चौक-चौराहों पर अलाव की व्यवस्था की जाती है। लेकिन इस वर्ष अब तक प्रखंड और जनप्रतिनिधियों द्वारा अलाव की व्यवस्था नहीं की गई है। इसके कारण रात के समय लोगों को खुले में ठंड से बचने के लिए कोई साधन नहीं मिल रहा है। रात बढ़ते ही पारा गिरने से खुले में गर्म कपड़े भी असर नहीं करते हैं। इस वजह से रात के समय में सफर करने वाले राहगीर ठंड से परेशान हो रहे हैं। खासकर बस-टेंपों स्टैंड और रेलवे स्टेशन में पहुंचने वाले यात्रियों को ठंड से रात भर जूझना पड़ रहा है।



### सड़क दुर्घटना में दो घायल

**भवनाथपुर।** थाना क्षेत्र अंतर्गत दो अलग अलग जगहों पर शुक्रवार की रात हुई बाइक दुर्घटना में दो युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों में चपरी निवासी सह साइकिल दुकानदार विमलेश साह व दूसरा चेरवाडीह निवासी अवधेश बियार पिता रामजी बियार का नाम शामिल है। उक्त दोनों घायलों को ईलाज के लिए स्थानीय सीएचसी में भर्ती कराया गया। वहां डॉ. दिनेश कुमार द्वारा प्राथमिक उपचार के बाद विमलेश साह को बेहतर इलाज के लिए सदर अस्पताल गढ़वा रेफर कर दिया गया। पहली घटना में विमलेश साह बाइक चलाकर सिंघीताली से वापस अपने घर लौट रहा था, इस दौरान भवनाथपुर केतार मुख्य पथ पर मुस्कैनी पहाड़ के समीप एक अज्ञात बोलेरा वाहन की चपेट में आकर वह गंभीर रूप से घायल हो गया, जबकि दूसरी घटना में चेरवाडीह निवासी अवधेश बियार अपने घर लौटने के क्रम में बघमनवा गांव के समीप उसकी बाईक अनियंत्रित होकर पलट जाने से वह गंभीर रूप से घायल हो गया।

# शिव मंदिर निर्माण को लेकर वैदिक मंत्र व पूजन किया गया

नवीन मेल संवाददाता

**मेराल।** प्रखंड के रेजो गांव स्थित चौबे टोला पर शिव मंदिर निर्माण कार्य का शुभारंभ वैदिक मंत्र व पूजन के साथ किया गया। शुरूआत यजमान लालमणि चौबे ने रामकृष्ण पंडित के साथ पूजन किया। इस अवसर पर गौरी गणेश कलश व बजरंगबली की विधिवत पूजन कर महावीरी झंडा फहराया गया। बता दें कि स्वर्गीय राजकुमार चौबे द्वारा वर्ष 1940-41 में शिव चबुतरा निर्माण कर नर्मदेश्वर महादेव शिव लिंग का स्थापना कर प्राण प्रतिष्ठा किया गया था। काफी वर्षों लगभग आठ दशक बीत जाने के बाद उनके वंशज पौत्र व प्रपौत्र में शिव मंदिर निर्माण करने की प्रेरणा जगी। इसकी शुरूआत करते हुए प्रपौत्र मनीष चौबे, प्रशांत चौबे, रंजीत चौबे, रमेश चौबे, गौतम चौबे, भारद्वाज चौबे, हृषीकेश चौबे, विपुल चौबे, पौत्र लालमणि चौबे, रामाशंकर चौबे, अवध किशोर चौबे, अलखनारायण चौबे, राजीव रंजन चौबे,मदन बिहारी चौबे, श्याम नारायण चौबे, सूर्यदेव चौबे, ब्रह्मानंद चौबे, सचिदानंद चौबे, परशुराम चौबे, रामनारायण चौबे एवं महेंद्र प्रसाद शुक्ला,अनुप शुक्ला, अरविंद शुक्ल के अलावा संतोषी चौधरी, गुलाब चौधरी सहित लोगों ने मंदिर निर्माण में आर्थिक सहयोग प्रदान करते हुए भव्य मंदिर निर्माण कार्य शुरू कराया।



# युवा नशे के रूप में प्रयोग कर रहें हैं कफ सिरप

**गांव में उपलब्ध झोलाछाप चिकित्सक ऊंची दाम पर उपलब्ध कराते हैं कफ सिरप**

नवीन मेल संवाददाता

**नावाबाजार।** युवाओं के नशे का ट्रेंड बदल दिया है। युवा अब शराब से भी ज्यादा घातक नशे का उपयोग कर रहे है। गंभीर बीमारी की चिंता किये बगैर आराम से नशा करने में लगे हुए है। नशेबाज शराब ना मिलने पर कफ सिरप व गांजा ले रहे है। इसके लिये उन्हें भटकने की जरूरत नहीं। कफ सिरप एम्रोडील या अन्य सिरप उन्हें किसी भी दवा दुकान या थोड़े उंचे दाम पर झोलाछाप चिकित्सकों के सहज ही मिल जाता है। चोरी छिपे कारोबारी जेब में गांजा की पुड़िया बनाकर चलंत दुकान की मार्फत कार्य कर रहे हैं। समय रहते इस पर लगाम नहीं लगा तो कई युवा गंभीर बीमारी की जद में आ जायेंगे। इन दिनों युवकों में सी शब्द का प्रचलन काफी बढ़ गया है। सी शब्द कोई अंजान शब्द नहीं है। यह एक दवा कुछ और नहीं कफ सीरप है। जो खांसी जैसी बीमारी में काम आता है। इसे पीने के आदी युवक हो गए हैं। यह दवा दुकानों में आसानी से उपलब्ध हो जाता है। दवा दुकानदार व झोलाछाप बिना कुछ पूछे उंची दाम ले कफ सिरप उपलब्ध कराते रहे हैं। लोगों का कहना है कि कफ सिरप पीने से नशा आता है। जिसे पीने से उसका साइड इफेक्ट इन पीने वालों को पता नहीं है। युवा पीढ़ी इस दलदल में फंसते चले जा रहे हैं। फिलवक्त शहर की बात कौन करे गांव में नई पीढ़ी के युवक इसका एडिक्ट होते जा रहे हैं। उन्हें खाने से अधिक चिंता कफ सिरप की बोतलें जुटाने की रहती है। बिना रोकथाम के सहज हीं कफ सिरप बाजारों में मिल रहा जा रहा है।



# फरार अभियुक्त के घर पर पुलिस ने चिपकाया इश्तेहार

नवीन मेल संवाददाता

**विश्रामपुर।** विश्रामपुर नगर परिषद अंतर्गत रेहला थाना पुलिस ने एक वर्ष से अधिक समय से फरार अभियुक्त दंपति व थाना क्षेत्र के बी मोड़ गोदरमा निवासी विरेंद्र कुमार तिवारी और उसकी पत्नी माधवी लता तिवारी के घर पर न्यायालय के निर्देश पर इश्तेहार चिपकाया गया। रेहला थाना के सब इंस्पेक्टर उदय सिंह ने फरार अभियुक्त के घर और पड़ोस वाले की मौजूदगी में इश्तेहार चिपका कर फरार को शीघ्र न्यायालय में हाजिर होने को कहा। अन्यथा आगे न्यायालय के आदेश से कुर्की जब्ती की कारवाई की जाएगी। मौके पर पुलिस बल के कई जवान मौजूद थे।



**मोतियाबिंद शिविर में 145 की जांच व 55 मरीजों का निःशुल्क लेंस प्रत्यारोपन**

# आखों की रौशनी लौटाना पुण्य का कामःडॉ. बिनेश कुमार

नवीन मेल संवाददाता

**हुसैनाबाद।** जिला अंधापन नियंत्रण समिति व राधा लक्ष्मी ट्रस्ट दंगवार के संयुक्त तत्वावधान में शनिवार को हुसैनाबाद अस्पताल में निःशुल्क मोतियाबिंद ऑपरेशन शिविर में 145 मरीजों की आंखों की जांच व 55 मरीजों आईएलओं विधि द्वारा लेंस प्रत्यारोपन किया गया। इस अवसर पर प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ.बिनेश कुमार ने कहा कि किसी व्यक्ति की आंखों की रौशनी लौटाना सबसे बड़ा पुण्य का कार्य है। उन्होंने कहा कि इसमें जिला अंधापन नियंत्रण समिति और राधा लक्ष्मी ट्रस्ट दंगवार के द्वारा इस क्षेत्र में पिछले कई सालों से शिविर आयोजित कर बेहतर कार्य कर रही है। उन्होंने क्षेत्र के पंचायत प्रतिनिधियों और सामाजिक कार्यकर्ता से अपील की है कि अपने-अपने क्षेत्रों से मोतियाबिंद रोग से ग्रस्ति लोगों को इस शिविर में पहुंचाने का काम करें। डॉ. अखिलेश गुप्ता ने बताया कि आईएलओ द्वारा लेंस प्रत्यारोपण किया जा रहा है। सभी मरीजों को निःशुल्क दवा और चश्मा भी दिया जाएगा। शिविर के तीसरे दिन 55 लोगों का मोतियाबिंद का सफल ऑपरेशन किया गया। वहीं रविवार व सोमवार की सुबह सभी मरीजों को निःशुल्क चश्मा व दवा दी जाएगी। इस मौके पर नेत्र चिकित्सक बिरजू प्रसाद, दयानंद कुमार, जयप्रकाश सिंह उर्फ बच्चा सिंह, सचिन ठाकुर, कुंदन कुमार,सुनील कुमार, मिथिलेश कुमार, बसंती देवी, रागनी कुमारी, विपिन कुमार समेत कई लोग मौजूद थे।




# तीसरे दिन भी विश्वविद्यालय और महाविद्यालय कर्मचारी धरने पर बैठे

नवीन मेल संवाददाता

**मेदिनीनगर।** झारखंड विश्वविद्यालय एवं महाविद्यालय शिक्षकेत्तर कर्मचारी संघ के बैनर तले नीलांबर पीतांबर विश्वविद्यालय और इसके अंगीभूत महाविद्यालय के 87 कर्मचारी अपनी छः सूत्री मांगों को लेकर तीसरे दिन भी अनिश्चितकालीन धरने पर बैठे रहे। कर्मचारियों ने अपनी मांगों को लेकर कुलसचिव से मुलाकात की, लेकिन उनकी मांगों पर कोई समाधान नहीं निकल सका। धरने के कारण विश्वविद्यालय और महाविद्यालय का गैर शैक्षणिक कार्य पूरी तरह से ठप रहा।

धरने पर बैठे कर्मचारियों ने विश्वविद्यालय के मुख्य गेट को बंद कर दिया, जिससे केवल परीक्षा से संबंधित छात्र ही अंदर प्रवेश कर पाए। इससे पहले, शुक्रवार को कुलसचिव डॉ. शैलेश कुमार मिश्रा ने कर्मचारियों से संवाद किया था और नियमित कार्य शुरू करने की अपील की थी, लेकिन यह वार्ता बेनतीजा रही।

कर्मचारियों की मुख्य मांगों में नवंबर तक एसीपी/एमएसीपी का भुगतान, राज्य सरकार से अनुमोदन के बाद शिक्षकेत्तर कर्मचारियों को सातवां वेतनमान, लेखपाल/प्रधान सहायक को वेतनमान लागू करना, योग्यता के आधार पर फोर्थ ग्रेड से थर्ड ग्रेड में प्रोन्नति, और 2003 से 2007 तक फिक्स वेतन की बकाया राशि का भुगतान शामिल है। इसके साथ ही, एसीपी/एमएसीपी का लाभ न मिलने वाले कर्मचारियों को यह लाभ देने की भी मांग की जा रही है। संघ के जिला अध्यक्ष प्रवीण कुमार ने कहा कि जब तक उनकी मांगें पूरी नहीं होतीं, तब तक धरना जारी रहेगा। धरने में सचिव रविशंकर सिंह, विकास तिवारी, अरुण तिवारी, उपेंद्र सिंह, ओम प्रकाश तिवारी, बंशी गोप, रामू राम, दीपक कुमार, प्रदीप तिवारी समेत दर्जनों कर्मचारी शामिल थे।




### स्काउट व गाइड का द्वितीय दिवस संपन्न

**मेदिनीनगर।** भारत स्काउट गाइड के तृतीय सोपान शिविर का दूसरा दिन शनिवार को पुलिस लाइन रोड स्थित भारत स्काउट भवन परिसर में आयोजित किया गया। इस शिविर में 300 स्काउट और गाइड ने हिस्सा लिया, जिसमें 230 गाइड और 70 स्काउट शामिल थे। इस शिविर का उद्देश्य छात्रों का शारीरिक, मानसिक, और नैतिक विकास करना है, ताकि वे राज्य पुरस्कार के लिए चयनित हो सकें। दूसरे दिन के कार्यक्रम की शुरूआत गाइड और स्काउट को बीपी सिक्स व्यायाम का प्रशिक्षण देने से हुई। इसके बाद, जिला प्रशिक्षक अमित कुमार झा, सोनू कुमार पांडेय, प्रशांत कुमार, विवेक सिंह, और श्रुति मिश्रा ने छात्रों को विभिन्न प्रशिक्षण प्रदान किए। भारतीय स्काउट एंड गाइड के राज्य संगठन आयुक्त अमोद कुमार सिंह ने बताया कि इस शिविर का मुख्य उद्देश्य छात्रों में देशभक्ति का भाव जागृत करना, उनके शारीरिक और मानसिक विकास को बढ़ावा देना, और उन्हें नैतिक शिक्षा एवं चारित्रिक विकास प्रदान करना है। इस शिविर में स्काउट मास्टर रविंद्र कुमार मेहता की भूमिका भी महत्त्वपूर्ण रही, जिन्होंने शिविर के आयोजन में अपनी अहम भूमिका निभाई।

# सांसद के प्रयास से छूटे हुए गांवों में शीघ्र बिजली आपूर्ति की व्यवस्था होगी शुरू

नवीन मेल संवाददाता

**मेदिनीनगर।** पलामू संसदीय क्षेत्र के अंतर्गत दोनों जिलों, पलामू और गढ़वा के ऐसे गांवों और टोलों में शीघ्र बिजली आपूर्ति की व्यवस्था की प्रक्रिया शुरू हो गई है, जो अब तक इससे वंचित थे। यह सकारात्मक पहल सांसद पलामू विष्णु दयाल राम के अथक प्रयासों का परिणाम है। इन छूटे हुए गांवों और टोलों का सर्वेक्षण कार्य भी प्रारंभ हो चुका है। सांसद राम ने इस मामले को लोकसभा में शून्य काल के दौरान उठाया था और तत्कालीन केंद्रीय विद्युत मंत्री आर. के. सिंह से पत्र के माध्यम से और व्यक्तिगत मुलाकात करके इस मुद्दे को प्राथमिकता से हल करने का अनुरोध किया था। वर्तमान में, गढ़वा और मेदिनीनगर शहरों के अलावा छोटे-छोटे शहरों में भी बिजली आपूर्ति की व्यवस्था की जा रही है, जिसे भारत सरकार द्वारा संचालित कार्यक्रमों के तहत पूरा किया जा रहा है। इसके साथ ही, दोनों जिलों के विभिन्न प्रखंडों और गांवों में भी बिजली आपूर्ति के कार्य तेजी से चल रहे हैं।

सांसद राम ने कहा कि वे आशान्वित हैं कि यह बिजली योजना पूरी होने पर जल्द ही इन छूटे हुए गांवों और टोलों में भी निर्बाध रूप से बिजली आपूर्ति सुनिश्चित की जाएगी। यह जानकारी सांसद के निजी सचिव अलख दुबे ने दी।



**सिविल सर्जन के आदेश पर उज्ज्वल नर्सिंग होम हुआ सील**

# प्रसव के दौरान ऑपरेशन में महिला की कटी नस, रांची जाने के क्रम में हुई मौत

नवीन मेल संवाददाता

**हुसैनाबाद।** पलामू जिले के हुसैनाबाद जेपी चौक स्थित छतरपुर रोड के उज्ज्वल नर्सिंग होम में प्रसव के दौरान किए गए ऑपरेशन में नस कटने से संध्या देवी नामक 28 वर्षीय एक महिला की मौत होने का मामला प्रकाश में आया है। मृतका छतरपुर थाना क्षेत्र के चपरदाग गांव की बताई जाती हैं। जबकि उसकी ससुराल लठेया की बताया जाता हैं। घटना के बाद शिकायत के आधार पर पलामू के सिविलसर्जन डॉ. अनिल कुमार ने मामला आने के बाद हुसैनाबाद के प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. विनेश कुमार को नर्सिंग होम से संबंधित मामले की जांच कर आवश्यक कार्रवाई करने का आदेश शनिवार को दिया गया।जब वहां डॉ. विनेश कुमार के पहुंचने के पहले ही कथित डॉ. अखिलेश पासवान एवं कर्मचारी फरार हो गए। प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी विनेश कुमार ने थाना पुलिस के साथ उज्ज्वल नर्सिंग होम पहुंच कर उसे सील कर दिया है। बताया जाता है कि महिला को दो दिन पहले उज्ज्वल नर्सिंग होम लाया गया था। उसका प्रसव के लिए ऑपरेशन किया गया था। महिला की स्थिति बिगड़ता देख नर्सिंग होम से उसे बाहर ले जाने को कहा गया। एंबुलेंस के द्वारा महिला को रांची ले जाने के क्रम में उसकी मौत हो गई।




### रेलवे सुरक्षा बल की बड़ी कार्रवाई नाबालिक बच्चों को तस्करी से मुक्त कराया

**मेदिनीनगर।** शुक्रवार को रेलवे सुरक्षा बल (आरपीएफ) ने मेदिनीनगर रेलवे स्टेशन पर नाबालिक बच्चों की तस्करी का पदार्फाश करते हुए 9 बच्चों और 3 बालिकाओं को मुक्त कराया। सूचना मिलने पर आरपीएफ की टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए बच्चों से पूछताछ की, जिसमें पता चला कि इन बच्चों को टाटा जम्मू तवी एक्सप्रेस के माध्यम से पंजाब के होशियारपुर ले जाया जा रहा था। पूछताछ में यह भी सामने आया कि बच्चों के साथ एक 17 वर्षीय नाबालिक भी था, जिसे तस्करी में संलिप्त पाया गया। इस मामले में तस्कर भी नाबालिक बच्चों के ही गांव का निवासी था और उसने बच्चों को 9000 रुपये प्रति माह वेतन का लालच देकर पंजाब ले जाने का प्रयास किया था।

# छात्रवृत्ति व पोशाक के लिए डीबीटी डेटा जमा करने का निर्देश

नवीन मेल संवाददाता

**खरौंधी।** बीआरसी के लेखपाल प्रदीप कुमार शुक्ला ने सभी विद्यालय प्रभारियों को कक्षा 9 से 12 तक के बच्चों का पोशाक और मुख्यमंत्री छात्रवृत्ति योजना के लिए डीबीटी (डायरेक्ट बेनिफिट ट्रांसफर) डेटा शीघ्र जमा करने का निर्देश दिया है, जिससे छात्रों को समय पर पोशाक और छात्रवृत्ति का लाभ मिल सके। लेखपाल ने विद्यालय प्रभारियों को निर्देश दिया है कि वह सभी पात्र छात्रों का नाम, बैंक खाता विवरण, आधार संख्या और अन्य आवश्यक जानकारी को सही तरीके से संकलित करें। उन्होंने कहा कि इसमें किसी भी प्रकार की त्रुटि होने पर छात्रों को योजनाओं का लाभ मिलने में देरी हो सकती है। सरकार की इन योजनाओं का उद्देश्य आर्थिक रूप से कमजोर छात्रों को शिक्षा में प्रोत्साहित करना और उनके शैक्षणिक खर्चों का भार कम करना है। विद्यालय प्रभारियों को निर्देश दिया गया कि वे जल्द से जल्द इस कार्य को प्राथमिकता के आधार पर पूरा करें और जिला शिक्षा कार्यालय में डेटा जमा करें इस कदम से क्षेत्र के छात्रों को सीधा लाभ मिलेगा और सरकार की योजनाओं का सही कार्यान्वयन सुनिश्चित होगा।



**अव्यवस्था**

## कर्मचारियों की अनुपस्थिति से ग्रामीण परेशान

# प्रखंड कार्यालय में ताला लटका, निराश लौटी महिलाएं




नवीन मेल संवाददाता

**मझिआंव।** प्रखंड सह अंचल कार्यालय में कर्मचारियों और पदाधिकारियों की अनुपस्थिति से ग्रामीणों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। विभिन्न गांवों से काम कराने प्रखंड कार्यलय पहुंची महिलाएं अपनी समस्याओं के समाधान के लिए कार्यालय का चक्कर लगा रही हैं, लेकिन अधिकांश समय कर्मचारी और पदाधिकारी अनुपस्थित रहते हैं।

**ग्रामीणों की शिकायतें :** दवन कारा गांव की रिंकू देवी, मोरबे पंचायत के करकट्टा गांव की मीना देवी, अखौरी तहले गांव की बेबी देवी और रेखा देवी ने बताया कि वे कई दिनों से अपने कार्यों के लिए कार्यालय आ रही हैं, लेकिन किसी अधिकारी से मुलाकात नहीं हो सकी। रिंकू देवी ने कहा, छोटे बच्चे के साथ इस ठंड में आई हूं, लेकिन यहां कोई सुनवाई नहीं हो रही है। वहीं, बीमार मीना देवी ने कहा कि उनकी हालत खराब होने के बावजूद उन्हें बिना काम कराए वापस लौटना पड़ा। कर्मचारियों की मनमानी और समय से पहले कार्यालय छोड़ने का मामला शुक्रवार और शनिवार को प्रखंड कार्यालय के कई विभागों में ताला लटका मिला। 15वें वित्त के कनिष्ठ अभियंता और प्रखंड समन्वयक कार्तिक कुमार के कार्यालय में ताला बंद रहा। सीडीपीओ कार्यालय की पर्यवेक्षिकाएं भी समय से पहले 4:10 बजे ही जाती हुई देखी गई। इसके अलावा, बीडीओ कार्यालय के प्रधान सहायक लव कुमार को 3:00 बजे ही कार्यालय छोड़ते हुए देखा गया। प्रेस कर्मियों के सवाल उठाने पर वह कुछ समय के लिए वापस आए, लेकिन 3:50 बजे फिर से चले गए।

### पदाधिकारियों की प्रतिक्रिया

अंचल पदाधिकारी सह प्रभारी बीडीओ प्रमोद कुमार ने कहा यदि कोई कर्मचारी या अधिकारी निर्धारित समय से पहले कार्यालय छोड़ता है, तो उन पर कार्रवाई की जाएगी। हालांकि, प्रखंड कार्यालय में कर्मचारियों की अनुपस्थिति और लापरवाही की शिकायतें लगातार बढ़ रही हैं।

### समय और व्यवस्था में सुधार की जरूरत

प्रखंड कार्यालय का निर्धारित समय सुबह 10:00 बजे से शाम 5:00 बजे तक है। बावजूद इसके, समय से पहले कर्मचारियों का गायब होना और विभागों में ताले लटकना प्रशासनिक उदासीनता को उजागर करता है। ग्रामीणों ने संबंधित अधिकारियों से इस समस्या का जल्द समाधान करने की मांग की है। सवाल उठता है कि आखिर प्रखंड कार्यालय में सुचारु कार्यशैली सुनिश्चित करने के लिए कौन जिम्मेदार होगा, और इस अनियमितता पर कब लगाम लगेगी ?

### पीएमश्री कंडा प्लस टू उच्च विद्यालय में छात्रों के लिए बन रहा अपार आईडीः प्राचार्य

**नावाबाजार।** प्रखंड स्थित कंडा पीएम श्री उत्क्रमित प्लस टू उच्च विद्यालय में अध्ययनरत छात्र छात्राओं का अपार आईडी रहा है। यह आईडी आधार कार्ड की तरह ही छात्र-छात्राओं के लिए बन रहा है। जो इनका राष्ट्रीय पहचान होगा। जो उन्हें जीवन भर काम आएगा। चाहे वे राज्य या राज्य से बाहर अध्ययनरत हो। उक्त जानकारी विद्यालय के प्रभारी प्राचार्य सुमित शंकर ने दी। उन्होंने बताया कि कि अपार आईडी से उन्हें ट्रैक किया जा सकता है। इसमें छात्र छात्राओं का सारा डाटा अपलोड होगा। बताया कि वन स्टूडेंट वन नेशन के तहत यह कार्ड बनाया जा रहा है। विद्यार्थी चाहे किसी भी शिक्षक संस्थान में चले जाएं। इनका डाटा आसानी से ट्रांसफर हो सकेगा। आधार कार्ड की तरह यह भी 12 अंकों का यह नंबर अभिभावक कि सहमती से मिलकर ही बनाया जा सकेगा।

## पेज एक के शेष

### सीएम से लोगों...

लेकिन मुलाकात के बाद केशव महतो कमलेश ने कहा कि सिर्फ इतना कहा कि पार्टी के घोषणा पत्र में शामिल सात गारंटियों को पूरा किया जाएगा। वहीं मंत्रिमंडल में शामिल होने वाले संभावितों पर उन्होंने कुछ नहीं कहा। माना जा रहा है कि कांग्रेस आलाकमान मंत्रियों के संबंध में अंतिम फैसला लेगी। इस बीच विश्वस्त सूत्रों ने बताया कि सरकार इस बार निगम और बोर्ड के गठन को लेकर भी सक्रिय रहेगी। गठबंधन के पास जितनी सीटें हैं उसमें कई प्रमुख नेता शामिल हैं। मंत्रिमंडल में सभी को एडजस्ट नहीं किया जा सकता ऐसे में कुछ विधायकों को बोर्ड और निगमो में समायोजित किया जाएगा। सरकार के समक्ष सबसे बड़ी चुनौती विभिन्न वर्गों को मंत्रिमंडल में समुचित प्रतिनिधित्व देना का है। इसपर मुख्यमंत्री सहित गठबंधन के सभी प्रमुख नेता चिंतन कर रहे हैं।

### भाकपा माले हेमंत...

दीपांकर भट्टाचार्य ने कहा कि बांग्लादेश सरकार से अपील है कि वहां के अल्पसंख्यक समुदाय के हक और अधिकारों की रक्षा करे। यह लोकतंत्र के लिए जरूरी है। उन्होंने कहा कि देश में 1947 में धार्मिक स्थलों की जो स्थिति थी, वही बरकरार रखा जाना चाहिए।

### राज्य सर्पदंश के...

सर्पदंश के मामलों से निपटने के लिए केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय ने भारत में 2030 तक सर्पदंश के जहर की रोकथाम और नियंत्रण के लिए राष्ट्रीय कार्य योजना भी लांच की है। इस योजना का मकसद 2030 तक सर्पदंश से होने वाली मौतों की संख्या को आधा करना है।

### अरविंद केजरीवाल पर...

उस युवक ने स्प्रिट फेंका था और उसका इरादा आग लगाने का था। लेकिन वहां मुस्तैद कार्यकताओं और सुरक्षाकर्मियों ने उसे पकड़ लिया। आप नेता मनीष सिसोदिया ने कहा, अरविंद केजरीवाल पर भाजपा के एक गुंडे ने हमला किया। कल उन्होंने दिल्ली की बिगड़ती कानून-व्यवस्था पर सवाल उठाए और आज उन पर कायराना हमला हुआ।

KASHYAP'S DENTAL CLINIC
Dr. Vaibhav Kashyap
Oral & Dental Surgeon, C.c. Endodontist & Implantologist Certified Orthodontist, MIDA
" Smiles & More"
छात्र-छात्राओं के लिए 50% की छूट
Facilities
❖ आरसीटी ❖ पायरिया का ईलाज ❖ टेढ़े-मेढ़े दाँतों का ईलाज ❖ स्माईल डिजाइन ❖ इनविजिवल क्लिप
❖ दंत रोपण ❖ फिक्स दाँत लगाना ❖ अत्याधुनिक मशीन और तकनीक के द्वारा ईलाज

CHAMBER
SKYLINE - 4006, 4th Floor, Kadru, Opp. Dr. Lal's Hospital, Ranchi
Contact No. : 9199533383, 7903835453
Time : 9 am to 2 pm & 4 pm to 8 pm
Sunday : 9 am to 2 pm
E-mail : vaibhav.kashyap2011@gmail.com


# बांग्लादेश में हिन्दुओं पर हो रहे अत्याचार तत्काल बंद हों : संघ

**चिन्मय कृष्ण दास को कारावास से मुक्त करे सरकार : दत्तात्रेय होसबाले**

**बांग्लादेश सरकार और एजेंसियां इसे रोकने की बजाय मूकदर्शक बनी हुई हैं**




एजेंसी

**नई दिल्ली।** आरएसएस ने शनिवार को बांग्लादेश में हिन्दुओं पर हो रहे अत्याचार तत्काल बंद करने और इस्कॉन संन्यासी चिन्मय कृष्ण दास की तत्काल रिहाई की मांग की है। संघ ने केंद्र सरकार से भी इस संबंध में वैश्विक अभिमत बनाने के लिए अपील की है। चिन्मय को 25 नवंबर को ढाका के हजरत शाहजलाल अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर बांग्लादेश की जासूसी शाखा ने गिरफ्तार किया था। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सरकार्यवाह दत्तात्रेय होसबाले ने एक बयान जारी कर कहा कि बांग्लादेश में हिन्दुओं तथा अन्य सभी अल्पसंख्यकों पर इस्लामिक कट्टरपंथियों द्वारा हमले, हत्या, लूट, आगजनी तथा महिलाओं पर हो रहे अमानवीय अत्याचार अत्यंत चिंताजनक हैं तथा राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ इसकी भर्त्सना करता है। मौजूदा बांग्लादेश सरकार तथा अन्य एजेंसियां इसे रोकने की बजाय केवल मूकदर्शक बनी हुई है। विवशतावश बांग्लादेश के हिन्दुओं द्वारा स्वरक्षण के लिए लोकतांत्रिक पद्धति से उठायी गई आवाज को दबाने के लिए उन्हीं पर अन्याय व अत्याचार का नया दौर उभरता दिख रहा है।

उन्होंने कहा कि ऐसे ही शांतिपूर्ण प्रदर्शनों में हिन्दुओं का नेतृत्व कर रहे इस्कॉन के संन्यासी चिन्मय कृष्ण दास को बांग्लादेश सरकार द्वारा कारावास भेजना अन्यायपूर्ण है। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ बांग्लादेश सरकार से यह आह्वान करता है कि वे यह सुनिश्चित करें कि बांग्लादेश में हिन्दुओं पर हो रहे अत्याचार तत्काल बंद हों तथा चिन्मय कृष्ण दास को कारावास से मुक्त करें। होसबाले ने कहा कि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ भारत सरकार से भी यह आह्वान करता है कि वह बांग्लादेश में हिन्दुओं तथा अन्य सभी अल्पसंख्यकों पर हो रहे अत्याचारों को रोकने के प्रयासों को हरसंभव जारी रखें तथा इसके समर्थन में वैश्विक अभिमत बनाने के लिए यथाशीघ्र आवश्यक कदम उठायें। उन्होंने कहा कि इस महत्वपूर्ण समय में भारत तथा वैश्विक समुदायों एवं संस्थाओं को बांग्लादेश के पीड़ितों के साथ खड़े होकर अपना समर्थन प्रकट करना चाहिए तथा अपनी-अपनी सरकारों से इसके लिए हरसंभव प्रयासों की मांग करना विश्व शांति एवं भाईचारे के लिए आवश्यक है।

## बांग्लादेश: चटगांव में भीड़ ने 3 मंदिरों पर किया हमला

**ढाका।** बांग्लादेश में हिंदू मंदिरों को एक बार फिर निशाना बनाया गया है। चटगांव में चल रहे विरोध प्रदर्शन और हिंसा के बीच नारे लगाती भीड़ ने तीन हिंदू मंदिरों में तोड़फोड़ की है। यह हमला शुक्रवार को दोपहर करीब 2.30 बजे हरीश चंद्र मुनसेफ लेन इलाके में हुआ। उपद्रवियों ने संतनेश्वर मातृ मंदिर, शोनी मंदिर और शांतनेश्वरी कालीबाड़ी मंदिर को निशाना बनाया। बांग्लादेश की कार्यवाहक सरकार पर अल्पसंख्यकों और उनके धार्मिक स्थलों की सुरक्षा कर पाने में नाकाम रहने के आरोप लगते रहे हैं। शुक्रवार की सैकड़ों लोगों का एक समूह मंदिरों पर टूट पड़ा, ईंट-पत्थर फेंकने लगा, शोनी मंदिर और अन्य दो मंदिरों के द्वारों को नुकसान पहुंचाया गया। मंदिर के अधिकारियों ने नुकसान की पुष्टि की इसमें टूटे हुए द्वार और अन्य नुकसान शामिल है। कोतवाली पुलिस स्टेशन के प्रमुख अब्दुल करीम ने हमले की पुष्टि की। संतानेश्वर मातृ मंदिर प्रबंधन समिति के स्थायी सदस्य तपन दास ने कहा कि हमलावर हिंदू विरोधी और इस्कॉन विरोधी नारेबाजी कर रहे थे। हमले के दौरान मंदिर के अधिकारियों ने हमलावरों से कोई बातचीत नहीं की, बल्कि स्थिति बिगड़ता देख सेना को बुलाया। सेना ने तुरंत एक्शन लिया और व्यवस्था बहाल करने में मदद की।



## कोलकाता का **जेएन राय अस्पताल** बांग्लादेशी मरीजों का इलाज नहीं करेगा

**कोलकाता।** कोलकाता के मणिकतला क्षेत्र स्थित जेएन राय अस्पताल ने बांग्लादेशी मरीजों का इलाज न करने का फैसला किया है। यह निर्णय बांग्लादेश में अल्पसंख्यक हिंदुओं पर हो रहे अत्याचार और भारतीय ध्वज के अपमान के विरोध में लिया गया है। अस्पताल के एक अधिकारी सुभ्रांशु भक्त ने शनिवार को यह जानकारी दी। सुभ्रांशु भक्त ने बताया, हमने एक नोटिफिकेशन जारी किया है कि आज से अनिश्चितकाल के लिए बांग्लादेशी मरीजों को इलाज के लिए भर्ती नहीं किया जाएगा। यह फैसला भारत के तिरंगे का अपमान और बांग्लादेश में हिंदुओं के साथ हो रहे दुर्व्यवहार के विरोध में लिया गया है। उन्होंने अन्य अस्पतालों से भी इस कदम का समर्थन करने की अपील की।

## रोम अल्पसंख्यकों के सम्मान का पक्षधर



**मुंबई।** भारत में इतालवी राजदूत एंटोनियो बाटोर्ली ने शनिवार को बांग्लादेश में घट रही घटनाओं पर अपनी प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि रोम हमेशा सभी अल्पसंख्यकों के लिए सम्मान का पक्षधर रहा है। इतालवी राजनयिक की टिप्पणी ऐसे समय में आई है जब भारत, मुख्य सलाहकार मुहम्मद यूनुस के नेतृत्व वाली अंतरिम बांग्लादेश सरकार से हिंदुओं और सभी अल्पसंख्यकों की सुरक्षा सुनिश्चित करने की अपील कर रहा है। बाटोर्ली ने कहा हम हमेशा से इस क्षेत्र की स्थिरता के लिए काम करते रहे हैं, इसलिए, निश्चित रूप से, हम उम्मीद करते हैं कि इसका समाधान हो जाएगा।

## कांग्रेस ने महाराष्ट्र चुनाव के डेटा पर उठाए थे सवाल, चुनाव आयोग ने बैठक के लिए बुलाया

ब्यूरो

**नई दिल्ली।** कांग्रेस ने महाराष्ट्र विधानसभा चुनावों में डेटा से विसंगतियों को लेकर चुनाव आयोग से जवाब माँगा था। जिसके बाद चुनाव आयोग ने कांग्रेस के प्रतिनिधिमंडल को सोमवार को बैठक के लिए बुलाया है। चुनाव आयोग ने कांग्रेस की सभी जायज चिंताओं की समीक्षा करने और उनकी बात सुनने के बाद लिखित जवाब देने का आश्वासन दिया है। इसके अलावा मतदाता सूची अपडेशन की प्रक्रिया में राजनीतिक दलों की भागीदारी और पारदर्शिता पर भी जोर दिया है। कांग्रेस ने महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव में डेटा पर सवाल उठाते हुए शुक्रवार को चुनाव आयोग का रुख किया और इस पर विस्तृत जवाब की मांग की। पार्टी ने एक ज्ञापन के माध्यम से यह आग्रह भी किया था कि आयोग उसके नेताओं को मिलने का अवसर दे ताकि वह इन विसंगतियों और इस विधानसभा चुनाव से संबंधित कुछ अन्य मुद्दों को उठा सके। आयोग को भेजे ज्ञापन में कांग्रेस ने कहा, ''हम आपको कुछ गंभीर विसंगतियों से अवगत कराने के लिए लिख रहे हैं, जो हाल ही में संपन्न महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव के लिए मतदान और मतगणना प्रक्रियाओं से संबंधित आंकड़ों में सामने आ रही हैं।'' इस पर चुनाव आयोग ने कहा कि मतदान के डेटा में कोई गड़बड़ी नहीं है। ये डेटा सभी उम्मीदवारों के पास मतदान केंद्र के हिसाब से उपलब्ध हैं और उनकी जांच की जा सकती है। शाम 5 बजे के मतदान के डेटा और अंतिम मतदान के डेटा में अंतर प्रक्रियात्मक प्राथमिकताओं के कारण होता है। मतदान समाप्त होने से पहले पीठासीन अधिकारियों को कई कानूनी कर्तव्य निभाने होते हैं। इसके बाद ही वे मतदान के आंकड़े अपडेट करते हैं। 2024 के आम चुनावों के दौरान चुनाव आयोग ने रात लगभग पौने 12 बजे एक विज्ञप्ति जारी किया था। यह अतिरिक्त जानकारी देने का एक उपाय था। उसके बाद से सभी विधानसभा चुनावों में ऐसा ही किया गया है।

## रासायनिक हथियार संधि के उल्लंघन के आरोप से ईरान ने किया इनकार

**तेहरान।** न्यूयॉर्क स्थित संयुक्त राष्ट्र संघ में ईरान के स्थायी मिशन ने रासायनिक हथियार संधि (सीडब्ल्यूसी) के उल्लंघन के आरोपों को खारिज कर दिया। यह जानकारी आधिकारिक समाचार एजेंसी इरना ने दी। अमेरिकी राष्ट्रीय सुरक्षा पर नीति अनुसंधान करने वाली संस्था इंस्टीट्यूट फॉर द स्टडी ऑफ वॉर ने आरोप लगाया है कि ईरान मिलिट्री उपयोग के लिए फार्मास्यूटिकल-आधारित रासायनिक एजेंट्स का उत्पादन और वितरण करने पर ध्यान केंद्रित कर रहा था। यह दावा अमेरिकी संस्था इंस्टीट्यूट फॉर साइंस एंड इंटरनेशनल सिक्योरिटी की 26 नवंबर की रिपोर्ट के आधार पर किया गया है। इस आरोप के जवाब में, ईरानी राजनयिक मिशन ने गुरुवार को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा कि ईरान सीडब्ल्यूसी का एक जिम्मेदार हस्ताक्षरकर्ता है, जो रासायनिक हथियारों के विकास, उत्पादन और भंडारण को सख्ती से प्रतिबंधित करता है।

## स्पेस एक्टिविटी में प्राइवेट सेक्टर और स्टार्टअप की अहम भूमिका : इसरो अध्यक्ष

एजेंसी

**तिरुवनंतपुरम।** इसरो के अध्यक्ष डॉ. एस. सोमनाथ ने हाल ही में भारत की स्पेस एक्टिविटी को लेकर प्राइवेट सेक्टर और स्टार्टअप की बढ़ती महत्ता पर प्रकाश डाला। डॉ. एस. सोमनाथ ने अपने एक संबोधन के दौरान कहा कि भारत अपनी स्पेस एक्टिविटी को बढ़ावा देकर वैश्विक बाजार में अधिक हिस्सेदारी हासिल करना चाहता है, जिसमें प्राइवेट सेक्टर और स्टार्टअप की अहम भूमिका है। उन्होंने कहा कि इसरो ने सैकड़ों अलग-अलग सेक्टर की पहचान की है, जिन्हें स्पेस मिशनों के लिए किए गए रिसर्च से फायदा होगा और कुछ चुनिंदा उद्योगों के साथ टेक्नोलॉजी ट्रांसफर करने के लिए बातचीत शुरू हो चुकी है। डॉ. सोमनाथ केरल स्टार्टअप मिशन द्वारा आयोजित देश के प्रमुख स्टार्टअप फेस्टिवल हडल ग्लोबल 2024 में इसरो के विजन और भारत की अंतरिक्ष प्रौद्योगिकी कंपनियों के उदय पर बोल रहे थे। डॉ. सोमनाथ ने कहा, एक स्वीकृत अंतरिक्ष शक्ति होने के बावजूद, वैश्विक कारोबार में भारत की हिस्सेदारी 386 बिलियन अमेरिकी डॉलर यानी सिर्फ दो प्रतिशत है।



**2023**
स्पेस स्टार्टअप ने 1,000 करोड़ रुपये के निवेश को आकर्षित किया

**450**
से ज्यादा एमएसएमई और 50 से ज्यादा बड़ी कंपनियां स्पेस में

भारत की योजना इसे 2030 तक 500 बिलियन अमेरिकी डॉलर और 2047 तक 1.5 ट्रिलियन अमेरिकी डॉलर तक बढ़ाने की है। प्राइवेट सेक्टर के लिए बिजनेस एक्टिविटी को लेकर उन्होंने कहा कि भारत के पास केवल 15 ऑपरेशनल स्पेस सैटेलाइट हैं, जो कि बेहद कम हैं। स्पेस टेक्नोलॉजी में देश की विशेषज्ञता और सैटेलाइट मैन्युफैक्चरिंग कंपनियों की बढ़ती संख्या को देखते हुए, भारत के पास कम से कम 500 सैटेलाइट रखने की क्षमता है।

उन्होंने कहा, अब बाजारों में कई प्राइवेट प्लेयर उभर रहे हैं, जिनके पास सैटेलाइट का निर्माण करने और उन्हें ऑर्बिट में स्थापित करने की क्षमता है और यहां तक कि निजी लॉन्च पैड भी बन रहे हैं। 2014 में जहां स्पेस से जुड़ा केवल एक स्टार्टअप था, वहीं 2024 तक यह संख्या बढ़कर 250 से ज्यादा हो जाएगी। अकेले 2023 में, स्पेस स्टार्टअप ने 1,000 करोड़ रुपये के निवेश को आकर्षित किया। 450 से ज्यादा एमएसएमई और 50 से ज्यादा बड़ी कंपनियां अब स्पेस सेक्टर में सक्रिय रूप से योगदान दे रही हैं। भारत के मानव अंतरिक्ष उड़ान कार्यक्रम गगनयान और भारतीय अंतरिक्ष स्टेशन जैसी भविष्य की परियोजनाएं भी इसरो और प्राइवेट सेक्टर के बीच सहयोग को बढ़ावा देंगी।

## चीन की यात्रा पर जाएंगे नेपाली प्रधानमंत्री ओली

**बीजिंग।** चीनी विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता ने 29 नवंबर को एक समाचार ब्रीफिंग के दौरान घोषणा की कि नेपाली प्रधानमंत्री केपी शर्मा ओली चीनी प्रधानमंत्री ली छ्यांग के निमंत्रण पर 2 से 5 दिसंबर तक चीन की यात्रा पर आएंगे। यात्रा के दौरान, चीनी राष्ट्रपति शी चिनफिंग प्रधानमंत्री ओली से मुलाकात करेंगे। इसके अतिरिक्त, चीनी प्रधानमंत्री ली छ्यांग और नेशनल पीपुल्स कांग्रेस की स्थायी समिति के अध्यक्ष चाओ लेची उनके साथ अलग-अलग वार्ता करेंगे। प्रवक्ता ने इस बात पर प्रकाश डाला कि प्रधानमंत्री ओली ने अपने कार्यकाल के दौरान पहले भी दो बार चीन की यात्रा की है और उन्होंने चीन-नेपाल संबंधों के विकास में महत्वपूर्ण योगदान दिया है।

## कोरोना डोज के बाद मस्तिष्क से निकलने वाले कैटेकोलामाइन हार्मोन के साथ ऑक्सिडेटिव स्ट्रेस के कारण तेजी से बढ़े हैं अचानक दिल के दौरे

आरपी सिंह

**नई दिल्ली।** एम्स में आयोजित अंतरराष्ट्रीय फार्माकोलॉजी सम्मेलन व भारतीय फार्माकोलॉजी सोसायटी के 54 वें वार्षिक सम्मेलन में जुटे विशेषज्ञों का कहना है कि कोरोना महामारी के बाद तेजी से बढ़े अचानक दिल के दौरा पड़ने के कारणों का पता चल गया है ।विशेषज्ञों का दावा है कि ऐसे मामलों के बढ़ने के पीछे मस्तिष्क से निकलने वाले कैटेकोलामाइन हार्मोन के साथ ऑक्सिडेटिव स्ट्रेस है। शरीर में एन प्रोटीन रक्षात्मक कार्य करता है। इन्हें एसी 2 रेगुलेट करता है। जब शरीर में ऑक्सिडेटिव स्ट्रेस बढ़ता है, तो दिल के धड़कन की गति तेज हो जाती हैं। इसे नियंत्रित करने के लिए मस्तिष्क से कैटेकोलामाइन हार्मोन रिलीज होते हैं। इसका कारण दिल को नियंत्रित करना होता है, लेकिन जरूरत से ज्यादा रिलीज होने के कारण यह दिल की पंपिंग को बंद कर देता है जिससे मरीज की मौत तक हो जाती है। कोविड के बाद ऐसे मामले बढ़े, लेकिन 80 प्रतिशत इससे अछूते रहे। 20 प्रतिशत मरीज गंभीर हुए। 5 प्रतिशत में स्थिति ज्यादा खराब हुई। एम्स में आयोजित फार्माकोलॉजी कांफ्रेंस में कनाडा से आए भारतीय मूल के दिल के विशेषज्ञ डॉ. एन एस ढल्ला ने कहा कि 80 प्रतिशत कैंसर के मरीजों के मौत के पीछे दिल की बीमारी कारण होती है। कीमोथेरेपी की दवा के साइड इफेक्ट्स से दिल का रोग बढ़ता है।

चिकित्सकों ने कहा कि दवाओं के विकास की दिशा में तेजी से काम हो रहा है। एक समय बोटॉक्स जैसी दवाओं को इंजेक्शन देने की जरूरत होती थी। अब वहीं फायदा क्रीम से भी होने लगा है। इसे शरीर पर लगाने से ही फायदा मिलेगा। एम्स में फार्माकोलॉजी विभाग के प्रमुख प्रो डीएस आर्य का कहना है कि ये दवाएं कैंसर कोशिकाओं पर विशिष्ट प्रोटीन को पहचानती हैं और उन्हीं पर हमला करती हैं। इससे शरीर की अन्य स्वस्थ कोशिकाओं को कम नुकसान पहुंचता है ।देश में रोगों की दवाओं के लिए अभी विदेशों पर निर्भर होना पड़ता है। यदि युवा के साथ वैज्ञानिक इस दिशा में काम करें तो कई दवाओं का विकास हो सकता है। चिकित्सकों का कहना है कि देश में दवाओं के विकास की अपार संभावनाएं हैं। देश में जड़ी बूटी का खजाना है। इनकी मदद से भविष्य में कई रोगों का इलाज किया जाएगा। लेकिन कई विशेषज्ञों ने कहा कि यह सब करने के लिए अपने विषय में पारंगत चिकित्सकों, शोष व दवा निर्माण के लिए भरपूर संसाधन व राजनीति विहित माहौल होना बहुत ज़रूरी है।

## ट्रंप की 'टैरिफ धमकी' से कनाडा परेशान



एजेसी

**ओटावा।** कनाडा के प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो ने कहा कि टैरिफ पर नव निर्वाचित अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की धमकियों को गंभीरता से लिया जाना चाहिए। प्रिंस एडवर्ड द्वीप की यात्रा के दौरान ट्रूडो ने कहा, एक बात जो समझना बहुत जरूरी है, वह यह कि डोनाल्ड ट्रंप जब इस तरह के बयान देते हैं, तो वह उन्हें लागू करने की योजना भी बनाते हैं। इसमें कोई संदेह नहीं है। वास्तव में वह न केवल कनाडाई लोगों को नुकसान पहुंचाएंगे, बल्कि यूएस नागरिकों के लिए भी कीमतें बढ़ाएंगे और अमेरिकी उद्योग और व्यवसायों को नुकसान पहुंचाएंगे। रिपोर्ट के अनुसार, प्रधानमंत्री ने कहा कि कनाडा, ट्रंप के साथ काम करने के लिए वही दृष्टिकोण अपना सकता है जैसा उसने राष्ट्रपति के रूप में उनके पहले कार्यकाल के दौरान अपनाया था।

## इजरायल के साथ युद्ध में हासिल की हमने बड़ी जीत : नईम कासिम

एजेंसी

**बेरूत।** हिजबुल्लाह लीडर नईम कासिम ने ऐलान किया कि संगठन ने इजरायल की कोशिशों को नाकाम कर दिया। उन्होंने कहा कि यहूदी राष्ट्र हिजबुल्लाह को कमजोर करके प्रतिरोध को कमजोर करना चाहता था। बुधवार की सुबह इजरायल के साथ युद्ध विराम लागू होने के बाद कासिम ने अपने पहले टेलीविजन भाषण में कहा, हम जीत गए, क्योंकि हमने दुश्मन को हिजबुल्लाह और प्रतिरोध को खत्म करने से रोक दिया। कासिम ने स्वीकार किया कि इजरायल के शुरूआती हमलों ने हिजबुल्लाह के भीतर लगभग दस दिनों के लिए भ्रम की स्थिति पैदा कर दी थी।

हालांकि, उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि समूह ने जल्द फिर से संगठित होकर अपनी ताकत हासिल कर ली। संगठन ने अपने कमांड और कंट्रोल सिस्टम को दोबारा स्थापित किया। इसके बाद अंततः इजराइल पर हमले शुरू किए। कासिम ने इस नतीजे को इजरायली दुश्मन पर एक प्रमुख जीत बताया, जो जुलाई 2006 के युद्ध की जीत से भी बड़ी है। संघर्ष विराम समझौते पर, कासिम ने स्पष्ट किया, यह एक संधि या समझौता नहीं है, बल्कि संयुक्त राष्ट्र के प्रस्ताव 1701 को लागू करने के लिए एक रूपरेखा है। अपने बयान में कासिम ने फिलिस्तीन के लिए हिजबुल्लाह के अटूट समर्थन की पुष्टि भी की। ज्ञात हो कि इजरायल कैबिनेट ने मंगलवार रात को लेबनान के साथ एक संघर्ष विराम के समझौते को मंजूरी दी थी। इससे गाजा पट्टी में लगभग 14 महीने के संघर्ष के समाप्त होने की भी उम्मीदें जगी हैं।



▸ **कासिम ने इस नतीजे को इजरायली दुश्मन पर एक प्रमुख जीत बताया, जो जुलाई 2006 के युद्ध की जीत से भी बड़ी है।**

## प. प्रशांत क्षेत्र में एचआईवी संक्रमण व एड्स से मरने वालों का आंकड़ा बढ़ा

एजेंसी । मनीला

विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) ने शुक्रवार को कहा कि पश्चिमी प्रशांत क्षेत्र में एचआईवी संक्रमण और एड्स संबंधित मौतों का आंकड़ा बढ़ रहा है। संगठन के मुताबिक इससे महामारी के खिलाफ वर्षों से जारी लड़ाई को झटका लगा है। मनीला में डब्ल्यूएचओ के क्षेत्रीय कार्यालय के अनुसार, 2019 से नए एचआईवी संक्रमणों में आठ प्रतिशत और एड्स से संबंधित मौतों में 10 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। इससे स्पष्ट होता है कि एक बड़ी आबादी के लिए संक्रमण की रोकथाम, परीक्षण, उपचार और देखभाल को लेकर जरूरी कदम नहीं उठाए जा रहे हैं। जबकि क्षेत्र में एचआईवी पीड़ित 76 प्रतिशत लोगों के पास जीवन रक्षक एंटीरेट्रोवायरल थेरेपी तक पहुंच है। संयुक्त राष्ट्र स्वास्थ्य एजेंसी ने अपने मीडिया विज्ञप्ति में कहा, विशेषज्ञ इस बात से सहमत हैं कि ये परेशान करने वाले रुझान दिखाते हैं कि एचआईवी के प्रसार को रोकने और इससे संबंधित मौतों को रोकने के लिए बहुत कुछ करने की आवश्यकता है।

**2019** से नए एचआईवी संक्रमणों में आठ प्रतिशत और एड्स से संबंधित मौतों में 10 प्रतिशत की वृद्धि हुई



### इस क्षेत्र में हर घंटे 16 लोग संक्रमित होते हैं व 6 लोग मरते हैं

डब्ल्यूएचओ ने कहा कि पश्चिमी प्रशांत क्षेत्र में चुनौतियां ज्यादा हैं, जहां 2023 में ही 2.3 मिलियन लोग एचआईवी से पीड़ित हुए, तो 140,000 संक्रमण के नए मामले सामने आए वहीं इससे 53,000 मौतें भी हुईं। इसमें कहा गया है, पश्चिमी प्रशांत क्षेत्र में हर घंटे 16 लोग संक्रमित होते हैं और छह लोग एचआईवी संबंधित कारणों से मरते हैं। पश्चिमी प्रशांत के लिए डब्ल्यूएचओ क्षेत्रीय निदेशक सिया माउ पियुकाला ने कहा, पश्चिमी प्रशांत क्षेत्र में बढ़ता एचआईवी संक्रमण और इससे होने वाली मौत एक चेतावनी है। हमें उन बाधाओं को तत्काल दूर करना होगा जो लोगों, विशेष रूप से प्रमुख आबादी और उनके भागीदारों को रोकथाम, उपचार और देखभाल तक पहुंचने से रोकती हैं।